
पंडित राकेश शास्त्री

# स्वप्न संहिता



आपके सपनों का विश्लेषण

स्वप्नों का अपना एक संसार होता है। सतत सक्रिय हमारा अन्तर्मन इनके द्वारा भविष्य की ओर इंगित करता है। स्वप्नों को मिथ्या करने का साहस किसी में नहीं है, क्योंकि अधिकांश सत्य ही प्रमाणित होते हैं। स्वप्नों का कुछ संकेतात्मक अर्थ होता है। हमारे प्राचीन काल के योगियों, तपस्वियों, ऋषि-मुनियों के द्वारा इनका व्यापक अनुसंधान किया गया है। इन सबका संकलन पाठकों की सुविधा के लिए अकारादि क्रम से प्रस्तुत है।

स्वप्नों के संकेतों को समझकर आप हानि, विपत्ति से अपनी रक्षा कर सकें, अधिकाधिक लाभ उठा सकें, इस प्रकाशन का यही उद्देश्य है।

सुप्रसिद्ध अन्वेषक

पत्रकार

## गोविन्द सिंह

की

एक और खोजपूर्ण कृति

# मरने के बाद की दुनिया

एक सनसनीखेज प्रकाशन

# स्वप्न संहिता

स्वप्नों का शास्त्रीय विवेचन

प्रस्तुति

**राकेश शास्त्री**

साधना पॉकेट बुक्स

**प्रकाशक**

साधना पॉकेट बुक्स
३९ यू०ए० बैंग्लो रोड
दिल्ली - ११० ००७
दूरभाष : २९१४१६१ और २५१६७१५

संस्करण १९९३

मूल्य–१५ /-रुपया मात्र

**मुद्रक**

**जे एस आफसेट प्रिन्टर्स**
**एच-33A जगत पुरी दिल्ली-110051**

**लेज़र कम्पोज़िंग**

जयश्री प्रिन्टोग्राफ, ३४१/१डी, शालीमार पार्क एक्स.
गली नं० ६, दिल्ली - ३२

# स्वप्न क्या है?

संसार में ऐसा कोई मनुष्य नहीं है, जो स्वप्न न देखता हो। यह बात अलग है कि निद्रा टूटनें पर कुछ स्वप्न याद ही नहीं रहते हैं और कुछ की स्मृति निद्रा टूटने के बाद भी बनी रहती है।

निद्रा एक ऐसी अवस्था है, जिसमें शरीर की समस्त क्रियाएं स्थगित हो जाती हैं। योगशास्त्र के अनुसार 'शवासन की यह सर्वोत्तम स्थिति' है। मनुष्य की बाह्य क्रियाएं तो स्थगित हो जाती हैं, पर मस्तिष्क एक क्षण के लिए भी नहीं रुकता है। जाग्रतावस्था में हम स्वयं इसका अनुभव कर सकते हैं। भले ही हम मौन बैठे हों, चल फिर रहे हों, यात्रा कर रहे हों, हमारा मस्तिष्क कुछ न कुछ करता-सोचता ही रहता है। निद्रावस्था में इन्द्रियों के शिथिल पड़ जाने पर मस्तिष्क के विचार सजीव-साकार होने लगते हैं। चलचित्र की भांति हम उनको देखते हैं। यही स्वप्न हैं।

शरीर शास्त्रियों के अनुसार हमारा मस्तिष्क केवल एक है। इसकी संरचना अत्यन्त जटिल मानी गयी है। मनोवैज्ञानिक मन-मस्तिष्क के दो रूप मानते हैं। एक चेतन और दूसरा अचेतन। जाग्रतावस्था में हमारा चेतन मन सक्रिय रहता है। सुप्तावस्था में हमारा अचेतन मन सक्रिय हो जाता है। स्वप्न हमारे अचेतन मन के क्रिया कलाप ही हैं।

यह क्रिया कलाप बड़े ही रहस्यमय होते हैं, पर जब भविष्य की सूचना देने लगे, तो मानव का चौंकना स्वाभाविक था। स्वप्न किसी रहस्यमयी शक्ति के अस्तित्व को प्रमाणित करते हैं। कोई न कोई रहस्यमयी शक्ति अवश्य है, जो स्वप्नों के माध्यम से भविष्य की सूचना देते हैं। प्राय: ऐसे उदाहरण पाये जाते हैं कि अमुक व्यक्ति ने

स्वप्न में अपने किसी परिजन या परिचित को भैंसे पर बैठकर जाते देखा, तेल लगाये देखा और अगले दिन उसकी मृत्यु की सूचना आ गयी। इसी तरह और भी स्वप्नों का अलग अलग फल सामने आता है। इस प्रकार यह प्रमाणित है कि कुछ स्वप्न भविष्य का संकेत देते हैं, पर यह कहना कठिन है कि कौन सा, किस समय का स्वप्न भविष्य सूचक है?

स्वप्नों के इसी परिणाम के कारण प्राचीन काल से ही इनका अध्ययन मनन किया गया। पक्षीशास्त्र और शकुन शास्त्र की भांति स्वप्न भी शास्त्र में आ गये। हमारे देश के अनेक प्राचीन तपस्वियों, मुनियों, चिंतकों और ऋषियों ने इस संबंध में अनुसंधान किये और अपने अपने मत दिये।

स्वप्नों का वर्णन अनेक धार्मिक ग्रंथों में मिलता है। श्रीराम, श्रीकृष्ण, बुद्ध महावीर आदि की माताओं ने जन्म से पूर्व स्वप्न देखे और इस प्रकार भगवान और महापुरुषों के जन्म का भविष्य संकेत दिया। स्पष्ट है कि स्वप्न संबंधी मान्यताएं अत्यन्त प्राचीन काल से चली आ रही हैं।

स्वप्नों का विश्लेषण हमें अपने प्राचीन ग्रंथों में भी मिलता है।

अथो इवल्वाहुर्जागरिव देश एवास्यैष इति यानि
ह्येव जाग्रत पश्यति तानि सुप्तः। (बृ० ४/३/१४)

'अब यही इसका जाग्रत के देश के समान देश है, ऐसा वह कहते हैं, क्योंकि जाग्रत में जीव जो पदार्थ देखता है, वही स्वप्न में देखता है।

श्रीमत् शंकराचार्य ने 'ब्रह्मसूत्र' के भाष्य में स्वप्नों पर अपनी टिप्पणी इस प्रकार दी है –

मायामात्रं तु कार्त्स्न्येनानभिव्यक्त स्वरूपत्वात्
(ब्रह्सूत्र, अध्याय ३ पाद २ सूत्र ३)

'तु' परन्तु (स्वप्न) 'मायामात्रम्' केवल माया यानि भ्रांति है, क्योंकि 'कार्त्स्न्येन' उसकी सम्पूर्ण रूप से 'अनभिव्यक्त स्वरूपत्वात्' अभिव्यक्ति नहीं होती।

'तु' (परन्तु) शब्द पक्षान्तर को सूचन करता है। जो पूर्वपक्ष में कहा था कि संधि में यानी स्वप्न में सृष्टि परमार्थिक है। स्वप्न में भी सृष्टि मिथ्या ही है, वहां परमार्थ का गंध भी नहीं है क्योंकि पदार्थ के स्वरूप की वहां पूर्ण रूप से अभिव्यक्ति नहीं होती। यहां पर संपूर्ण कहने से अभिप्राण (पदार्थों) के देश, काल और निमित्त की प्राप्ति तथा उसके बाध का अभाव स्वप्न में संभव नहीं है। प्रथम न तो स्वप्न में रथादि के लिए देश ही संभव है और न छोटे से देह में रथादि को अवकाश मिलना ही संभव है।

यदि कोई कहे कि 'स्वप्न में जीव देह के बाहर देखता है, (ऐसा मानना चाहिए) क्योंकि अन्य देश मे हो रही वस्तुओं का भी स्वप्न में ग्रहण होता है। श्रुति भी देह के बाहर स्वप्न होता है, ऐसा प्रतिपादन करती है; जैसे **बहिष्कुलायादमृतश्चरित्वा स ईयतेऽमृतो यत्र कामम्** (बृ० ४/३/१२) अमृतरूप आत्मा देह के बाहर घूम फिर कर वह अमृत रूप चाहे जहां जाता है। यहां पर यदि जीव देह के बाहर नहीं निकलेगा, तो उसकी भिन्न स्थिति, भिन्न स्थान के प्रति गमन और भिन्न प्रकार का अनुभव, यह सब युक्त नहीं होंगे।

इस पर उत्तर देते हैं कि यह ठीक नहीं है। क्षण भर मे ही सैंकड़ों योजन दूर देश में जाना तथा लौट आना यह सामर्थ्य सोए हुए प्राणी में होना संभव नहीं है। जैसे ही, कभी तो ऐसा स्वप्न होता है, जिसमें कि लौटने का भाव ही नहीं होता। जैसे कोई अपना स्वप्न सुनाते है कि 'मैं अभी कुरुदेश में सोया था। सोने पर स्वप्न में मैं पांचाल देश गया और वहां जाने पर जाग गया' यदि देह से निकलकर पांचाल देश में गया होता तो वह वहां गया ऐसा मानते हुए भी फिर कुरु देश

में ही जागृत न होता। जिस देश से वह अन्य देश को गया था, ऐसा वह मानता है। उस देह के पास रहने वाले उसे शयन के देश ही पाते हैं। दूसरे, यह जैसे अन्य देश में स्वप्न में देखता है, वैसे वे होते भी नहीं। यदि वह दौड़कर जाता और देखता तो उसको वह जैसा था, वैसा ही जानने में था। अतिरिक्त इसके '**स यत्रैतस्वप्न्य याचरति** (जब वह स्वप्न में घूमता है) इस प्रकार आरंभ कर '**स्व शरीरे यथा कामं परिवर्तते**' (बृ० २/१/१८) (वह अपने शरीर में चाहे जैसा घूमता है) इस प्रकार श्रुत भी शरीर के भीतर ही स्वप्न होता है, ऐसा कहती है। इसलिए श्रुति संगति में विरोध प्राप्त होने से शरीर के बाहर स्वप्न होता है। ऐसा कहने वाली श्रुति को गौण मानकर 'देह के बाहर हो' इस प्रकार ऐसी उसकी व्याख्या करनी चाहिए। जो शरीर में रहते हुए कुछ भी कार्य नहीं करता, वह शरीर के बाहर होने के समान है तथा वैसा होने से उसकी (भिन्न प्रकार की) स्थिति, गमन और अनुभव भी सब मिथ्या ही है, ऐसा जानना चाहिए। स्वप्न में काल का भी विरोध होता है। रात का सोया भारतवर्ष में उस समय दिन है, ऐसा मानता है। मुहूर्त्त भर के स्वप्न में अनेक वर्ष बिताता है। स्वप्न तथा क्रिया के लिए आवश्यक इन्द्रियां भी विद्यमान नहीं होतीं। इन्द्रियां जीव ने अपने भीतर खींच ली हुई होने से वहां पर रथादि का ग्रहण करने के लिए चक्षु आदि इन्द्रियां वर्तमान नहीं होतीं। वैसे ही रथादि निर्माण करने के लिए इसके पास क्षणभर में इतना सामर्थ्य तथा काष्ठ आदि कहां से आये ? ये स्वप्न में देखे हुए रथादि का जागने पर बोध हो जाता है। इतना ही नहीं, स्वप्न में भी इनका सहज में बोध हो सकता है।......

**सूचकश्च हि श्रुतेशन्वक्षते च तद्विद्ः** ॥८॥

**च** और (स्वप्न नितांत मिथ्या नहीं होता) **हि** क्योंकि

**सूचकः** वह (अच्छे बुरे का) सूचक होता है। **श्रुतेः** ऐसा श्रुति से (जाना जाता है) **च** और **तद्विदः** स्वप्नशास्त्र के वेत्तालोग **भी आचक्षते** (वैसा ही) कहते हैं। यदि कहो कि 'केवल मिथ्या रूप होने से स्वप्न में सत्यता का गंध भी नहीं हो तो यह ठीक नहीं है। आगे होने वाले शुभ और अशुभ का स्वप्न सूचक होता है। श्रुति ऐसा कहती है। **यदा कर्मसु काम्येषु स्त्रियं स्वप्रेणु वश्यति। समृद्धि तत्र जानी यतास्यिन्स्वप्न निर्दर्शने।। (छा० ५/२/९)** (काम्य कर्म करते हुए यदि स्वप्न में कोई स्त्री देखे तो ऐसे स्वप्न के आने से उसका कार्य सिद्ध होगा, ऐसा जानना चाहिए) वैसे ही आगे '**पुरुष कृष्णाणं कृष्ण दन्तं पश्यति स एवं हन्ति** कृष्ण वर्ण का काले दांत वाला पुरुष दिखाई दे तो वह उसका घातक होता है इत्यादि स्वप्नों से शीघ्र मृत्यु का ज्ञान होता है, ऐसा श्रुति कहती है। स्वप्न शास्त्र जानने वाले कहते हैं कि स्वप्न में हाथी पर बैठना आदि शुभसूचक हैं और गधे पर बैठना आदि शुभाशुभ सूचक हैं।

हमारे प्राचीन शास्त्रों में भी इस प्रकार स्वप्नों का विवरण दिया गया है। मनौवैज्ञानिक भी स्वप्नों का महत्व स्वीकार करते हैं। हमारा अन्तर्मन अवश्य ही कुछ न कुछ अतीन्द्रिय शक्ति का धनी है। वैज्ञानिकों के पास आज भले ही भूकम्प आगमन के पूर्वलक्षण ग्रहण कर पाने की शक्ति न हो, पशु पक्षियों, जीव जंतु को इसका पूर्वाभास हो जाता है। यह एक निर्विवादित परिणाम है कि प्रत्येक घटित होने वाले कार्य के कुछ न कुछ पूर्व संकेत अवश्य होते हैं। इन्हीं पूर्व संकेतों को यदाकदा हमारी अतीन्द्रिय शक्ति ग्रहण कर लिया करती है जो स्वप्न के माध्यम से हमारे सामने आ जाती है। यह प्रक्रिया हमेशा गूढ़ रहती है।

वैज्ञानिक ने स्वप्नों पर काफी शोध की है। अधिकांश स्वप्न सत्य रूप में सामने आये हैं। इस कारण ज्योतिष और तंत्र में भी स्वप्नों का अपना महत्वपूर्ण स्थान है।

स्वप्न प्रत्येक व्यक्ति देखता है। स्वप्न जन्मकाल से आने लगते हैं। नवजात शिशु का मुख निद्रा के समय निहारें। कभी वह मुस्कुराता, कभी रोनी सूरत बनाता दिखलायी पड़ता है। स्पष्ट है कि वह भी निद्रा में स्वप्न देखता है और स्वप्नानुसार उसके चेहरे पर भाव आते रहते हैं।

स्वप्न की अनेक दशाएं हैं।

अधिकांश स्वप्न निद्रा टूटते ही लुप्त हो जाते हैं। इतना तो स्मरण है कि स्वप्न देखा है पर क्या ? याद ही नहीं पड़ता है।

स्वप्नों का व्यापक अध्ययन करने और प्राचीन शास्त्रों के अनुसार स्वप्नों की दशा इस प्रकार है –

(१) रुग्णावस्था, कमजोरी के कारण देखे गये स्वप्न कुछ अर्थ नहीं रखते हैं।

(२) रात्रि के प्रथम, द्वितीय प्रहर में देखे गये स्वप्नों का फल कुछ नहीं होता है और हो भी तो बहुत विलम्ब से चरितार्थ होते हैं।

(३) मादक द्रव्यों का सेवन करने वालों के स्वप्न व्यर्थ होते हैं। उनका कोई फल नहीं मिलता है।

रात्रि के अंतिम प्रहर में स्वस्थ शरीर दशा में देखे गये स्वप्नों का ही कुछ अर्थ होता है और वह शीघ्र चरितार्थ होते हैं।

वैज्ञानिकों की शोध के अनुसार स्वप्नों का दारोमदार खानपान पर भी निर्भर करता है। पाया गया है कि मांसाहारी भोजियों के स्वप्न प्रायः व्यर्थ होते हैं। हल्का सात्विक निरामिष भोजन कर्त्ताओं के ही स्वप्न स्वच्छ और सार्थक होते हैं। ऐसे ही सपनों का फल सैंकड़ों ग्रंथों से छानबीन कर अकारादिक्रम में इस पुस्तक में उनका फल दिया गया है। इनकी सत्यता का दावा हम नहीं करते, पर फिर भी जैसा शास्त्रों और ग्रंथों में लिखा है, वही हमने दिया है।

# स्वप्न संहिता

## स्वस्थ्य दशा में देखे गये स्वप्नों का फल

स्वप्नों का जो फल इस कोश में दिया गया है, वह नाना प्रकार के सैकड़ों ग्रंथों और व्यक्तिगत पूछताछ के उपरान्त बरसों के कड़े परिश्रम से प्रस्तुत किया गया है। इस बात की कोई गारन्टी नहीं है कि फल शत प्रतिशत सत्य ही निकलें, उसमें फेर बदल संभव है।

विभिन्न ग्रंथों और मान्यताओं के आधार पर दिया गया फल पाठकों को केवल दिशा निर्देश देने के उद्देश्य से प्रकाशित है।

# अ

**अंक**

किसी अक (संख्या) या अंको को देखना शुभ है। यह अंक उन तिथियों के सूचक होते हैं, जिनमें कि काम बनने या यश मिलने की संभावना रहती है अथवा लॉटरी आदि के लकी नंबर हो सकते हैं। काले रंग में दिखलायी पड़ने वाले अंक अशुभ होते हैं और तब तदनुसार सावधानी बरतना आवश्यक है।

**अंग**

किसी के अंग लगना या लगाना, यदि वह स्त्री है, तो काम सुख प्राप्त होता है। यदि पुरुष है, तो शत्रु पक्ष से 'आक्रमण' की संभावना की सूचना है।

**अंगच्छेद**

किसी भी मनुष्य अथवा जीव के कटे बिखरे अंग दिखलायी पड़ने का अर्थ उत्तम स्वास्थ्य की सूचना है। कोई निकट संबंधी जो साथ रह रहा है, यदि बीमार है, उसके स्वस्थ होने की सूचना है (अपवाद गौ के कटे अंगों को देखना संकट की सूचना है।)

**अंगड़-खंगड़**

अथवा कबाड़, टूटाफूटा, न समझ में आने वाली वस्तुओं का समूह देखना अनायास धनलाभ या किसी पुरस्कार मिलने की पूर्वसूचना है।

**अंगदान**

अपने शरीर का कोई अंग काटकर देने का स्वप्न

उज्ज्वल भविष्य और प्रत्येक कार्य में सफलता का सूचक अथवा किसी प्रतिष्ठित पुरस्कार मिलने का पूर्व संकेत है।

**अंगरक्षक**

अपने साथ वाडीगार्ड (अंगरक्षक) को देखना चोट लगने या दुर्घटना ग्रस्त होने की सूचना है। दूसरों के साथ अंगरक्षक, अंगरक्षकों को देखना किसी प्रिय मित्र या रिश्तेदार पर संकट का सूचक है।

**अंगरखा**

स्वप्न में अंगरखा पहिने हुए पाना कार्य में विलम्ब की सूचना है। किसी महिला को इस वेश में देखना स्वास्थ्य के गिरावट की सूचना है।

**अंग्रेज**

अंग्रेज को देखना ज्वर आने की सूचना है। कंपकंपी देकर आने वाला बुखार संभावित है।

**अंगार**

अंगारों को धधकते देखना शत्रु पर विजय की सूचना है। अंगारों पर चलना या लोटना शरीर व्याधि का सूचक है। अंगारों को खाना भारी आर्थिक हानि की पूर्व सूचना है। (अपवाद-होलिका दहन देखना शुभ है। अच्छे समय की पूर्व सूचना है।)

**अंगिया**

किसी स्त्री को अंगिया (ब्रेसरी) पहिने देखना, उसे छूना, खिसकाना मूत्र रोग होने की सूचना है।

**अंगीठी**

देखिए 'अंगार'।

**अंगुली**

अंगुली मुंह में देना या काटना परिवार में कलह का

संकेत है।

**अंगूठा**

अगूठा चूसना या अंगूठे से जमीन खुरचना अचल सम्पत्ति में होने वाले विवाद की पूर्व सूचना है।

**अंगूठी**

अंगूठी पहिनना या पहिनाना पत्नी या प्रेमिका से तनाव होने की सूचना है।

**अंगूर**

अंगूर खाना, अंगूर के गुच्छे देखना काफी समय तक स्वस्थ रहने की सूचना है।

**अंगौछा**

अंगौछा कंधे पर रखना या पहिने देखना किसी की शवयात्रा में जाने की पूर्व सूचना है। (अपवादएँअंगौछा पहिने स्नान करना या देह पोंछना अनायास लाभ या बिगड़ा काम बन जाने की सूचना है।)

**अंजन**

आखों में अंजन लगाना नेत्र रोग होने की सूचना है।

**अंजर पंजर**

किसी के शरीर के अंजरएँपंजर देखना या टूटी फूटी मशीन का दिखलायी पड़ा कार्य में सफलता की सूचना है।

**अंटाचित**

अपने को पीठ के बल पड़े देखना शत्रु से परास्त होने का संकेत है।

**अंडकोश**

अपने या किसी और के अंडकोश देखना अनायास यात्रा का संयोग आ पड़ने का संकेत है।

**अंडा**

देखना, खाना, पकाना घर में नये शिशु की संभावना प्रबल करता है।

**अंतड़ी**

मनुष्य या किसी भी जीव की अंतड़ी देखना क्लेश की सूचना है। कुछ न कुछ क्लेश अवश्य होगा।

**अत्यंज**

डोम, चमार, शूद्र को देखना सफलता की सूचना है।

**अंत्येष्टि**

किसी की अंत्येष्टि, क्रिया ऍकर्म देखना, उसमें भाग लेना परिवार में अनायास शुभ मांगलिक कार्य योग का सूचक है।

**अंधकार**

अपने को स्वप्न में अंधकार से घिरे पाना सुख सौभाग्य पूर्ण समय आने की सूचना है।

**अंधा**

स्वयं को अंधा देखना, किसी अंधे को देखना संकट से उद्धार की सूचना है, पर किसी अंधे को सहारा देते देखना किसी भावी संकट का संकेत है।

**अकाल**

का देखना घर में धनऍ धान्य आने का संकेत है।

**अकीक**

(कई रंगों में पाया जाने वाला चमकदार पत्थर) देखने पर शरीर पीड़ा का कष्टदायी योग बनता है।

**अकेला**

अपने को अकेले ही घूमते देखने पर अनायास यात्रा का योग बनता है। हड़बड़ाहट में अचानक यात्रा करनी पड़ सकती है।

**अक्षत**

पीले अक्षत देखना, अक्षत की रोली लगाना शुभ सफलता एवं विजय की सूचना है।

**अक्स**

देखिए 'परछाईं, प्रतिबिम्ब'।

**अखबार**

अखबार पढ़ना, खरीदना, बेचना, देखना गृहकलह का संकेत है।

**अखरोट**

खाना, देखना रोग होने की पूर्व सूचना है।

**अखाड़ा**

देखना, अखाड़े में उतरना शत्रु से हानि होने की सूचना है।

**अगरबत्ती**

जलाना, जलती देखना दुर्घटनाग्रस्त होने का संकेत है। बिना जली अगरबत्ती देखना परिवार में धार्मिक-अनुष्ठान का सूचक है।

**अग्नि**

देखिए 'अंगीठी'।

**अघोरी**

या तांत्रिक को देखना शुभ लक्षण है। बनता काम बिगड़ने से रुक जाता है।

**अचल संपत्ति**

देखिए घर-द्वार, जमीन-जायदाद।

**अचार**

किसी भी प्रकार के अचार बनाना, देखना, खाना उदर

पीड़ा होने की पूर्व सूचना है।

**अचेत**

देखिए 'बेहोशी'।

**अजगर**

को किसी भी रूप में देखना प्रतियोगिता में विजय, पदोन्नति और विदेश प्रवास का योग बनता है।

**अजनबी**

किसी अजनबी को देखना अथवा उससे बातें करना किसी अनिष्ट की पूर्व सूचना है।

**अजवायन**

खाना, देखना, महक का अनुभव करना बीमारी से छुटकारा पाने का संकेत है।

**अनजान**

देखिए 'अजनबी'

**अजायबघर**

आश्चर्यजनक वस्तुओं का संग्रह देखना निश्चित रूप से धनलाभ और विदेश यात्रा होने का संकेत है। केवल मूर्तियों का संग्रह देखना परिवार में शीघ्र ही किसी मांगलिक कार्य के आयोजन का संकेत है।

**अजीब**

कोई अजीब वस्तु (जो पहिचान में न आ सके) देखना परिवार में किसी अतिथि या परिजन के हठात् आगमन का सूचक है।

**अटक**

किसी वस्तु, स्थान, पेड़, झाड़ी इत्यादि में अटक या फंस जाना, संकट से छुटकारे का स्पष्ट संकेत है।

**अटका**

किसी और को उपरोक्त दशा में देखने का अर्थ है। शत्रु का भारी पड़ना, शत्रु द्वारा मात खाना और हानि उठाना।

**अट्टहास**

बहुत जोर से खिलखिलाकर हंसना या किसी और को इस रूप में देखना स्वयं का या किसी परिजन का गंभीर रूप में यकायक अस्वस्थ हो जाने का संकेत है।

**अट्टालिका**

ऊंची ऊंची अट्टालिकाएं देखने पर चोट लगने की सूचना है। हाथ, पैर या सिर में चोट अवश्य लग सकती है।

**अधोवायु**

का निकलना या निकालते देखना अनायास धन प्राप्ति का पूर्व संकेत है।

**अध्यक्ष**

स्वयं को किसी सभा सोसायटी या क्लब का अध्यक्ष देखने का अर्थ है, मान हानि और अपयश या कोई अनुचित लांच्छन लगने का संकेत है।

**अध्ययन**

किसी विषय का अध्ययन करते देखना, परीक्षा, प्रतियोगिता में असफलता प्राप्त करने का संकेत है।

**अध्यापक**

अध्यापक रूप में स्वयं को देखना या अन्य को देखना, पदोन्नति अथवा सफलता का द्योतक है।

**अध्यापिका**

देखिए 'अध्यापक'।

**अनजान**

देखिए 'अजनबी'।

**अनादर**

देखिए 'अपमानित'।

**अनार**

का फल देखना शुभ है। जिस प्रातः दिखलायी दे, वह दिन शुभ होता है।

**अनुबंध**

किसी अनुबंध पर हस्ताक्षर करना, देखना या पढ़ना किसी षड़यंत्र में फंस जाने का पूर्व संकेत है।

**अपमानित**

अपमानित होते देखना, किसी और का अपमान देखना, यश, सम्मान प्राप्त होने का संकेत है।

**अपराधी**

स्वयं को अपराधी रूप में देखना या अन्य को, यश सम्मान मिलने की सूचना है।

**अपहरण**

अपना या किसी अन्य का अपहरण देखना दीर्घायु होने का संकेत है।

**अभ्रक**

अभ्रक की पत्तियों का गिरना, उड़ना देखना या उनसे अपने को घिरा पाना किसी से संकटग्रस्त होने की संभावना है। परिवार के किसी सदस्य पर संकट आ सकता है। अभ्रक की बिंदी माथे पर लगाए किसी महिला को देखना घर में लक्ष्मी के आगमन का संकेत है।

**अभक्ष्य**

किसी अभक्ष्य वस्तु को देखना, उससे घृणा उत्पन्न होना, भविष्य में अच्छे सुख और स्वास्थ्य का संकेत है।

**अभिनय**

स्वप्न में अभिनय देखना, करना, नाटक या फिल्म में, सांघातिक चोट लगने की पूर्व सूचना है।

**अभिमान**

स्वप्न में अभिमान करना, अपमान होने कीं सूचना है। किसी और का अभिमान देखना शत्रु पर विजय प्राप्त करना है।

**अमरबेल**

स्वप्न में अमरबेल बिरले ही दिखलायी पड़ती है। देखने वाला निश्चित रूप से शतायु होता है तथा अंतिम क्षण तक वह स्वस्थ बना रहता है।

**अमराई**

आम के बाग में घूमना अनायास धन लाभ का योग बनता है। अमराई में झूला देखना, झूलना या महिलाओं का झूलना देखना, बनता काम बिगड़ जाने की सूचना है।

**अमलतास**

के पीले फूल देखना, पीलिया रोग या श्वेतकुष्ठ होने का लक्षण है।

**अमावस्या**

देखना, अच्छे शुभ दिनों का सूचक है।

**अमृतवान**

भरा या खाली देखना धनहानि की सूचना है।

**अरण्य**

देखिए 'जंगल'।

**अरअराना**

सपने में अर अरअराकर गिरना कार्य में सफलता और प्रशंसा की सूचना है।

**अरबी**

कच्ची, पकी, खाना, देखना सर्दी जुकाम का रोग होने की निश्चित सूचना है।

**अरहर**

दाल, फसल, कच्ची, पकी, फसल के रूप में देखना शुभ कहीं से शुभ समाचार की सूचना है।

**अरगला**

देखिए 'सिटकनी, चटखनी'।

**अर्ध**

अर्घ्य देखना, देते देखना सुखद भविष्य का आगमन है।

**अर्चना**

देखिए 'पूजा'।

**अर्थी**

देखिए 'शवयात्रा'।

**अर्धचन्द्र**

स्वप्न में आधा चाँद देखना परिवार में सुख की वृद्धि है।

**अर्धांगी**

देखिए 'पत्नी'।

**अलंकार**

देखिए 'आभूषण'।

**अलबम**

अलबम में प्रसन्नता सूचक या दुःखद चित्र देखना

बनता काम बिगड़ जाने का संकेत है।

**अलमारी**

बंद अलमारी धन प्राप्ति, खुली अलमारी धनहानि, खाली खुली अलमारी जिसमें कुछ भी न हो, घर परिवार में चोरी होने की संभावना है।

**अलाव**

देखिए 'अंगार, अंगीठी'।

**अलिन्द**

देखिए 'भंवरा'।

**अवधूत**

अघोरी या अवधूत को देखना, उससे बातें करना जीवन में सफलता पाने की सूचना है।

**अशक्त**

देखिए 'कमजोर'

**अशोक**

वृक्ष या उसकी पत्तियां देखना अत्यन्त शुभ है। ऐसा स्वप्न देखने वाला फिर कभी दुःख नहीं पाता है।

**अश्व**

देखिए 'घोड़ा'।

**असुर**

देखिए 'राक्षस'।

**अस्त्र**

देखिए 'शस्त्र'।

**अस्थि**

देखिए 'हड्डियां'।

# आ

**आँख**

लाल पीली आँखे देखना शुभ, चंचल मदभरी अशुभ और खुशीभरी बीमारी की सूचक हैं। आंखों के नीचे काले या स्याह गड्ढों का देखना व्यापार में लाभ पदोन्नति की सूचना है।

**आंचल**

किसी स्त्री का लहराता आंचल, प्रतियोगिता या चुनाव आदि में सफलता की भविष्यवाणी है। आंचल में मुंह छिपाये देखना यश सम्मान मिलना और सिर पर आंचल रखना विवाह संबंध का बनना, काम -सुख का मिलना है। किसी चीज को आंचल से पोंछते देखना अशुभ है।

**आंजन**

देखिए 'काजल'।

**आंतें**

किसी भी जीव की आंते देखना भयानक दुर्घटना में पड़ने की सूचना है। कृपया पूरी सावधानी बरतें।

**आंधर**

अंधे को देखना नयी योजनाओं का बनना और सफल होना है। खुद को अंधा देखना धन ऐश्वर्य प्रचुर मात्रा में आने का संकेत है।

**आंधी**

चलती देखना, खुद को फंसे पाना सभी प्रकार के दुःख या संकट से छुटकारा पाना है।

**आंवला**

देखना या खाना उदर रोग होने की पूर्व सूचना है।

**आंसू**

टपकाना या टपकते बहते देखना घर में अनायास व्यक्तिगत या धार्मिक उत्सव के आयोजन की सूचना है।

**आईना**

देखिए 'दर्पण'।

**आकाश**

खाली आकाश देखना अशुभ, उड़ते हुए देखना। चोट, लगने की संभावना और आकाश में तारे या अन्य कोई वस्तु उड़ती या स्थिर देखना परिवार में किसी अतिथि या परिजन के आने की सूचना है। आकाशवाणी का स्वप्न में सुनना एक दुर्लभ स्वप्न है। फिर भी यदि ऐसा कोई देखता है, तो वह वाणी जो कहती है सर्वथा सत्य होता है। अस्पष्ट आकाशवाणी परिवार में किसी व्यक्ति की मृत्यु की सूचना है।

**आकृतिक**

देखिए 'चेहरा'।

**आक्रमण**

देखिए 'हमला'।

**आग**

देखिए 'अग्नि, अंगीठी'।

**आचार्य**

देखिए 'गुरु'।

**आत्महत्या**

आत्महत्या करना अथवा किसी को आत्महत्या करते देखना दीर्घायु होने का लक्षण है।

**आफताब**

देखिए 'सूर्य'।

**आम**

आम खाना, आम चूसना या काटना, किसी और दशा में 'आम देखना सुखद है। कार्य बनने, कार्य सफलता का संकेत है।

**आमिष**

आमिष भोजन करना, करते देखना या ऐसे ही देखना शरीर में चोट लगने और खून बहने की पूर्व सूचना है।

**आरसी**

देखिए 'दर्पण'।

**आरी (आरा)**

आरी चलते देखना, लकड़ी कटते देखना आरी से या निष्क्रिय आरी देखना दुःखों के कट जाने, समाप्त हो जाने का लक्षण है।

**आर्त्तनाद**

देखिए 'कराहना'।

**आर्द्र**

देखिए 'गीला'।

**आलपीन**

आलपीन देखना, कागज में लगी, लगाना या बिखरी हो तो फोड़ा फुंसी अवश्य होगा। आलपीन का चुभोना, चुभना गंभीर रूप से बीमार पड़ने का 'हैजा' ग्रस्त होने का पूर्व संकेत है।

**आलिंगन**

पुरुष होकर पुरुष से आलिंगन करना या पुरुष-पुरुष का आलिंगन देखना शत्रु विजय की सूचना है। स्त्री से

आलिंगन करना या स्त्री पुरुष को इस रूप में देखना धन लाभ का लक्षण है। स्त्री होकर स्त्री स्त्री का आलिंगन देखना, बीमार पड़ने की सूचना है, किसी स्त्री से आलिंगन करना अपयश लगने की सूचना है। स्त्री पुरुष को इस रूप में देखना धन हानि का संकेत है।

**आलू**

किसी भी प्रकार से, किसी भी रूप में आलू का देखना किसी ऐसी समस्या का सामना करना पड़ सकता है, जिसके कारण असमंजस की दशा का सामना करना पड़ सकता है।

**आलूबुखारा**

पेड़ या फल देखना यात्रा का अचानक संयोग बनता है।

**आलोक**

देखिए 'प्रकाश'।

**आल्हा**

बांचना या सुनना घर में सुख शांति के आगमन की सूचना है।

**आवारागर्दी**

आवारा के रूप में अपने को भटकते पाना, बेरोजगारों को लिए नौकरी मिलने की सूचना और कार्यरत को पदोन्नति, व्यापारी को लाभ का संकेत है।

**आवेदन पत्र**

आवेदन पत्र लिखना, देखना, देना–लेना, कार्यों में निराशा हाथ आने की पूर्व सूचना है।

**आश्रम**

किसी भी आश्रम को किसी भी रूप में देखना पद से मुक्ति, बर्खास्तगी, पदावनति, व्यापार में गहरा घाटा, घर में बड़ी चोरी या आकस्मिक हानि का गहरा झटका लगने की संभावना का

संकेत है।

**आसमान**

देखिए 'आकाश'।

**आस्तीन**

आस्तीन का मोड़ना, मरोड़ना, चढ़ाना देखना किसी से भी अकारण झगड़े की सूचना है। मारपीट का योग बन सकता है।

**आह !**

सपने में आहें भरना दुःख दारिद्रय मिटने की सूचना है। दूसरे को ऐसे रूप में देखना शत्रु पर विजय की सूचना है।

**आहार**

देखिए 'भोजन'।

**आहो**

स्वप्न में आहो आहो करना, देखना, सुनना संतान जन्म की सूचना है। 'स्वप्न सार' ग्रंथ क अनुसार यह कष्टपीड़ा की समाप्ति का भी योग है।

**ॐ**

यह एक दुलर्भ स्वप्न है। देख लिया तो जीवन धन्य है। ऐसा स्वप्न देखने वाला अपने जीवन में सारे सुख प्राप्त करता है। चमकीला ॐ देखना अत्यन्त शुभ है। लिखना सर्वश्रेष्ठ है। गेरुआ देखना मध्यम है। फिर भी यह अत्यन्त शुभ स्वप्न माना गया है।

## इ

**इंग्लिश**

अंग्रेजी भाषा का कुछ भी पढ़ना, देखना, किसी विधर्मी से अनायास वादविवाद का हो जाना है। कृपया इस दिन शांत रहें। किसी से बहस, वाद विवाद न करें।

**इंजन**

रेलगाड़ी का भाप वाला इंजिन देखना योजनाओं का असफल हो जाना, विद्युत् चालित इंजन का देखना अचानक लंबे सफर पर चल पड़ने की अनिवार्य स्थिति का उत्पन्न हो जाना है। अन्य किसी प्रकार के इंजिन देखना गृहकलह की दशा का होना है।

**इन्द्रजाल**

देखिए 'जादू'।

**इन्द्रधनुष**

देखना अशुभ है। इसको देखनेवाले को दुःखदायी घटना से पीड़ित होना पड़ता है।

**इन्द्रिय**

देखना संतान प्राप्त का योग सूचित करता है।

**इक्का**

ताश के पत्तों के इक्के देखने का फल इस प्रकार कहा गया है –

पान का इक्का– परिवार में मारपीट होगी।
हुकुम का इक्का– किसी के द्वारा अपमानित होना।
ईंट का इक्का– उस दिन किसी भी कारणवश भोजन का न मिलना।

चिड़ी का इक्का– घर पर मेहमान आने का संकेत

इक्का (घोड़ा, तांगा) देखना किसी की शवयात्रा में शामिल होने का संकेत।

**इजलास**

अदालत देखना, उपस्थित होना, न्यायाधीश देखना कठिन समस्या का हल मिल जाता है।

**इमली**

का पेड़, पत्तियां देखना स्वास्थ्य में गिरावट, कच्ची इमली खाना, देखना पेट दर्द, पक्की इमली देखना या खाना बीमारी से छुटकारा पाना है।

**इमरती**

खाना, खिलाना, देखना किसी अपयश का शिकार होना है।

**इमारत**

देखिए 'भवन'।

**इम्तहान**

देखिए 'परीक्षा'।

**इलायची**

देना, लेना, खाना शुभ चिन्ह है।

**इसबगोल**

का पेड़, दाना, भूसी देखना अजीर्ण होने की सूचना है।

**इस्त्री**

कपड़ों पर करना, देखना, आग लगने की सूचना है।

## ई

**ईंट**

कच्ची पक्की ईंट देखना, भट्ठा देखना, इस्तेमाल करना घर का कोई भाग ढहने गिरने की सूचना है।

**ईख**

देखिए 'गन्ना'।

## उ

**उंगली**

देखना, तोड़ना, मरोड़ना स्वस्थ बने रहने का लक्षण है।

**उंघना**

धन हानि का संकेत है।

**उंचाई**

पर खड़े होना व्यर्थ का कलंक लगना, उंचाई से गिरना, उन्नति का सूचक, -उंचाई पर चढ़ना हानि का होना है।

**उल्टी**

देखिए 'वमन'।

**उच्छिष्ट**

देखिए 'जूंठा'।

**उछलना**

किसी कारणवश फूटफूटकर रोने की स्थिति के आगमन का संकेत।

**उछालना**

जिस किसी वस्तु को उछालते देखें तो वह वस्तु अवश्य प्राप्त होती है।

**उजाड़**

उजाड़ स्थान देखना, भ्रमण करना, किसी महानगर की तत्काल यात्रा का सूचंक है।

**उजाला**

देखिए 'प्रकाश'

**उड़ना**

स्वयं को या किसी और को उड़ते देखना गंभीर रूप से घायल होने का संकेत है।

**उदर**

देखिए 'पेट'।

**उदास**

अपने को उदास पाना, किसी और को देखना शुभ समाचार प्राप्ति का संकेत है।

**उद्घाटन**

करना, देखना अशुभ है।

**उधार**

लेना, देना शुभ है। धन लाभ की सूचना है।

**उपनयन**

देखिए 'यज्ञोपवीत'।

**उपला**

देखिए 'गोबर'।

**उपवन**

देखिए 'बगीचा', 'फुलवारी'।

**उपहास**

देखिए 'दिल्लगी'।

**उल्लू**

देखना भारी मात्रा में अनायास धनलाभ होने का संकेत है।

## ऊ

**ऊंट**

का देखना शारीरिक चोट का लगना है। वह चोट मुख्यत: गरदन या मुंह पर लग सकती है। ऊंट का बलबलाना सुनना किसी के द्वारा अपमानित होना है।

**उषाकाल**

देखना भाग्योदय की सूचना है।

## ए

**एड़ी**

एड़ी देखना, रगड़ना, ऐड़ियों में फटी बिवाई देखना किसी पर्यटन स्थल की यात्रा करने का संकेत है। परिवार सहित हंसी खुशी के साथ छुट्टियां बिताने का संयोग बनता है।

## ऐ

**ऐंचाताना**

देखना शुभलक्षण है। जीवन भी सुखमय होने का संकेत है।

## ओ

**ओंकार**

ओंकार देखना सर्वथा दुर्लभ है। अगर सौभाग्य से देख भी लिया तो जीवन सर्वथा सुखमय रहेगा और शेष जीवन में कोई दुख न उठाना पड़ेगा।

**ओंठ**

काटना, चूसना, काटते देखना सिरदर्द से पीड़ित रहने का संकेत है।

**ओझा**

देखना गंभीर रूप से बीमार पड़ने की सूचना है।

## औ

**औंधा**

अपने को, किसी को औंधा देखकर अक्षय स्वास्थ्य का लक्षण है।

**औरत**

देखिए 'महिला'।

**औलाद**

देखिए 'संतान'।

# क

**कंकड़**

कंकड़ पत्थर देखना, कंकड़ीली सड़क पर चलना समस्याओं के समाधान का संकेत है।

**कंकाल**

देखिए 'हड्डियां'।

**कंगना**

खनकते देखना, पड़े देखना, पहिने देखना अपमान झेलने की नौबत आ सकती है।

**कंगूरा**

कंगूरे देखना, कंगूरों का दिखना पदावनति या व्यापार में हानि का संकेत है।

**कंघी**

करना, देखना, जेब में रखना दांतों में दर्द होने की पूर्व सूचना है।

**कंठी**

देखिए 'माता'।

**कम्बल**

देखना, ओढ़ना, बिछाना शारीरिक पीड़ा होने का संकेत है।

**ककड़ी**

खाना, देखना, काटना, घर में यथा - शीघ्र कोई मांगलिक कार्य होने की सूचना है।

**कजरा**

देखिए 'काजल'।

**कटारी**

देखना, मारना, चमकाना, प्रतियोगिता, पद प्राप्ति, परीक्षा, इंटरव्यू आदि में सफलता प्राप्त करने का संकेत है।

**कटोरा**

देखना, बना काम ढीला पड़ जाता है या सब गोलमाल होकर अनिश्चय की दशा हो जाती है।

**कड़ुआ तेल**

देखना या शरीर पर मलना मरणान्तक कष्ट योग की सूचना है।

**कतरनी**

देखिए 'कैंची'।

**कथरी**

देखना, ओढ़ना मिष्ठान्न प्राप्ति का सूचक है।

**कदम्ब**

का पेड़ देखना अत्यन्त दुर्लभ है। सौभाग्य से दीख गया तो प्रभु कृपा से धन-दौलत स्वास्थ्य, मान सम्मान, पुरस्कार सभी कुछ प्राप्त होने की संभावना है।

**कदम**

देखिए 'पैर'।

**कद्दू**

कच्चा पका देखना, खाना पेट दर्द होने की सूचना है।

**कनकटा**

देखना या होना किसी सम्मान प्राप्ति का संकेत है।

**कनकौवा**

देखिए 'पतंग' ।

**कनस्तर**

देखिए 'टीन'

**कनात**

देखना, कनात के घेरे में अपने को पाना या उत्सव समारोह का आयोजन होते देखना कष्टों से छुटकारा पाने का संकेत है। सफेद कनात देखना अत्यन्त अशुभ है।

**कन्या**

कन्या (क्वांरी युवती या बालिका) देखना घर में लक्ष्मी का आगमन होने की सूचना है।

**कपाल**

देखिए 'कपार' 'खप्पर' ।

**कपास**

कपास का फूल देखना, रूई देखना, शुभ लाभ का लक्षण है।

**कपि**

देखिए 'बंदर'

**कफन**

देखना लंबी उमर पाना है।

**कबाड़ी**

देखना, बात करना, अचल संपत्ति, भूमि भवन आदि मिलने का संकेत है।

**कबाब**

खाना, खिलाना, देखना व्यर्थ के विवाद में पड़कर अपयश मोल लेने की सूचना है।

**कबूतर**

का उड़ना, देखना, गुटरगूं सुनना किसी परिजन परिचित का पत्र प्राप्त होने की पूर्व सूचना है। कबूतर खाना देखना पड़ोसी से झगड़ा, वादविवाद होने का संकेत है।

**कब्रिस्तान**

देखिए 'शमशान'।

**कमंडल**

देखना, उठाना, स्पर्श करना परिवार के किसी सदस्य से बिछोह होने की संभावना है।

**कमल**

का फूल देखना लक्ष्मी प्राप्ति होने की संभावना है।

**करतवल**

देखिए 'हथेली'।

**करवाचौथ**

का व्रत, त्यौहार देखना अत्यन्त दुर्लभ है। सौभाग्यवश देखने वाला पुरुष राज्य द्वारा उच्च सम्मान पद प्राप्त करता है, देखने वाली स्त्री आजीवन पति पुत्रों का सुख पाने वाली और अत्यन्त सम्पन्न होती है। क्वांरी यह स्वप्न देखे तो अत्यन्त उच्चकुल और अत्यन्त धनी परिवार में उसका विवाह हाने का संकेत है।

**करेला**

खाना, देखना, स्पर्श करना अलगे दिन अनिवार्य कारणवश भोजन न कर पाने की अग्रिम सूचना है।

**करौंदा**

खाना, देखना, स्पर्श करना जिह्वा में छालों के पड़ने की पूर्व सूचना है।

**कर्क**

देखिए 'केंकड़ा'।

**कर्ज**

लेना देना धन सम्पत्ति में बढ़ोतरी का संकेत है।

**कर्ण**

देखिए 'कान'।

**कर्नल**

देखिए 'फौज, फौजी, अफसर'।

**कर्मकांड**

यज्ञादि, हवन, पूजा पाठ देखना अशुभ है।

**कलई**

कलई करना, देखना, कलई की वस्तुओं को देखना, पाना, देना, कष्ट सूचक है।

**कलम**

कलम मोरपंखी देखना, लिखना शुभ। कलम पेन या बालपेन देखना, लिखना अत्यन्त शुभ, टूटी कलम देखना अशुभ, कलम का गिरना खो जाना किसी महत्वपूर्ण लाभदायक कार्य की लिखा पढ़ी पर हस्ताक्षर करने की पूर्व सूचना है कलम को दांतों से चबाना डाक्टर वैद्य अस्पताल, क्लीनिक की शरण में जाने का लक्षण है।

**कलमा**

पढ़ना देखना बहुत शुभ है। ऐसा स्वप्न बहुत ही कम सौभाग्यशाली व्यक्ति देख पाते हैं।

**कलवार**

को शराब बेचते देखना, उससे शराब लेना, पीना व्यापार धंधे, नौकरी में लाभ और किसी शुभावसर के आने की

सूचना है।

**कलश**

पीतल का भरा कलश देखना शुभ, खाली अशुभ। पूजा स्थान का कलश शिखर देखना जीवन और भी सुखदायी उन्नत होने के शुभ अवसर आने का पूर्व संकेत है।

**कलाई**

पुरुष की कलाई पकड़ना, देखना किसी से शत्रुता होने की सूचना है और स्त्री की कलाई होने पर किसी स्त्री द्वारा अपमानित होने की संभावना की सूचक है।

**कलूटा**

देखिए 'काला'

**कलेजी**

किसी भक्षणीय जीव की कलेजी देखना शरीर में चोट लगने की सूचना है।

**कवच**

कवच पहिनना या देखना शरीर पर अनायास कहीं चोट लगने की पूर्व सूचना है। कम से कम एक सप्ताह तक सावधानी बरतें।

**कवायद**

कवायद करना, करते देखना किसी षड्यंत्र का शिकार होने का पूर्व लक्षण है। कोई न कोई षड़यंत्र में पड़ जाने की पूरी संभावना हो जाती है।

**कविता**

पाठ करना, श्रवण करना शिरोरोग का सूचक है। कवि सम्मेलन में बतौर कवि भाग लेना अनायास लम्बी यात्रा की विवशता और कवि सम्मेलन देखना गृहकलह होने का सूचक है।

**कश**

सि ारेट, बिड़ी, हुक्के, सिगार के कश मारना शरीर के जोड़ जोड़ में दर्द ो जाने की सूचना है।

**कशीद**

कशीदाकारी करना, देखना शुभ लक्षण है। यह आय में अधिकाधिक बचत का सूचक है। अनावश्यक खर्चे अपने आप रुक सकते हैं।

**कषाय**

देखिए 'कसैला'।

**कश्ती**

देखिए 'नौका'।

**कसम**

देखिए 'शपथ'।

**कसरत**

देखिए 'व्यायाम'।

**कसाई**

देखिए 'वधिक'।

**कसैला**

कसैली वस्तु खाना, कसैला पदार्थ या वस्तु देखना, कसैली गंध महसूस करना सास की बीमारी बढ़ने की संभावना व्यक्त करता है।

**कांटा**

ार में कांटा चुभना, कांटेदार झाड़ियां देखना या उनमें फंसना संकट से उद्धार पाने का संकेत है। आयी मुसीबत टल सकती है। यदि परिवार में कोई रोग बीमारी हो तो वह भी समाप्त होने की संभावना है। कांटेदार बाड़ देखना भी यही फल देता है।

**काई**

काई देखना, काई में फंसना बात बन जाने का संकेत है। कोई भी विचारधीन कार्य इच्छानुसार पूरा हो जाता है।

**काक**

देखिए 'कौआ'।

**कागज**

सादा कोरा, खाली कागज देखना शुभ। कागज फाड़ना जलाना, जलते देखना किसी से आकारण हाथापाई की नौबत का आना। कागज पर कुछ लिखते देखना अनुबंध या पार्टनरशिप, लेन देन में झमेला पड़ जाने की संभावना है।

**काजल**

आंखों में काजल लगाना, काजल लगी आंखें देखना, किसी के माथे पर काजल का टीका देखना, अगुंली में काजल लगना परिवार में अनायास धार्मिक आयोजन होने की सूचना है। कालिख लगी वस्तु देखना भी बहुत शुभ है।

**काजू**

खाना, देखना, देना, कोई नया व्यवसाय का कार्य शुरू करने की शुभ सूचना है।

**काटना**

स्वप्न में सर्प का काटना, राज्य सम्मान की प्राप्ति, कुत्ते का काटना धन लाभ, शेर चीता सिंह का काटना कार्य सफलता, गधे का काटना दीर्घायु। गाय का सींग मारना शुभ, बिच्छू, चूहे का काटना अशुभ, बल्ली का काटना प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता बंदर का काटना किसी अशुभ समाचार प्राप्त होने की पूर्व सूचना है। घोड़ा किसी भी अन्य जीव जंतु का काटना, बीमारी आने के संकेत हैं।

**काठ**

देखिए 'लकड़ी'

**कान**

कान देखना, कान पर हाथ फेरना, कान उमेठना किसी नजदीकी रिश्तेदार के आगमन की पूर्व सूचना है।

**काना**

सपने में काना आदमी देखना अत्यन्त शुभ है पर खुद को काना देखना अशुभ है। किसी भयंकर व्याधि या शारीरिक चोट से पीड़ित होना है।

**काफिला**

देखिए 'भीड़'।

**कामांग**

पुरुष कामांग देखना अशुभ और स्त्री का देखना शुभ है। स्त्री द्वारा देखा गया पुरुष का कामांग शुभ। स्त्री के लिये कामांग अशुभ। यही फल पुरुष द्रष्टा के लिए भी है।

**कारखाना**

किसी भी प्रकार का कारखाना देखना सड़क दुर्घटना की संभावना का सूचक है।

**कारागार**

देखिए 'जेल'।

**कारुणिक**

कोई भी कारुणिक दृश्य देखना सारे दिन का शुभ और सुखद होना है।

**काला**

काले रंग का कुछ भी देखना शुभ होता है।

**कालानाग**

देखना अत्यन्त शुभ है। ऐसा नाग स्वप्न में काट भी ले तो निश्चित रूप से राज्य सम्मान/ पुरस्कार प्राप्त होता है।

**किला**

खंडहर रूप में देखने पर किसी पर्यटन स्थल का संयोग, सुसज्जित किला, पहरेदारों सहित देखना लांच्छन अपयश लगने की संभावना का संकेत है।

**किशमिश**

खाना देखना, दांत को कोई नुकसान या पीड़ा पहुंचने की संभावना कीं सूचना है।

**किसान**

खेत में किसान देखना अन्न लाभ, फसल लहलहाती काटता किसान देखना धन लाभ, हल चलाता किसान देखना जुआ, सट्टा, लॉट्री, शेयर मार्केट या अनायास किसी भी रूप में मुद्रा प्राप्ति (धन) का योग है।

**कीचड़**

कीचड़ में गिरना, लथपथ होना, कीचड़ पड़ना, लक्ष्मी का आगमन है, पर किसी और पर कीचड़ फेंकना धनहानि का संकेत है।

**कील**

देखना, ठोंकना, कील धँसना पारिवारिक सम्पत्ति में शीघ्र बंटवारा होने की नौबत का आ जाना है।

**कुंडल**

कानों में कुंडल पहिनना, देखना किसी अप्रत्याशित संकट में पड़ जाने की सूचना है।

**कुटिया**

देखिये 'झोपड़ी'

**कुदाली**

खाली कुदाली या कार्यरत कुदाली देखना, कोई नया कार्य प्रारंभ होने की सूचना है।

**कुबड़ा**

कुबड़ा / कुबड़ी देखना कार्य में विघ्न उत्पन्न होने का सूचक है।

**कुमकुम**

किसी भी रूप में कुमकुम देखना कार्य में सफलता का सूचक है।

**कुमारी पूजन**

दुर्लभ स्वप्न है। यदि देख लिया तो जीवन धन्य हो गया। देवी मां की कृपा और आशीर्वाद से जीवन धन - धान्य से भरपूर होकर रहेगा।

**कुमुद/कुमुदिनी**

देखना शुभ है।

**कुरता/कुरती**

सफेद रंगा का देखना, पहिनना शुभ। अन्य रंगों का अशुभ। अन्य रंगों का देखने पर किसी भी प्रकार के वाहन का प्रयोग न करें।

**कुरसी**

पर बैठना पदावनति, व्यापार, कार्य में हानि का सूचक है। टूटी कुर्सी पर बैठना देखना शुभ है।

**कुरान**

पढ़ना, देखना, सुनना बहुत ही शुभ है, पर यह दुर्लभ स्वप्न है और केवल अयन्त भाग्यवान ही इसे देख सकते हैं।

**कुलचे**

छोले कुलचे खाना, देखना मिष्ठान्न प्राप्ति का संकेत है।

**कुलफी**

इसका भी फल उपरोक्त है।

**कुझल्हाड़ी**

कुल्हाड़ी चलाना, देखना, किसी स्त्री के प्रति (पुरुष को स्त्री, स्त्री को पुरुष) प्राप्त होने की सूचना है। कुल्हाड़ी में किसी की हत्या करना या हत्या की गई देखना किसी भी वादविवाद, झंझट, मुकदमें में निश्चित विजय की सूचना है।

**कुश**

देखना, अनायास परिवार में धार्मिक आयोजन होना है।

**कुश्ती**

कुश्ती लड़ना, देखना, पराजित होना शुभ है। विजयी होना अशुभ। गृहकलह, पारिवारिक वाद विवाद का संकेत / पदक आदि प्राप्त करते देखना या प्राप्त करना अपमानित होने का संकेत है।

**कुष्ठ**

होना, देखना, कुष्ठरोगी को देखना, स्पर्श करना अनायास ही धनलाभ का निश्चित संकेत है। स्वप्न में कुष्ट रोगी की सेवा करना निश्चित ही उच्च पद या सम्मान शीघ्र मिलने का संकेत है।

**कुहनी**

मारना, से मार खाना, देखना किसी हाथ में चल रहे कार्य के प्रति प्रशंसा पाने की सूचना है। श्रद्धा, सम्मान, पुरस्कार, प्रशंसा का योग बनता है।

**कुहरा**

देखना, कुहरे में चलना तात्कालिक दुःखों से छुटकारा पाने का लक्षण है।

**कुहराम**

मचा या उसमें शामिल देखना किसी हंसी खुशी के आयोजन में भाग लेने का सूचक है। कुहराम के साथ साथ कोई 'शव' भी दीख पड़े तो वह किसी भी उचित कार्य की सफलता का स्पष्ट संकेत है।

**कुहासा**

देखिए 'कुहरा'।

**कूची**

दीवार, फर्श या अन्य किसी वस्तु पर कूची फेरना बनता काम बिगड़ जाने का लक्षण है। किसी लिखावट पर कूची फेरना पारिवारिक कुटुम्ब, संबंधी वर्ग के किसी सदस्य से सदा के वियोग हो जाने का संकेत है।

**कूड़ाकर्कट**

देखना नये वस्त्र प्राप्त होने का संकेत है।

**कूदना**

किसी ऊंचे स्थान से कूदना उदर पीड़ा होने का संकेत है।

**कृपाण**

लेकर चलना या देखना धार्मिक आस्था में वृद्धि का लक्षण है।

**कृषि**

देखिए 'खेत'।

**कृष्ण**

देखिए 'काला'।

**केंचुआ**

देखना शरीर में फोड़ा फुंसी, मवाद वाले घाव का संकेत है।

**केंचुल**

किसी भी सांप की केंचुल देखना शुभ है। प्रत्येक कार्य में विजय। सर्वत्र वाह! वाह!

**केतकी/किवड़ा**

केतकी के फूल, पौधा, पत्तियां, देखना सत्संग या किसी धार्मिक आयोजन में भाग लेने की सूचना है।

**केवट**

देखिए 'मल्लाह'।

**केश**

केश संवारना, धोना, किसी तीर्थ यात्रा में जाने का संयोग हैं। केश कटवाना, संतान या पति, पिता को कष्ट होने का संकेत है। यह फल केवल स्त्रियों के लिए है। पुरुषों के फल के लिए देखिए बाल।

**कैंची**

चलाना, कुछ काटना, देखना, वार करना किसी से अकारण वादविवाद तीव्र रूप में होने का संकेत है।

**कैदी/कैद**

अपने को कैद में देखना, किसी कैदी को देखना तत्काल परदेश गमन का संयोग आ पड़ने का संकेत है।

**कैलाश**

पर्वत देखना अत्यन्त शुभ है, पर दुर्लभ स्वप्न है। जिसने भी देखा उसकी शवयात्रा में सैंकड़ों लोग दुखी मन से भाग लेंगे।

**कोचना**

किसी भी वस्तु या शरीर के किसी अंग में किसी को कोचना शत्रु द्वारा परास्त होने का लक्षण है।

**कोठा**

देखिए 'वेश्या'।

**कोड़ा**

कोड़े से मार खाना, मारना, शत्रु को परास्त करना है। पीठ पर कोड़े खाना शुभ स्वप्न है। यह उन्नति प्राप्ति का संकेत है।

**कोढ़/कोढ़ी**

देखिए 'कुष्ठ'।

**कोपीन**

देखिए 'लंगोट'।

**कोयल**

देखना, स्वर सुनना सारा दिन आनंदपूर्वक व्यतीत होने का लक्षण है।

**कोश**

अपने या किसी और के अंडकोश देखना रति सुख मिलने की सूचना है।

**कौड़ी**

खेलना, संग्रह देखना धनसम्पदा में वृद्धि की सूचना है।

**कौर**

सपने में मुंह का कौर बाहर गिरना किसी प्रिय की मृत्यु की सूचना है।

**कौवा**

देखना, कांव कांव सुनना परिवार में अतिथि आगमन का संकेत है।

**क्रियाकर्म**

करना, देखना बड़ा ही शुभ है। हर कार्य में निश्चित सफलता की सूचना है। यह एक बड़ा सुखद स्वप्न माना गया है।

**क्रीड़ा**

देखिए 'खेलकूद'।

**क्लीव**

देखिए ' नपुंसक', 'हिजड़ा'।

**क्वाथ**

बनाना, पीना लंबे समय के लिए खाट पकड़ लेने का संकेत है।

**क्षीर**

देखिए 'दूध' ।

## ख

**खंग**

देखिए 'तलवार'

**खंजड़ी**

देखिए 'डफली'।

**खजूर**

खाना, पेड़ देखना समुद्र यात्रा या नौकानयन करने का लक्षण है।

**खटमल**

का काटना, देखना, मारना शत्रु को परास्त कर पाने की सूचना है।

**खटाई**

स्त्री का खटाई खाना, देखना उसके शीघ्र गर्भवती होने का संकेत है। पुरुष के देखने पर कहीं से पार्टी/दावत निमंत्रण मिलने का संकेत है।

**खपरैल**

देखना नये भवन या कोई नया निर्माण कार्य शुरु हो जाने का संकेत है, जो सफलतापूर्वक सम्पन्न हो सकेगा।

**खरीदना**

जिस वस्तु को खरीदते हुए देख तेहैं, तो चोरी हो जाने की संभावना और अगर खरीदने की इच्छा है, तो वह पूरी न हो सकेगी।

**खरोंच**

स्वप्न में शरीर के जिस स्थान पर खरोंच लगे वह अंग स्वस्थ बने रहने की सूचना। •

**खर्राटे**

स्वप्न में खर्राटे भरना अगले दो तीन दिन तक मानसिक परेशानी झेलने का लक्षण है।

**खल्वाट**

देखिए 'गंजा'।

**खाक**

देखिए 'राख'

**खाट**

देखिए 'चारपाई'।

**खाना**

देखिए 'भोजन'।

**खिचड़ी**

खाना, देखना अगले दिन अत्यन्त स्वादिष्ठ भोजन प्राप्त करने का संयोग है।

**खिजाब**

लगाना, देखना सर्दी होने की सूचना है।

**खिड़की**

के पास खड़े होना, देखना, कूदना काम बिगड़ जाने से अत्यन्त निराशा के जन्म लेने की पूर्व सूचना है।

**खिलखिलाना**

खिलखिलाकर हंसना किसी दुःखदायी समाचार मिलने की संभावना की सूचना देता है।

**खींचातानी**

करना, करते देखना परिवार में सुख शान्ति होने के लक्षण हैं।

**खीर**

खाना, देखना अगला दिन शुभ होने की पूर्व सूचना है।

**खुजली/खुजलाना**

खुजली होना, देखना, खुजलाना, या किसी को खुजाना रोग से मुक्ति की सूचना है।

**खुर**

गाय के खुर देखना शुभ, बैल, गधे के अशुभ है। भैंस के खुर देखना गंभीर रूप से बीमार पड़ने की सूचना है।

**खुशबू**

देखिए 'सुगंध'।

**खूनखराबा**

सपने में खून खराबा होते देखना, उसमें भाग लेना पारिवारिक सुख शांति बढ़ने की सूचना है।

**खेत**

खाली खेत खलिहान देखना शुभ है। लहलहाता खेत, भरा खलिहान देखना अशुभ है। वह संकट का सूचक है।

**खेलकूद**

देखना, भाग लेना उन्नति का सूचक है।

**खोजा**

देखिए 'नपुंसक'

**खोपड़ी**

आदमी की खोपड़ी देखना बौद्धिक कार्यों में सफलता का सूचक और अन्य जीवों की खोपड़ी देखना किसी कार्य में भारी भूल या असावधानी हो जाने का संकेत, जिसके कारण बेहद पछताना पड़ सकता है।

**खोपरा**

देखिए 'नारियल'।

**खोलना**

संदूक खोलना धनहानि, अलमारी खोलना परिवार में चोरी का संकेत, दरवाजा खोलना अतिथि आगमन की सूचना, किसी मशीन, यंत्रादि का खोलना डिग्री डिप्लोमा मिलने की संभावना।

## ग

**गंगा**

के दर्शन स्वप्न में होना दुर्लभ है, पर हो जाये तो शेष जीवन सुखमय बीतने की संभावना, गंगास्नान देखना और भी शुभ है।

**गंजा**

खल्वाट खोपड़ी, गंजा आदमी देखना कहीं से पुरस्कार पाने के संयोग का लक्षण है।

**गंडा**

देखिए 'तावीज'।

**गंध**

स्वप्न में गंध का अनुभव करना कार्य में सफलता और प्रशंसा प्राप्त होने की सूचना है।

**गज**

देखिए 'हाथी'।

**गदहा**

देखिए 'गधा'।

**गदा**

देखना, चलाना शत्रु से परास्त होने का संकेत है।

**गमला**

खाली गमला देखना सारा दिन झंझट परेशानियों से कटने की सूचना, फूलों भरा गमला देखना शुभ है। सारा दिन प्रसन्नता में बीतने का संकेत।

**गरदन**

झुकी गरदन देखना, गरदन झुकाकर बैठ पाना विजय सफलता का संकेत। गरदन पर वार/चोट होना तथा कारोबार शुरू होने की संभावना।

**गरम**

स्वप्न में किसी गरम वस्तु से जल जाना, देखना कोई रुका काम बन जाने की संभावना है।

**गरुड़**

गरुड़ देखना दुर्लभ स्वप्न है। देखने पर धन संपदा में वृद्धि और सभी प्रकार के संकटों से छुटकारा पाने का संकेत है।

**गर्द**

देखिए 'धूल'।

**गर्दभ**

देखिए गधा।

**गर्भ**

गर्भवती स्त्री देखना, गर्भ गिरना संतान के सुखमय जीवन होने का लक्षण है।

**गर्री**

देखना, चलाना नाना प्रकार के प्रपंचों में उलझ जाने की पूर्व सूचना है। एक के बाद कुछ न कुछ उलझन आती रहेंगी।

**गलगलिया**

एक प्रकार की चिड़िया। इसे देखना कुछ न कुछ हानि का लक्षण है।

**गलबहियां**

देखिए 'आलिंगन'।

**गला**

गला फाड़कर चिल्लाना घर में सुख शांति का लक्षण है। गला कटा देखना या काटना उन्नति (किसी भी कार्य या पद में) होने का लक्षण है।

**गलना**

किसी भी वस्तु का गलना देखना, गलाना शारीरिक कमजोरी से शीघ्र पीड़ित होने का लक्षण है।

**गली**

संकरी गली देखना या उसमें से जाना कार्य की सफलता और प्रगति का सूचक है। यह एक शुभ-सुखद स्वप्न माना गया है।

**गलीचा**

गलीचा देखना, बैठना, चलना अशुभ है। यह अवनति की पूर्व सूचना है।

**गीता**

दुर्लभ स्वप्न है। करोड़ों में किसी एक ने देख लिया तो जीवन सार्थक है। गीता, पढ़ना, देखना, छूना अत्यन्त श्रेष्ठ स्वप्न है।

**गीदड़**

देखिए 'सियार'।

**गीला**

कोई गीली चीज देखना, स्पर्श करना गंभीर रूप से अस्वस्थ होने की सूचना है।

**गुड़**

खाना, देखना शुभ लक्षण है। यह जीवन उन्नतिशील होने का संकेत है।

**गुठली**

खाना, देखना, फेंकना धनागम की सूचना है।

**गुड़िया**

क्वांरे स्त्री पुरुष द्वारा गुड़िया देखना शीघ्र विवाह हो जाने का संकेत है। विवाहितों द्वारा देखना संतान प्राप्ति का लक्षण है।

**गुड्डी**

देखिए 'गुड़िया'।

**गुत्थमगुत्था**

छीनाझपटी देखना शुभ माना गया है।

**गुदड़ी**

फटी पुरानी गुदड़ी देखना नये कपड़े मिलने का संकेत

है।

**गुरु**

सपने में गुरू को देखना शुभ है। प्रत्येक कार्य में सफलता का संकेत है।

**गृह**

देखिए 'घर'।

**गेरुआ**

गेरुआ कपड़े देखना, पहिनना सुखद गृहस्थ जीवन का और पत्नी के द्वारा सुख प्राप्त करने का लक्षण है।

**गौचर**

भूमि देखना नयी अचल सम्पत्ति मिलने का शुभ संकेत है।

**गोता**

पानी में गोता लगाना संकट से उद्धार का लक्षण है।

**गोली**

चलते देखना, चलाना आने वाले संकट से निश्चित छुटकारे का लक्षण है।

**ग्वाला/ग्वालिन**

दूध समेत देखना लाभदायक यात्रा का संयोग बनने की सूचना है।

# घ

**घंटा**

घंटे की आवाज सुनने पर कम से कम एक सप्ताह तक घर द्वार, बाहर निकलने पर सर्तकता बरतें, घर में चोरी, जेबकटी, दुर्घटना की संभावना है।

**घंटाघर**

देखना अशुभ है।

**घड़ी**

देखना, पहिनना, यात्रा का संकेत है।

**घन**

देखिए 'बादल'।

**घर**

बना बनाया घर देखना अचल संपत्ति में हानि होने का संकेत है। टूटा फूटा देखने पर अचल संपत्ति में वृद्धि की सूचना है।

**घाघरा**

पहिने स्त्री को देखना (पुरुष का) स्त्री सुख की प्राप्ति और स्त्री के देखने पर पति सुख की प्राप्ति।

**घाट**

नदी, तालाब, बावड़ी का घाट देखना, घाट पर नहाना, बैठना तीर्थस्थान या पवित्र धार्मिक स्थल की यात्रा का संकेत है।

**घाम**

देखिए 'धूप'।

**घायल**

किसी को, खुद को घायल देखना संकट से उद्धार होने का निश्चित संकेत है।

**घिघियाना**

किसी भयानक स्वप्न को देखने पर घिघियाना तत्काल भारी लाभ की सूचना है।

**घुटना**

घुटना टेकना, घुटनों पर हाथ फेरना किसी से भी अकारण वाद विवाद का प्रतीक है।

**घुड़साल**

देखिए 'घोड़ा।

**घूंघट**

घूंघट देखने पर नया कारोबार शुरू होने की संभावना अथवा नया पद मिलने का संकेत।

**घुंघरू**

बजते देखना, बजाना, पहिनकर नाचना किसी रंगारंग प्रोग्राम में भाग लेने का पुरस्कार प्राप्त करने का सूचक है।

**घूंट**

घूंट घूंट कर कुछ भी पीना शीघ्र बीमार पड़ने का लक्षण है।

**घोंघा**

देखना व्यापार में लाभ या वेतन में वृद्धि की से भावना का संकेत है।

**घोड़ा/घोड़ी**

घोड़े पर बैठना, रेस करना किसी कार्य में विजय-सफलता का सूचक है। सजा-सजाया केवल घोड़ा देखना

अशुभ, खाली घोड़ा देखना शुभ। किसी संबंधी द्वारा धन लाभ का संकेत।

## च

**चंग**

बजाना, देखना किसी अशुभ समाचार आने का संकेत है।

**चंगुल**

देखना शुभ है। प्रत्येक कार्य में सफलता और प्रशंसा, सम्मान मिलने का संकेत है।

**चन्दन**

की लकड़ी देखना अशुभ/चंदन घिसना शुभ और चंदन का तिलक लगाना सर्वत्र सम्मान मिलने की सूचना।

**चन्द्रग्रहण**

देखना अशुभ, सारे कार्य बिगड़ जाने की सूचना है।

**चंपा**

का फूल देखना, खुशबू महसूस करना बीमार पड़ जाने की संभावना की सूचना है। चंपा का फूल नाक से लगाना, चोट लगने की संभावना है।

**चंवर**

देखना, डुलाते देखना दुर्लभ स्वप्न है। देखने पर राज्यसम्मान व प्राप्ति की संभावना का एक प्रबल लक्षण है।

**चकवा/चकवी**

अकेले या साथ देखना दाम्पत्य सुख की प्राप्ति की सूचना है।

**चटाई**

पर लेटना, खाली चटाई देखना किसी विपरीत लिंगी का प्यार मिलने की सूचना है। चटाई सिर पर लेकर चलना अशुभ है।

**चट्टानें**

काली चट्टाने देखना काम बनने का लक्षण और सफेद चट्टानें देखना अशुभ और कार्य बिगड़ने की सूचना है।

**चढ़ना/चढ़ाई**

चढ़ाई पर जाना, ऊंचे स्थान पर चढ़ना अवनति का सूचक है।

**चद्दर**

देखिए 'चादर'।

**चना**

कच्चे/भुने चने खाना स्वादिदिष्ठ भोजन मिलने की सूचना है। जमीन पर चने बिखरे देखना उस दिन परिस्थितियोंवश भूखा रहना पड़े।

**चपत**

चपत खाना शुभ/चपत मारना अशुभ।

**चमगादड़**

चमगादड़ देखना विदेश यात्रा का संयोग बनने का लक्षण है। चमगादड़ लटके देखना अशुभ है।

**चमार**

देखना, जूते सिलना या सिलवाना काफी लंबी यात्रा पर

जाने का संयोग है। टूटे फूटे जूते पहिनना, देखना अनायास धन प्राप्ति का संकेत है।

**चमेली**

का फूल देखना, सूंघना, महक महसूस करना तेज स्वर से पीड़ित होने, खाट पकड़ने का संकेत है।

**चरखा**

चलाना, देखना, घर की कोई यंत्र चालित वस्तु का बिगड़ जाना संकेत करता है। ढका चरखा देखना किसी शवयात्रा में जाने की सूचना है।

**चरण**

देखिए 'पैर'।

**चरणपादुका**

लकड़ी की खड़ाऊं, पहिनना, देखना धार्मिक उत्सव का होना, भाग लेने की सूचना है।

**चरबी**

किसी भी जीव जंतु की चरबी देखने पर घर में या अन्यत्र आग लगने देखने का पूर्व संकेत है।

**चरवाहा**

देखिए 'गाय, भैंसा, बकरी'।

**चरस**

चरस पीना, पीते देखना धनहानि के प्रति सावधान रहने की सूचना है। सामूहिक रूप से पीते देखने या इसमें स्वयं को पाने पर किसी से अकारण मारपीट करने/होने का योग बनता है।

**चर्म**

गाय, भैंसे, बकरी का चर्म अशुभ। व्याघ्र -चर्म देखना अत्यन्त शुभ।

**चलना**

आग पर चलना पदोन्नति, कारोबार में सफलता, पानी पर चलना कारोबार में हानि, पदावनति, आकाश में चलना अपमानित होने की सूचना, अचानक अस्वस्थ हो जाने का संकेत।

**चश्मा**

स्वप्न में चश्मा टूटना, खो जाना, ढूंढ़ना, परिवार में छोटी बड़ी चोरी होने का पूर्वाभास है।

**चहारदीवारी**

से कूदना, फांदना कार्य में बाधा, उच्चाधिकारियों द्वारा फटकार, जवाब तलब या अनुशासन की कार्यवाही, कारोबार में धोखा, केवल चारदीवारी देखना किसी इल्जाम का शिकार बनना हैं।

**चांदी**

चांदी या चांदी के जेवर अथवा चांदी के बने अन्य सामान देखना पत्नी से गहरे विरोध/वादविवाद या संबंध विच्छेद की स्थिति की सूचना है।

**चाटना**

किसी चीज को चाटना स्त्री सुख की प्राप्ति का संकेत है।

**चातक**

की आवाज सुनना पति या पत्नी में, पत्नी का पति से काफी दूर चले जाने का योग बनता है।

**चादर**

चादर ओढ़कर सोना दीर्घायु का लक्षण है। चादर लपेटकर पहिनना गृहकलह, चादर फैलाना दाम्पत्य सुख में वृद्धि, समेटकर रखना अकारण वादविवाद, धोबी को देना, घर में चोरी

या किसी वस्तु से नुकसान की सूचना है।

**चिट्ठी**

देखिए 'पत्र'।

**चिड़िया**

बैठी देखना, अतिथि आगमन का सूचक, उड़ती देखना यात्रा का संयोग, चहचहाहट सुनना परिवार में रोना पीटना होने की संभावना, मरी हुई देखना मार्ग में अनायास धन लाभ।

**चित्र**

देखिए 'तस्वीर'।

**चिराग**

देखिए 'दीपक'।

**चुम्बन**

समान वय की स्त्री/पुरुष से चुम्बन अशुभ। छोटे बच्चे से चुंबन अत्यन्त शुभ लक्षण है। किसी बड़े बूढ़े द्वारा चूमे जाने पर मान सम्मान प्राप्ति का योग बनता है।

**चुटकी**

चुटकी काटना, काटते देखना परिवार से गहरा विरोध होने, तीव्र वाद विवाद का योग बनता है।

**चुनरी**

देखना परिवार में सुखशान्ति या किसी नये सदस्य (शिशु) के आगमन की सूचना है। चुनरी ओढ़े कन्या (दस वर्ष तक की बालिका) देखना अत्यन्त शुभ है। उस दिन प्रत्येक संभव मनोरथ की पूर्ति होने की आशा है।

**चूड़ियां**

काले रंग की चमकीली, कामदार देखना विवाहित स्त्री के लिए पति से वियोग, केवल काली चूड़ियां पति मिलन का

संकेत। पुरुष द्वारा देखने पर पत्नी से वियोग, द्वितीय दृश्य में पत्नी मिलन। टूटी चूड़ियां देखना, फोड़ना स्त्री के लिए पति का दीर्घायु होना और पुरुष देखे तो स्त्री दीर्घायु हो। सफेद चूड़ियां देखना, यश धन लाभ का संकेत है। चूड़ीवाला/चूड़ीहारिन देखने पर पुरुष के लिए पत्नी के आगमन की और स्त्री के लिए पति के आगमन की सूचना है। अविवाहितों द्वारा केवल सफेद को छोड़कर बाकी सभी चूड़ियों का देखना विवाह शीघ्र होने का संकेत है।

**चूल्हा**

बुझा खाली चूल्हा देखना उत्तम भोजन की प्राप्ति का लक्षण। खाना पकाना देखने पर अतिथि का आगमन। बुझाते देखना परिवार के किसी सदस्य का यात्रा पर गमन। चूल्हे का धुआं आंखों में लगना, आंसू आना परिवार में हंसी खुशी का वातावरण या किसी सुखद कार्यक्रम के आयोजन की पूर्व सूचना।

**चूहा**

देखना अशुभ, छछूंदर देखना शुभ, चूहेदानी में चूहा फंसा देखना शरीर को कष्ट, बाहर निकालते-फेंकते देखना अपयश लगने की संभावना, मरा चूहा देखने पर धन लाभ।

**चेचक**

निकलना, चेचक पीड़ित स्त्री पुरुष/बालक देखना अत्यन्त शुभ है। अनायास सभी दुःख कटने, धन-धान्य प्राप्त होने और सुखद जीवन पाने का संकेत है। छोटे दाने होने पर यह योग कुछ अल्प होता है।

**चेहरे**

अस्पष्ट धुंधले चेहरे देखना शुभ है।

**चोंच**

लम्बी चोंच वाला पंछी देखना, बुद्धिबल के द्वारा

सफलता प्राप्त करने का सूचक है।

**चोट**

शरीर पर कहीं भी चोट लगने का स्वप्न देखने का फल यह है कि वह अंग स्वस्थ रहने का लक्षण है।

**चोटी**

पहाड़ या किसी ऊंची चोटी पर अपने या किसी और को देखना अवनति का सूचक है। किसी या अपनी चोटी (शिखा) खड़ी देखना अशुभ, लम्बी लेटी देखना शुभ माना गया है।

**चोर**

चोर पकड़ना, देखना, भागना धन प्राप्ति का संकेत है।

**चोली**

काले रंग की चोली पहिने स्त्री का देखना पुरुष के लिए शुभ है। सफेद या अन्य रंग अशुभ हैं। स्त्री का काली चोली देखना पिया मिलन का संकेत है और अन्य रंग पति से वाद-विवाद या कड़ुवाहट उत्पन्न होने का योग है।

**चौंकना**

स्वप्न देखकर तत्काल चौंकना, नींद का टूटना स्वप्नफल निरर्थक कर देता है।

**चौका**

चौके (रसोईघर) में बैठकर भोजन करना धन-धान्य वृद्धि का संकेत है।

**चौकी**

नंगी चौकी पर बैठना, देखना बहुत शुभ। चौकी पर कोई देवी देवता बैठे देखे, तो यह अत्यन्त शुभ स्वप्न है, पर यह दुर्लभ स्वप्न स्थिति है।

**चौकीदार**

पहरे पर चौकीदार देखना या उसकी आवाज का सुनना 'जागते रहो' का संकेत अचानक किसी भी प्रकार से धनागम का संकेत है।

**चौकोर**

स्थान या वस्तु देखना किसी संकट के आगमन की सूचना है।

**चौखट**

दरवाजे या खिड़की की चौखट पर पैर रखना, सिर रखना, देखना, अचल सम्पत्ति में अचानक हानि का संकेत है।

**चौपाल**

खाली चौपाल देखना यश मिलने का संकेत, खाली न हो, जमावड़ा हो, तो अपयश लगने की संभावना का संकेत है।

**चौमुहानी**

पार करना संकट से मुक्ति, देखना, ठिठके रहना किसी संकट का सूचक है।

**चौलाई**

के पत्ते देखना, खाना, पेट खराब होने का लक्षण है।

**चौसर**

महिला के साथ चौसर खेलना, मिलन। पुरुष के साथ खेलना शत्रु की प्रबलता और खाली चौसर देखना, खेलना डूबा या कर्ज दिया गया धन बिना झंझट मिलने की संभावना।

**च्यूंटी**

सफेद चीटियां देखना धन लाभ, काली चींटियां देखना लड़ाई-झगड़े होने का संकेत। बड़ी चीटियां देखना अशुभ और काले चींटे देखना परिवार में मेहमानों का एक के बाद एक लगातार आगमन, परेशानी।

# छ

**छंगा**

छह अंगुलियों वाला हाथ देखना शुभ लक्षण है। अपने ही हाथ में यह देखना और भी शुभ है। सुखद समारोह/मिलन का सूचक है।

**छंटनी**

किसी कार्य में/सें अपनी छंटनी देखना पदोन्नति का सूचक है।

**छकड़ा**

बोझ उठाने वाली गाड़ी देखने पर धन - हानि, खाली देखने पर धन - लाभ।

**छछूंदर**

देखना शुभ है।

**छड़ी**

छड़ी से पिटना परिवार में किसी बड़े सदस्य का आगमन, खाली छड़ी देखना, यात्रा में किसी भले मानुस का निर्देशन प्राप्त करना, छड़ी से किसी को पीटना शत्रु को परास्त करना है। पतली छड़ी देखने पर ही यह फल बतलाये गये हैं। विशेष देखिए, 'डंडा'।

**छत**

खाली छत देखना, अकेले छत पर खड़े होना किसी सुखद समाचार की प्राप्ति का संकेत है। किसी के साथ रहना परिवार में बड़े सदस्यों से डांट खाना है। छत पर से गिरना, किसी और का गिरना, छोटे बच्चे का गिरना देखना नयी योजनाएं साकार होने का

संकेत है।

**छत्ता**

मधुमक्खियों का छत्ता देखना धन लाभ, तोड़ना धन हानि, मधुमक्खी छत्ते से शहद का टपकना जेब कटने की संभावना का संकेत है।

**छपाई**

कागज या कपड़े पर छपाई करना, करते देखना पड़ोसी या परिवार के किसी सदस्य द्वारा अपमानित होने या कलंक लगने की पूर्व चेतावनी है।

**छप्पर**

देखिए 'खपरैल'।

**छम्छम्**

कहीं दूर से पायलों की छम्छम् का सुनना परिवार में किसी रिश्तेदार या परिचित महिला के आगमन का संकेत है।

**छर्रा**

स्वयं या किसी अन्य को छर्रा लगना, लगते देखना कार्य की सफलता है, पर अन्य जीव को लगते देखना नुकसान उठाने की संभावना का संकेत है।

**छलकना**

भरे घड़े का छलकना देखना उस दिन सारे कार्य सफल होने की सूचना माना गया है।

**छलनी**

गोलियों या किसी धारदार हथियार से किसी का या अपना शरीर छलनी देखना अचल सम्पत्ति का योग है।

**छलांग**

भरना, भरते देखना घटना में आहत होने का सूचक

संकेत है।

**छल्ला**

देखिए 'मुद्रिका'।

**छाता**

ओढ़ना, खोलकर लगाना विपत्ति का सूचक है। बंद छाता संकट से रक्षा का संकेत है। धूप में छाता लगाना, देखना या बारिश में अशुभ समय का संकेत है।

**छाती**

स्त्री की नग्न छातियां देखना काम सुख की प्राप्ति, उनका स्पर्श पत्नी वियोग/स्त्री द्वारा देखने पर गर्भवती होने की संभावना, स्पर्श करना, करते देखना शिशु के या शिशु अभाव में स्वयं के अचानक बीमार पड़ने की संभावना है।

पुरुष द्वारा पुरुष की बिना बाल की छातियां देखना मित्र से बिगाड़, बालदार छाती देखना मित्र द्वारा सहायता मिलना। स्त्री के देखने पर पति बिछोह और दूसरी दशा में पिया मिलन।

**छापाखाना**

प्रिंटिंग प्रेस देखना परीक्षा या प्रतियोगिता में सफल होने की पूर्व सूचना है।

**छायाचित्र**

देखिए 'फोटो'।

**छावनी**

स्वयं को या किसी और को पुलिस या सेना की छावनी में देखना, पुरस्कार या प्रमाणपत्र मिलने का संकेत है।

**छिद्र**

देखिए 'छेद'।

**छिपकली**

देखना व्यापार या कार्य में अचानक लाभ। पूंछकटी

छिपकली देखना और भी शुभ है। बदन पर रेंगते देखने पर अनायास धन लाभ का संकेत है।

**छींक**

छींकना या देखना काम में बाधा पड़ने की सूचना है।

**छींटे**

कीचड़ के छींटे पड़ना शुभ। खून या अन्य छींटे पड़ना, पड़ते देखना अशुभ है। तीन दिन तक कोई नया कार्य न करने की बात कही गयी है।

**छीछड़ा**

देखिए 'लोथड़ा'।

**छीनाझपटी**

करना, करते देखना, परिवार में आमोद प्रमोद का होना कहा गया है।

**छुरा/छुरी**

देखना, मारना, लगना परिवार से वाद - विवाद की समाप्ति का सूचक है।

**छोरा/छोरी**

देखिए 'लड़का/लड़की'।

**छोले**

खाना देखना शुभ है।

## ज

**जंगल**

देखिए 'वन'।

**जंघा**

देखिए 'जांघ'।

**जंजीर**

देखना, जकड़े जाना या किसी को जकड़े देखना सभी प्रकार के संकटों से छुटकारा मिलने का संकेत है।

**जंतर मंतर**

करना, करते देखना अशुभ है। परिवार के सदस्यों को यह परेशानी होने का संकेत है।

**जटा**

जटाधारी साधु देखना भाग्योन्नित का लक्षण है। वटवृक्ष की जटाएं देखना और भी शुभ।

**जड़ी-बूटी**

देखना, खाना, तोड़ना, पीसना, उत्तम स्वास्थ्य बने रहने का संकेत है।

**जननेंद्रिय**

किसी भी प्रकार की जननेन्द्रिय देखना कामसुख की प्राप्ति का संकेत है।

**जबान**

देखिए 'जीभ'।

**जमघट**

लोगों का जमघट देखना किसी कार्य में प्रशंसा प्राप्त होने का संकेत है।

**जय**

अपनी या औरों की जय - जयकार सुनना किसी मुसीबत में पड़ने की पूर्व सूचना है।

**जरदा**

खाना, देखना, दांतों में कीड़े पड़ने, सड़न होने का संकेत है।

**जरदी**

अंडे की जरदी देखना, खाना, किसी से अकारण वाद विवाद का सूचक है।

**जल**

देखिए 'पानी'।

**जलद**

देखिए 'बादल'।

**जलना**

आग में जलना, मान सम्मान पाना, किसी गरम चीज वस्तु द्रव्य से जलना उच्च पद प्राप्ति की सूचना है।

**'जल प्रपात**

**जलप्लावन**देखिए 'झरना'।

देखिए 'प्रलय'।

**जल्लाद**

देखना, उसका फांसी लगाना या कत्ल करना देखना अत्यन्त शुभ है। यह एक दुर्लभ स्वप्न है, पर देखने वाला सर्वोच्च सम्मान अवश्य प्राप्त करता है।

**जवाहर**

देखिए 'मणि -माणिक्य'।

**जहर**

देखिए 'विष'।

**जहाज**

पानी का जहाज देखना यात्रा, हवाई जहाज देखना दुर्घटना का सामना होगा, लड़ाकू बमवर्षक जहाज देखना शत्रु पर विजय प्राप्त करना है।

**जांघ**

गोरी जांघें देखना अशुभ, काली जांघे देखना किसी वाहन की प्राप्ति की संभावना की पूर्व सूचना है।

**जांता**

देखना स्वादिष्ठ तृप्तिदायक भरपेट भोजन पाने की पूर्व सूचना।

**जाजम**

काले रंग की खाली जाजम बिछी देखना परिवार में किसी की मृत्यु की सूचना है। लाल या धारीदार जाजम खाली या भरी देखना आनन्दोत्सव का आयोजन होने का संकेत है।

**जादू**

देखना या करना कार्य, प्रतियोगिता, परीक्षा, व्यापार में हानि अथवा बड़े हाकिम की फटकार लगने की सूचना है।

**जामुन**

खाना, खिलाना, या देखना पश्चिम दिशा में तत्काल यात्रा पर जाने की अनिवार्यता का सूचक है।

**जाल**

मछली पकड़ने वाला जाल देखना शुभ है। उनमें मछलियां फंसी हो, तो धन लाभ सुनिश्चित है।

**जाला**

मकड़ी का जाला देखना मुसीबत आने का संकेत है।

**जिन**

का देखना किसी चक्कर में पड़ने, परेशानी आने की पूर्व सूचना है।

**जिल्द**

बंधी किताबें, ढेर देखना असफल होने का पूर्व संकेत है।

**जीभ**

देखना, निकालना, काटना किसी से गहरा वाद विवाद, बहस, झड़प होने की सूचना है।

**जीरा**

केवल जीरा देखना आंखों में रोग होने का संकेत है।

**जुंई जुंआ**

देखिए 'जुंआ'।

**जूना**

देखना, पिटना, पीटना मानसम्मान मिलने का संयोग सूचित करता है।

**जेब**

खाली जेब शुभ। भरी जेब अशुभ।

**जोगी**

देखना, बनना परिवार में नये जीव का आगमन का सूचक है। इकतारा या कोई वाद्य लिए जोगी देखना या इस रूप में स्वयं को पाना और भी शुभ है।

**ज्योति**

किसी भी प्रकार की ज्योति देखना सुखद जीवन प्राप्त करने का संकेत है।

**ज्योतिष**

संबंधी कोई भी कार्य करना, करते देखना संतान के लिए कुछ हानि पहुंचने का संकेत है।

**ज्वर**

पीड़ित होना, किसी अन्य को ग्रसित देखना स्वास्थ्य ठीक रहने का लक्षण है।

**ज्वालामुखी**

शांत या क्रिया करते देखना स्थान परिवर्तन का सूचक है।

## झ

**झंडा**

पूजनीय स्थानों का फहराता झंडा देखना सर्वकार्य विजय का सूचक, जुलूस आदि में झंडे देखना किसी से मारपीट का सूचक, किसी दल विशेष का झंडा देखना उस दल से संबंध विच्छेद या घृणा उत्पन्न होने का संकेत।

**झगड़ा**

करना, होते देखना सारा दिन प्रसन्नता से व्यतीत होना।

**झपट्टा**

मारकर कोई चीज छीनना, छीनते देखना, किसी अन्य जीव पशु-पक्षी का झपट्टा मारकर कुछ चीज छीनकर भागना लाटरी, जुआ, सट्टा, रेस में अचानक ही अप्रत्याशित लाभ की सूचना है।

**झरना**

देखिए 'जल प्रपात'।

**झांकी**

देखना, जुलूस में झांकियों का दृश्य अशुभ है।

**झांटें**

स्त्री पुरुष का देखना काम सुख प्राप्ति की पूर्वसूचना है।

**झाड़झंखाड़**

देखना, उनके बीच से गुजरना दुखों, संकटों से छुटकारा पाने का लक्षण है।

**झालर**

रंगबिरंगी झालरें देखना परिवार सहित दुःखी होने का संकेत है।

**झींगुर**

झींगुरों का स्वर सुनना परिवार में आनन्दोत्सव के आयोजन की संभावना है।

**झील**

झील देखना, तैरना, नाव चलाना, किसी चक्कर में पड़ जाने का संकेत है।

**झुनझुना**

बच्चों का झुनझुना देखना, आवाज सुनना घर में किसी शुभोत्सव के आयोजन का संकेत है।

**झुलनी**

का देखना सौभाग्य -सूचक है।

**झुलसना**

आग से झुलस जाना देखना या किसी और को देखना संकट से मुक्ति का संकेत है।

**झूला**

देखना, झूलना, झुलाना काम/प्रगति का रुक जाना है। सब क्रिया कलाप अधूरे रह जाने की सूचना है।

**झोंपड़ी**

देखना, रहना पूर्ण सुरक्षा की सूचक है। किसी उचित कार्य में कोई खतरा या गड़बड़ी रहने की संभावना नहीं।

**झोली**

फैलाना, डालना, देखना (विशेष रूप से साधु या भिखारी की) अत्यन्त शुभ सफलता, विजय का संकेत है।

## ट

**टंकण**

देखिए 'टाइप' टाइपराइटर'।

**टंकी**

पानी से भरी टंकी देखना शुभ और खाली टंकी देखना अशुभ है।

**टकराना**

निर्जीव पदार्थों से टकराना शुभ है। सजीव से टकराना अशुभ है। उस दिन कोई अप्रिय घटना घट सकती है।

**टका**

देखिए 'रुपया'।

**टट्टी**

स्वप्न में देखना, करना अत्यन्त शुभ। टट्टी से लथपथ देखना या होना प्रचुर मात्रा में सम्पत्ति चल/अचल प्राप्त होने की सूचना है।

**टनटन**

की घंटे की आवाज सुनना दो चार दिन तक सर्तकता बरतने का संकेत है। सावधानी के कारण अशुभ से रक्षा संभव है।

**टमाटर**

कच्चे सफेद पीले टमाटर देखना काम बिगड़ने का संकेत, पर एकदम लाल पके टमाटर देखना काम बनने का संकेत है। यह खाना खाते देखना अशुभ है। टमाटर उखाड़ना, कुचलना भी अशुभ है।

**टर्रटर्र**

मेंढकों की टर्रटर्र सुनना अवांछित मेहमान, मेहमानों के आगमन की सूचना है। साथ मेंढक हो तो देखिए- 'मेंढक'।

**टहलना**

अपने को बगीचे, सड़क किनारे, मैदान, झील, तालाब, नदी किनारे टहलते देखना बीमार पड़ने का और किसी और को देखना स्वस्थ रहने का लक्षण है।

**टांकना**

किसी वस्तु को टांकते देखना उस वस्तु की हानि का सूचक है।

**टांग**

देखिए 'पैर'।

**टाइप**

छापाखाने के टाइप देखना, उनकी सैटिंग करना किसी परीक्षा/प्रतियोगिता में सफलता का लक्षण है। टाइपराइटर पर टाइप करना, करते देखने का भी यही फल है।

**टाइपराइटर**

खाली टाइपराइटर देखना शुभ, टाइप करना, करते देखना और भी शुभ है, पर टाइपराइटर पर सादा कागज

लगाना या इसे देखना अशुभ और काम बिगड़ने का लक्षण है।

**टाइमपीस**

देखिए 'घड़ी'।

**टाई**

सफेद रंग की टाई अशुभ, काले रंग की अत्यन्त शुभ और अन्य रंग की मध्यम शुभ।

**टाट**

पर बैठना, लपेटना, पहिनना, अत्यन्त उत्तम फलदायक है। समाज में उच्च स्थान मिलने का सूचक है। फटा, चीथड़ा, टाट देखना शीघ्रतापूर्वक फल देता है।

**टापू**

टापू देखना, टापू में घिरे पाना किसी आने वाले संकट का सूचक है।

**टिंडा**

देखना, खाना खिलाना, ज्वर से पीड़ित होने का पूर्व संकेत है।

**टिकिट**

किसी भी प्रकार का टिकिट देखना, कटाना, लेना, रखना, देना सब कुछ अशुभ है। समझ लें किसी काम या योजना में 'टिकिट कट गया' (हानि या संबंध का टूटना)

**टिकुली**

देखिए 'बिंदिया'।

**टिटहरी**

देखना, उनका स्वर सुनना किसी की मृत्यु का समाचार आने का पूर्व संकेत है।

**टिड्डा**

देखना नेत्र रोग होने का संकेत है।

**टीका**

देखिए 'तिलक'।

**टीला**

टीला देखना, टीले पर चढ़ना, दौड़ना किसी विचाराधीन कार्य में विजयी होने की सूचना है।

**टुंडा**

होना, देखना कार्य बनने की सूचना है।

**टेलीफोन/टेलीग्राम**

करना, देखना, किसी समाचार आने की सूचना है।

**टैंक**

देखना, बैठना, गृहकलेश का संकेत है।

**टौंटी**

देखिए 'नल'।

**टोकरा/टोकरी**

खाली देखना अशुभ। भरी देखना शुभ। सफाई कर्मचारी की टोकरी देखना अत्यन्त शुभ है।

**टोपी**

केवल लाल रंग को छोड़कर बाकी सब टोपियां देखना लगाना शुभ है।

**ट्रेन**

देखिए 'रेल'।

## ठ

**ठग**

ठग देखना, ठगी करना अनायास धन लाभ का संकेत है।

**ठिठुरना**

ठिठुरना, ठिठुरते देखना उज्ज्वल भविष्य की सूचना है।

**ठेकेदार**

ठेकेदार होना, देखना, ठेका लेना व्यापार में अनायास धन हानि का लक्षण है।

**ठुमुक**

किसी शिशु का ठुमुक ठुमुक चलना देखना अनायास सौभाग्य प्राप्ति का संकेत है। सभी प्रकार से सुखदायक चिन्ह है।

**ठूंठ**

देखना शुभ है।

**ठेला**

ठेला चलाना, देखना किसी कार्य के लिए कड़ी मेहनत, भागदौड़ और परेशानी का सूचक है। खाली ठेला देखना उपरोक्त फल में और वृद्धि करता है।

**ठोंकना**

ताल ठोंकना, ठोंकते देखना शत्रु से पराजित होने का संदेश है।

**ठोकर**

लगना अत्यन्त शुभ लक्षण है। ठोकर खाकर गिरना और अधिक शुभ है। ठोकर लगने, लगती देखने पर खून का निकलना दिखलायी देना निशिचत सफलता का सूचक है।

## ड

**डंका**

बजाना, बजते सुनना, चारों ओर अपयश/बदनामी फैलने की पूर्व सूचना है। एक सप्ताह तक प्रत्येक कार्य अत्यन्त सावधानीपूर्वक सोच-समझकर करें और उत्तेजना, क्रोध पर नियंत्रण रखें। किसी भी प्रकार के बहकावे में न आयें। केवल पूरे प्रमाण, आंखों देखी ही मानें।

**डंडा**

चलाना, चलते देखना, योजना, खाली देखना शत्रुओं की संख्या में वृद्धि होने की सूचना है।

**डकैत**

देखिए 'डाकू'।

**डगर**

देखिए 'राह' रास्ता, मार्ग'।

**डफली**

देखना, बजती सुनना, बजाना, घरपरिवार में शुभोत्सव की सूचना है और साधु या भिखारी को ऐसा करते देखना अत्यन्त शुभ फलदायक स्वप्न है।

**डमरू**

डफली बजाने बजती देखने पर शुभोत्सव पर या स्थान पर धार्मिक आयोजन का संकेत।

**डंसना**

सांप, बिच्छू का डंसना, डंसते देखना दीर्घजीवन और

सम्पदा का संकेत है।

**डाकखाना**

डाकखाना संबंधी कोई भी स्वप्न देखना चिंता उत्पन्न करने वाले समाचार की सूचना है।

**डाकू**

डाकू बनना, डाकू देखना, डाका पड़ना डाका पड़ते देखना गृहस्थी के सामान में भारी वृद्धि का सूचक है। घर गृहस्थी की नयी वस्तुएं घर में आने का संकेत है।

**डाक्टर**

डाक्टर रूप में अपने को, किसी और को देखना सारे दिन आलस्य, निराशा और परेशान रहने का संकेत है।

**डाढ़ी**

सफेद डाढ़ी देखना अशुभ। काली डाढ़ी शुभ।

**डायन**

पुरुष का देखना सुंदर स्त्री से संपर्क होने का संकेत है। स्त्री देखे तो पति द्वारा अपमानित या प्रताड़ित होने की सूचना है।

**डूबना**

पानी में डूबना, डूबते देखना जीवन में उन्नति प्राप्त करने का पूर्व संकेत है। इस दृश्य के साथ तत्काल नींद टूटे और घबराहट हो तो इसका फल और शीघ्र मिलता है।

**डेरा**

देखिए 'घर द्वार'।

**डेहरी**

देखिए 'दरवाजा'।

**डैना**

देखिए 'पंख'।

**डोम**

शवदाह की क्रिया करने वाला डोम देखना उत्तराधिकार में भरपूर सम्पत्ति प्राप्त करने और व्यापार/पद में, प्रचुर लाभ होने का सूचक है।

**डोरा**

देखिए 'धागा'।

**डोली**

खाली डोली देखना अशुभ। दुलहिन बैठी डोली देखना परिवार की महिलाओं के लिए सुखद पर दुल्हा दुल्हन एक साथ बैठे देखना अशुभ है। खुद को डोली में बैठे देखना अस्वस्थ पड़ने का लक्षण है।

## ढ

**ढांकना**

किसी वस्तु को ढंकी देखना या ढांकना कोई हानि होने की पूर्व सूचना है।

**ढेला**

ईंट पत्थर मिट्टी के ढेले देखना, फेंकना अशुभ है।

**ढोर**

देखिए 'जानवर'।

**ढोलक**

देखना, बजाना, ढोलक के स्वर सुनना किसी प्रसिद्ध व्यक्ति से संपर्क या भेंट मुलाकात या उसके दर्शन होने का अवसर प्राप्त करना है।

# त

**तंग**

अपने को या किसी और को तंगहाल देखना समस्या के समाधान हो जाने का पूर्व संकेत है।

**तम्बाकू**

का सेवन करना, खाना, देखना शिरोरोग से पीड़ित होने का संकेत है।

**तम्बू**

देखिए 'शामियाना'।

**तनख्वाह**

देखिए 'वेतन'।

**तप**

करना, करते देखना सुखशान्ति प्राप्ति होने का लक्षण है।

**तबक**

सोने चांदी का तबक देखना, बनाना, पीटना हाथ तंग होने की सूचना है। अर्थाभाव से बेतरह पीड़ित होने की संभावना का संकेत है।

**तबला**

तबला बजना देखना, खाली तबला देखना या बजाना किसी लांछन लगने की सूचना है।

**तमाशा**

खेल तमाशा देखना, बंदर भालू का नाच, सर्कस देखना किसी दुःख से पीड़ित होने का संकेत है।

**तरबूज**

खाना, काटना, देखना अच्छे स्वास्थ्य की सूचना है।

**तराश**

किसी वस्तु को तराशते देखना या करना कार्यक्षमता में गिरावट का संकेत है।

**तरु**

देखिए 'पेड़'।

**तर्कविर्तक**

देखिए 'वाद विवाद'।

**तर्जनी**

में घाव पीड़ा होना, करना कारीगिरी के काम में प्रशंसा प्राप्त होने का संकेत है।

**तर्पण**

करते देखना, करना पैतृक संपत्ति की प्राप्ति अथवा उसमें वृद्धि की सूचना है।

**तलवा**

देखना, धोना, मैल लगना, कांटा कील चुभना यात्रा में लाभ-सफलता की सूचना है। पुरुष द्वारा स्त्री का तलवा देखना कामसुख की प्राप्ति। स्त्री द्वारा पुरुष का तलवा देखा पति भाई, पिता, माता बहिन से कुछ समय बिछोह होने का संकेत है।

**तलवार**

चलाना, भोंकना, किसी को मारना अशुभ। दूसरे को देखना शत्रु पराजय। रक्त रंजित तलवार देखना शत्रुओं पर विजय का संकेत है।

**तवा**

खाली तवा देखना नुकसानदायक, रोटी सेंकते देखना

शुभ है।

**तवायफ**

केवल नाचगाना करने वाली (शरीर पेशा नहीं) देखना घर में सुंदर सुशील बहू का आगमन या लक्ष्मी (धन) प्राप्त होने का संकेत है।

**तश्तरी**

भरी तश्तरी शुभ। खाली अशुभ। उड़न तश्तरी देखना लंबी यात्रा पर जाने की अनिवार्यता का संकेत है।

**तस्करी**

करना, करवाना, करते देखना परिवार में मनमुटाव बढ़ जाने का संकेत है और बंटवारे की भी नौबत आ सकती है।

**तहखाना**

देखना, उसमें प्रवेश करना किसी प्रसिद्ध तीर्थ स्थल की यात्रा का यथाशीघ्र संयोग बनने का लक्षण है।

**तहमद**

देखिए 'लुंगी'।

**ताम्बूल**

देखिए 'पान'।

**ताक -झांक**

करना, करते देखना किसी से मारपीट, कहासुनी, लड़ाई झगड़ा होने की अग्रिम सूचना है।

**ताजिया**

देखना, बनाना, उठाना अत्यन्त शुभ और भविष्य में उन्नति का लक्षण है।

**ताड़**

ताड़ का पेड़ देखना, ताड़ी देखना, पीना दुर्घटनाग्रस्त होने

की चेतावनी है।

**तांबूल**

देखना शुभ है और कोई आनन्ददायक समाचार मिलने की अग्रिम सूचना है।

**ताम्रपत्र**

देखना, पढ़ना, गुप्त धन मिलना या राह में पड़ा धन मिलने का संकेत है।

**तारा**

चमकते, टिमटिमाते देखना अशुभ, टूटते देखना अत्यन्त शुभ। तारों को भागते देखना किसी अनिष्ट की सूचना है। तारों को छूना, उनके बीच से गुजरना परिवार में बड़े बूढ़ों का अचानक आगमन होने की सूचना है। तारों के मध्य किसी आकृति को देखना अशुभ है।

**ताला**

ताला बंद करना शुभ, ताले की कुंजी का खो जाना या ढूंढना धन प्राप्ति का लक्षण है।

**ताली**

तालियों का गुच्छा देखना वस्त्राभूषण की हानि या चोरी का संकेत है। ताली (हाथ) की बजाना, बजते देखना, सुनना अपयश, लांच्छन लगने का संकेत है।

**तावीज**

बांधना, बंधवाना, देखना अपने कार्य के लिए मान सम्मान प्राप्त करना, यशवृद्धि का संकेत है।

**ताश**

खेलना, हारना, जीतना, देखना पड़ोसी से मनमुटाव या झगड़ा हो जाने का संकेत है।

**तितली**

देखना, पकड़ना, संतान के लिए सुखद समय का सूचक है।

**तिजोरी**

खुली धनागम, बंद धन हानि। टूटीफूटी, जर्जर हालत में देखना धन संचय में वृद्धि होना है।

**तिनका**

मुंह में दबाना, हाथ में लेना, उड़ते देखना एक साथ अचानक कई मेहमानों का आगमन होने का सूचक है।

**तिपाई**

देखना, बैठना उच्च पद या सम्मान प्राप्त होने का सूचक है।

**तिल**

काले तिल देखना शुभ। सफेद तिल देखना अशुभ है।

**तिलक**

करना, करते देखना कार्य, व्यापार, नौकरी में बाधा उपस्थित होने का संकेत है।

**तिलचट्टा**

देखना; दूषित खाद्य पदार्थ खाने के कारण बीमार पड़ जाने का संकेत है।

**तिलिस्म**

देखिए 'जादू'।

**तीर्थ**

किसी तीर्थ का, तीर्थयात्रा का स्वप्न दुर्लभ रूप है, पर ऐसा स्वप्न देखना अत्यन्त शुभ और भविष्य में उन्नति, प्रगति, मान सम्मान का सूचक है।

**तुलना**

स्वयं को या किसी और को तुलते (वजन करते देखना, वजन करना) अशुभ है। किसी अप्रत्याशित दुःख का कारण बन सकता है।

**तुला**

तराजू देखना, स्पर्श करना किसी वाद विवाद में या भविष्य में होने वाली इस संभावना में न्याय पाने का संकेत है।

**तूफान**

देखना, तूफान में फंसना, संकट से छुटकारे और शत्रु पर विजय पाने का संकेत है।

**तेल**

या तेल की धार देखना अत्यन्त अशुभ और किसी अप्रिय घटना की सूचना, भयावह संकट या मन-मुटाव की सूचना है। शरीर में तेल मलना ही शुभ है।

**तेली**

तेली के खाली बर्तन देखना शुभ, भरा देखना या तेल बेचते देखना अशुभ है।

**तोंद**

देखना, सहलाना, पीटना, उदररोग होने की सूचना है।

**तोता**

पिंजरे में बंद तोता देखना शुभ है। उड़ता तोता या बाहर बैठा तोता देखना शुभ समाचार आने की सूचना है। तोते की बोली सुनना या बात करना परिवार में छोटे बच्चों का शुभ होने का संकेत है। तोते को कुछ खाने को देना या उसे खाते देखना प्रचुर मात्रा में धन प्राप्त होने का संकेत है।

**तोप**

चलते देखना, गरजना सुनना, मौन रूप में देखना, बड़ी

लम्बी यात्रा पर जाने का योग बनने की संभावना है।

**त्रिकोण**

देखना, बनाना शुभ है। किसी शुभ कार्य में सफलता प्राप्त होने का संकेत है।

**त्रिमुहानी**

देखना, रुके रहना, कार्य में बाधा की सूचना है।

**त्रिशूल**

देखना, स्पर्श करना अत्यन्त उच्च पद की प्राप्ति या महान सफलता की सूचना है।

**त्वचा**

देखिए 'चमड़ी'।

## थ

**थकना**

थककर बैठ जाना, थकावट अनुभव करना उद्देश्य में विजेता बनने का लक्षण है। स्त्री के लिए कोई सहारा या शुभ समाचार का सूचक है। थकावट के कारण गिर पड़ना या देखना और भी शुभ कहा गया है.

**थन**

गाय के थन देखना, स्पर्श करना धन प्राप्ति, बकरी के अशुभ पर सूअर (सुअर) के शुभ। भैंस के थन देखना बीमार पड़ने का संकेत है। गधी के थन देखना बुद्धि बल पर कार्य सफलता का सूचक है।

**थप्पड़**

खाना शुभ/मारना अशुभ, क्लेश का सूचक।

**थाली**

भरी थाली देखना शुभ। खाली थाली देखना शुभ। थाली बजाना या बजने की आवाज सुनना परिवार में किसी नये प्राणी (शिशु) आगमन का संकेत है।

**थूकना**

किसी के द्वारा अपमानित होने का संयोग है।

**थैला/थैली**

भरी थैली शुभ। खाली अशुभ का संकेत है।

## द

**दंगल**

देखना, भाग लेना, कार्य सफलता, विजय का संकेत ।

**दक्षिणा**

लेना, देना, देखना निर्धन होने की सूचना हैं।

**दांतुन**

करना, करते देखना उस दिन या अगले दिन उत्तम भोजन मिलने का संकेत है।

**दफन**

दफन होते देखना दीर्घायु होने का संकेत है।

**दफ्तरी**

कार्य करना, देखना, जिल्दसाजी करना, देखना स्थान परिवर्तन का संकेत है।

**दमकल**

देखना, चलाना, सुख शांति और पारिवारिक उन्नति का चिन्ह है।

**दया**

दया से पीड़ित होना, देखना अगले दिन आलस्य का संकेत है।

**दयनीय**

स्वयं को या किसी अन्य को दयनीय दशा में देखना प्रगति, उन्नति का चिन्ह है।

**दरवाजा**

दरवाजा देखना उन्नति के नये द्वार खुलना, दरवाजे से टकराना, टकराते देखना कार्य में सफलता, दरवाजे का गिरना अशुभ, नये दरवाजे बनाना, बनते देखना नये कार्य का शुभारंभ।

**दरार**

से झांकना, दरार का देखना घर परिवार या मैत्री पार्टनरशिप में फूट का लक्षण है।

**दरी**

पर बैठना, देखना, नया पद प्राप्त करने का संकेत है।

**दर्जी**

दर्जी का कपड़ा सीते देखना, स्वयं देखना, काम बिगड़ने का लक्षण है। फटे पुराने कपड़ों की मरम्मत करना शुभ है।

**दर्द**

से स्वयं छटपटाना या किसी और को देखना संकट, मरण या किसी कानूनी कार्यवाही से छुटकारा पाने का लक्षण है।

**दर्पण**

देखना अशुभ है।

**दलदल**

देखना, काम में ढीलापन सुस्ती आने का लक्षण है। फंस जाना शुभ है। दलदल में पूरे समा जाना या किसी और को देखना

भी शुभ है।

**दवा**

खाना, खिलाना, पीना पिलाना मैत्री प्रगाढ़ होने की सूचना है। दवा का गिरना बीमार के तुरन्त ठीक हो जाने का संकेत है।

**दस्तखत**

देखिए 'हस्ताक्षर'।

**दस्ताना**

काले रंग का दस्ताना देखना, पहिनना शुभ है। दस्ताना उतारना और भी शुभ सुखद समय का सूचक है।

**दहलीज**

पर खड़े होना, किसी को देखना अशुभ, हानि, दुर्घटना का योग सूचक है।

**दही**

देखना, खाना शुभ। दही बिखरा गिरा देखना और भी शुभ है। तत्काल लाभ, सफलता का चिन्ह है।

**दहेज**

लेना, देखना चोरी होने की सूचना है।

**दांत**

धोना, मांजना स्वस्थ बने रहने का संकेत, दांत का टूटना काम का बनना, दांत का दर्द होना, किसी और को देखना नये कार्य का शुभारंभ।

**दांव**

लगाना, देखना भारी हानि उठाने की सूचना है।

**दाग**

दागदार कोई भी वस्तु देखना किसी के द्वारा विश्वासघात

होने की सूचना है। मित्र, परिवार का कोई सदस्य भारी विश्वासघात कर सकता है।

**दाढ़ी**

दाढ़ी देखना, हाथ फेरना उदासीनता की सूचना है। काटना, काटते देखना विचाराधीन कार्य स्थगित होने या समाप्त होने की सूचना है।

**दाद**

होना, देखना अपमानित होने का संकेत है।

**दादा/दादी**

स्वर्गीय दादा दादी को सपने में देखना सभी कार्य बनने और अपने क्षेत्र में सफलता पाने का सूचक संकेत है।

**दान**

करना शुभ। लेना धन हानि की संभावना।

**दाना**

पक्षियों को दाना डालना, दाना खाते देखना विदेशयात्रा बनने और व्यापारादि में सफलता पाने का सूचक है।

**दामाद**

सपने में दामाद को देखना पुत्री के लिए संकट का सूचक है।

**दाल**

कच्ची दाल देखना शुभ। पकी दाल देखना, खाना अशुभ।

**दालान**

देखना, सपने में दालान देखना पैतृक संपत्ति में वाद विवाद का संकेत है।

**दाहक्रिया**

करना, देखना आयुवृद्धि का सूचक है।

**दिगम्बर**

देखिए 'नंगा'।

**दीक्षा**

लेना, देना, देखना किसी प्रतियोगिता/परीक्षा में सफलता का चिन्ह है ।

**दीपक**

जलाना अशुभ। जलता दीपक देखना हानि की सूचना है। बुझा दीपक नया कार्यारंभ। देखना या करना इस रूप में उपरोक्त फल संभावित है।

**दीवाली**

देखना, मनाना धन हानि, व्यापार में घाटा, कार्य में असफलता की सूचना है।

**दीवार**

दीवार देखना, उठाना, सहारा लेना, गिरना आदि दीवार को देखना रंगना आदि कार्य में बाधा पड़ने का द्योतक है।

**दुकान**

देखना, करना, जाना आदि दुकान से संबंधित दृश्य व्यापार या कार्यक्षेत्र में सम्मानजनक वृद्धि का लक्षण है।

**दुक्की**

ताश की दुक्की देखना, खेलना कारोबार दुगुना बढ़ना, तरक्की अचानक मिलना, अप्रत्याशित लाभ का सूचक है।

**दुधिया**

रंग का कुछ भी देखना अशुभ है।

**दुपट्टा**

उड़ते देखना यात्रा का योग, अन्य रूप में देखना संकट की पूर्व सूचना है।

**दुर्ग**

टूटाफूटा दुर्ग (किला) देखना अनायास अचल सम्पत्ति प्राप्त होने की सूचना। सजा सजाया किला देखना भारी हानि, पराजय, निराशा का सूचक है।

**दुर्घटना**

किसी भी प्रकार की दुर्घटना देखना शुभ लक्षण है।

**दुलत्ती**

गधे का दुलत्ती मारना, चलाना देखना अत्यन्त शुभदायक संकेत है। घोड़े या अन्य चौपाये की दुलत्ती देखना, खाना, हानि, दुःख उठाने की सूचक है।

**दुल्हन/दुल्हा**

बनना दुःख भोगने का सूचक, दूसरे को देखना शुभदायी है।

**दुशाला**

ओढ़ना, रखना, देखना, अतिरिक्त आय प्राप्ति का संकेत है। काला दुशाल होने पर और भी शुभ फल प्राप्ति का संकेत है।

**दूध**

पीना, पीते देखना, पिलाना माता या बड़ी बहन के संबंध में चिन्ताजनक समाचार मिलने का सूचक है। छोटे शिशु (गोद में) दूध पिलाते देखना परिवार में किसी अतिथि के आगमन का संकेत है। दूध का गिरते बिखरते देखना काम बनने का लक्षण है।

**दूब**

हरी दूब देखना धार्मिक आयोजन में भाग लेने या करने की सूचना। सूखी देखने पर भोजन संकट आने का संकेत।

**दूरबीन**

से देखना, स्पर्श करना या दूरबीन देखना किसी वरिष्ठ

अधिकारी या परिवार के सममानित सदस्य द्वारा मीनमेख निकालने का संकेत।

**देवता/दिवी**

को स्वप्न में देखना अत्यन्त दुर्लभ स्वप्न है। देखने वाला अत्यन्त सौभाग्यशाली होता है। फल सभी प्रकार से शुभ और श्रेष्ठ।

**देवर/दिवरानी**

को दुःखद दशा में देखना उनमें प्रगाढ़ता का सूचक। प्रसन्न मुद्रा में देखना मनमुटाव का लक्षण।

**देह**

नग्न देखना शुभ। वस्त्राच्छादित देह देखने का कोई फल नहीं है।

**दैत्य**

देखिए 'राक्षस'।

**दोना**

दोना/पत्ते में खाना, चाटना या इस प्रकार का दृश्य देखना नये वस्त्राभूषण प्राप्त होने का संकेत है।

**दोमुंहा**

सांप देखना अशुभ है। भीषण दुर्घटना का सूचक है। उस दिन घर पर ही रहें तो शुभ।

**दौड़ना**

दौड़ना, दौड़ते देखना असफलता पल्ले पड़ने का संकेत है।

**दौरा**

पड़ना या देखना शुभ है।

**द्वीप**

का देखना, रहना संकटकाल आने का संकेत है।

# ध

**धज्जी**

कागज/कपड़े आदि की धज्जी उड़ाना उड़ते देखना शुभ है। सफलता का निश्चित लक्षण माना गया है।

**धतूरा**

खाना, देखना आने वाले संकट से बच निकलने की सूचना है।

**धनिया**

हरी खाना देखना बीमार पड़ने का संकेत, सूखी देखना, खाना, पीसना यात्रा पर जाने का संयोग।

**धनुष**

देखना, तोड़ना, स्पर्श करना विजय की सूचना है।

**धब्बा**

काले रंग का शुभ। बाकी अन्य रंग के धब्बों का कोई महत्व नहीं।

**धमकी**

देना, सुनना शत्रु पर विजय की सूचना है।

**धरन**

देखना, गिरना, स्पर्श करना उन्नति, नये कार्य का शुभारंभ है।

**धरोहर**

किसी की कोई धरोहर लेना/किसी को देना/लेते देते देखना व्यापार में हानि का सूचक है।

**धवल**

देखिए 'सफेद'।

**धागा**

किसी भी प्रकार से धागा देखना कार्य भार का बढ़ना, कार्याधिक्य होना है।

**धान**

के हरे भरे लहलहाते खेत देखना शुभ कहा गया है। पकी धान देखना, स्पर्श करना और भी शुभ लक्षण बतलाया गया है।

**धानी**

धानी रंग की कोई भी वस्तु या पदार्थ देखना अत्यन्त शुभ लक्षण कहा गया है।

**धार/धारा**

पानी, दूध की धार देखना शुभ। तेल की धार देखना अशुभ माना गया है। अन्य तरल पदार्थ (घी आदि) की धार देखना अशुभ और हानिसूचक है।

**धार्मिक**

कार्य, आयोजन समारोह देखना शुभ लक्षण माना गया है। पारिवारिक सुख और धन सम्पदा में वृद्धि का लक्षण है।.

**धुंध**

देखना, धुंध के बीच से निकलना संकट चिंता हानि आदि से मुक्ति का ल क्षण है।

**धुआं**

निकलना, उठता देखना, धुएं से निकलना आदि का भी उपरोक्त फल वर्णित है।

**धुन**

किसी गीत/संगीत की धुन सुनना/ बजाना किसी चक्कर

या परेशानी में पड़ जाने की सूचना है।

**धूनी**

किसी साधु महात्मा की धूनी देखना, धूनी के पास बैठना धूनी रमाना अत्यन्त सुखद फलदायक स्वप्न है।

**धूमकेतु**

देखना किसी परिचित, परिजन, आत्मीय की मृत्यु की पूर्व सूचना है।

**धूल**

देखिए धुंध, धुंआ।

**धोती**

किसी भी रूप में देखना यात्रा का सूचक है।

**धोना**

हाथ पैर धोना हानि सूचक, सिर धोना शुभ। वस्त्रादि धोना यात्रा का प्रतीक। बर्तनादि धोना स्वादिष्ठ भोजन प्राप्ति का संकेत। अन्य धोने की क्रियाएं फलहीन बतलायी गयी हैं।

**धोबी**

मैले गंदे कपड़े ले जाते देखना शुभ। धुले साफ वस्त्रों के साथ देखना अशुभ है।

**ध्वज/ध्वजा**

लहराता ध्वज देखना कार्य बनने, मान सम्मान का प्रतीक है।

# न

**नंगा**

स्वयं या किसी अन्य को नंगा देखना कामसुख की प्राप्ति का संकेत है।

**नंदी**

शिवजी का वाहन/दुर्लभ स्वप्न है। देखने वाले का सर्वाधिक भाग्योदय संभव है।

**नकटा/नंकटी**

नाक कटा पुरुष, नाक कटी स्त्री देखना मान सम्मान प्राप्त होने का संकेत है।

**नकल**

करना, करते देखना असफलता मिलने का सूचक है।

**नकशा**

किसी नक्शे को बनाना या देखना नयी योजनाओं के शुरू हो जाने का संकेत है। विचाराधीन योजनाएं कार्य रूप में परिणित होने का संकेत है।

**नकसीर**

नाक से रक्त निकलना, बहते देखना मानसिक उलझनों से परेशानी में घिर जाने की सूचना है।

**नकाब**

लगाना, देखना कोई इल्जाम लग जाने की चेतावनी है।

**नगाड़ा**

बजाना, बजते देखना, सुनना चारों ओर अपयश फैलने का संकेत है।

**नट/नटी**

देखना, खेल करना सुख शान्ति मिलने का संकेत है।

**नथ/नथुनी**

देखना, पहिनना, स्पर्श करना भरपूर दाम्पत्य सुख मिलने का सूचक है।

**नदी**

में स्नान करना, किनारे टहलना, नदी देखना सफलता प्राप्त करने का संकेत है।

**नमक**

स्पर्श करना, खाना अप्रत्याशित वाद-विवाद का शिकार बनना है।

**नमाज**

पढ़ना, पढ़ते देखना, जीवन में प्रगति, सुख शांति का लक्षण है।

**नयन**

देखिए 'नैन'।

**नया/नयी**

कोई भी नया सामान, नयी वस्तु देखना मानहानि सूचक है।

**नरहत्या**

करना या देखना शत्रु पर विजय, वाद-विवाद में विजय का चिन्ह है।

**नरेश**

देखिए 'राजा'।

**नर्तकी**

देखना शुभ है।

**नवनीत**

देखिए 'मक्खन'।

**नशा**

करना, देखना, कार्यहानि, आलस्य, चिंता का सूचक है।

**नसवार**

सूंघना, देखना, रखना, मानसिक चिंता बढ़ने का लक्षण है। दिमागी परेशानियां शरीर तोड़कर रख देंगी।

**नख**

देखिए 'नाखून'।

**नहर**

खोदना, देखना, में नहाना, किनारे टहलना, नहर से पानी लेना, पीना आदि के स्वप्न किसी नवीन कार्य योजना के सूचक हैं।

**नांद**

पशुओं को भोजन देने के प्रयोग में आने वाली इस वस्तु को किसी भी रूप में देखना बहुत शुभ सफलता, काम बनने और धन लाभ की संभावना रहती है।

**नाई/नाइन/नाउन**

नाई से हजामत बनवाना, बनवाते देखना, नाई को अपने औजारों के साथ देखना किसी के द्वारा विश्वासघात किये जाने का पूर्व संकेत है।

**नाक**

पकड़ना, चोट लगना, नकसीर होना, छींकना, नाक पर किसी भी प्रकार से ध्यान जाना भारी मानहानि का सूचक है।

**नाक कटा/नकटा**

खुद को या अन्य किसी को इस रूप में देखना, समाज, शासन, जाति द्वारा भारी मान सम्मान प्राप्त करना है।

**नाखून**

काटना, दांतों से कुतरना, उस पर पालिश लगाना लंबी यात्रा पर जाने का अचानक अनिवार्य योग बनने की सूचना है।

**नाग**

फन उठाये काला नाग देखना शुभ, धन प्राप्ति। रेंगता या खामोश पड़ा नाग देखना काम सुख की प्राप्ति। नाग मारना या नाग पर प्रहार करना, संतान पीड़ा की सूचना है। गले में नाग लटकाना लटका देखना अशुभ है। यह सब साधारण फन काले नाग का है। नाग को बिल में जाने या बिल से निकलते देखना अनायास धन लाभ की सूचना, खुदाई करते समय या कोई वस्तु हटाने, हटाते, उठाते समय नाग का निकलना दीखना शुभ है। नाग का डंसना मान सम्मान की प्राप्ति, नाग विष से मरे स्त्री पुरुष का रूप देखना दीर्घायु होने का संकेत है। स्वयं अचानक नाग रास्ता काट जाये तो शत्रु मुंह की खाता है। नागपूजा करना कार्य की सफलता का चिन्ह है। साथ ही देखिए -संदर्भ 'सांप'।

**नागफली**

देखना, तोड़ना, फाड़ना संकट/दुःख की समाप्ति की सूचना है।

**नागा**

नागा साधु देखना शुभ है।

**नागिन**

देखिए 'नाग'।

**नाचना**

नाचना, देखना कष्ट आने की सूचना है।

**नाटक**

देखना, भाग लेना किसी के द्वारा विश्वासघात (धोखा) होने की सूचना है।

**नाड़ा**

नाड़ा बांधना, टूटना पारिवारिक कलह का संकेत है।

**नाती/नातिन**

देखना पारिवारिक सुख में वृद्धि का संकेंत है।

**नाना/नानी**

देखने का फल उपरोक्त है।

**नाप**

किसी वस्तु की नाप करना कारोबार में हानि होने की संभावना है।

**नापित**

देखिए 'नाई'।

**नामर्द**

देखिए 'हिजड़ा'।

**नामांकन**

किसी चुनाव के लिए नामांकन पत्र भरना हानि का सूचक है।

**नायक**

नायक या फिल्म में नायक बनना, किसी नायक को देखना मानहानि, शत्रु द्वारा पीड़ित होने का संकेत है।

**नायिका**

फल उपरोक्त है।

**नारियल**

नारियल की जटा दीखना, फोड़ना, परिवार में धार्मिक आयोजन की सूचना है। कच्चा नारियल खाना, बांटना, देखना धन लाभ की सूचना है। पका नारियल खाना, बांटना पारिवारिक सुखशांति का सूचक है। नारियल का पानी पीना उत्तम स्वास्थ्य का लक्षण है।

**नाला/नाली**

देखना, उसमें गिरना, गिरते देखना उन्नति प्राप्त करना, कार्य में सफलता, मान सम्मान का प्रतीक है।

**नाव**

नाव में तैरना, सवार होना, नाव का उलटना कार्य में सफलता, प्रगति का लक्षण है।

**नासूर**

का होना, देखना स्वस्थ होने, बीमारी फूटने का लक्षण है।

**निछावर**

करना देखना स्वस्थ होने, बीमारी छूटने का लक्षण है।

**नितम्ब**

नंगे देखना कामसुख की प्राप्ति। नितम्ब थपथपाना बीमार पड़ने का लक्षण है।

**निद्रा**

देखिए 'नींद'।

**निधन**

देखिए 'मौत'।

**निरादर**

होते देखना राज्य सम्मान प्राप्ति का सूचक है।

**निरोध**

लगाना, लगाते देखना संतान प्राप्ति का योग है।

**निशाचर**

देखिए 'राक्षस'।

**निशा**

देखिए 'रात'।

**निशाना**

लगाना या देखना अपनें कार्य में सफलता प्राप्त करना है।

**निषाद**

देखिए 'मल्लाह'।

**निशीचर**

देखिए 'चन्द्रमा'।

**निहंग**

होना, देखना शुभ फलदायक है।

**निहारिका**

देखिए 'तारे'।

**नींद**

में देखना, नींद में जागते नये कार्य/पद प्राप्ति की सूचना है।

**नीग्रो**

देखना शुभ है।

**नींबू**

काटना, फाड़ना, निचोड़ना, खाना, चाटना किसी तंत्र मंत्र के अनुष्ठान में भाग लेने का लक्षण है।

**नीम**

का पेड़, पत्ती, टहनी, आदि से संबंधित कोई भी स्वप्न देखना परिवार में धार्मिक कार्यकम होने या किसी सदस्य को चेचक की बीमारी होने की सूचना है।

**नीलकंठ**

देखना भरपूर सम्पत्ति प्राप्त होने का संकेत है

**नीलम**

पहिनना, देखना, छूना कष्ट, दुःखों के अंत की सूचना है।

**नीला**

नीला रंग किसी भी रूप में देखना सिरदर्द का परिचायक है।

**नीलाम**

में भाग लेना, खरीदना, या नीलाम करना परिवार की सम्पत्ति की बरबादी की सूचना है। ऐसा स्वप्न देखने पर सूझबूझ से काम लें।

**नुमाइश**

देखिए 'प्रदर्शनी'।

**नून**

नमक देखना, खाना मिष्ठान्न प्राप्ति अवश्य होती है।

**नृप**

देखिए 'राजा'।

**नेवला**

देखना स्वर्णाभूषण प्राप्ति का संकेत है।

**नौटंकी**

देखिए 'नाटक'।

## प

**पंख**

किसी भी रूप में पंख देखना लंबी यात्रा का प्रतीक है।

**पंगत**

में बैठना, देखना, भोजन करना किसी शवयात्रा में जाने, शामिल होने का संकेत है।

**पंचांग**

देखना, पढ़ना, पलटना किसी उत्सव का होना, उसमें भाग लेने का सूचक है .।

**पंजीरी**

खाना, बांटना बीमारी का सूचक है।

**पंडा**

देखना परिवार में किसी सदस्य से बिछोह होने का संकेत है।

**पंडाल**

देखना, उसके नीचे बैठना, पंडाल के तले किसी आयोजन में भाग लेना स्थान परिवर्तन का संकेत है।

**पंसारी**

की दुकान देखना, सामान लेना या बेचना पारिवारिक सम्पत्ति में बढ़ोतरी का लक्षण है।

**पकवान**

खाना, बनाना, देखना दुःख पाने की सूचना है।

**पक्षघात**

से पीड़ित होना या किसी को देखना शारीरिक व्याधियों से छुटकारा पाना है।

**पगड़ी**

बांधना/खोलना/ देखना परिवार में किसी वयोवृद्ध सज्जन के आगमन की सूचक है।

**पगहा**

किसी जानवर का पगहा पकड़ना, टूटना परिवार में चल सम्पत्ति आने की सूचना है। परिवार से गया कोई भी सदस्य भी अचानक वापिस आ सकता है।

**पठान**

को देखना, बात करना शत्रु पर विजय की सूचना है।

**पढ़ना**

कुछ पढ़ना या पढ़ाना अथवा किसी को पढ़ाते देखना शुभ है। अगले दिन बुद्धि की प्रशंसा मिलने का योग बनता है।

**पतंग**

उड़ाना, उड़ते देखना यात्रा पर जाने का योग बनता है। पतंग काटना या कटी पतंग देखना धनप्राप्ति का संकेत है। चारुदत्त के 'समुद्रशास्त्र' के अनुसार आकाश में बिना सहारे कुछ भी नीचे आते देखना बिना प्रयास के अचानक धन लाभ संभावित है।

**पतंगा**

दीपक की लौ में कीड़े, पतंगे जलते देखना संतानसुख का सूचक तथा मंडराते देखना संतान के अस्वस्थ होने की पूर्व सूचना है। साधारण रूप में पतंगों का समूह देखना चेचक होने की संभावना का सूचक है।

**पतझड़**

देखना परिवार में दीर्घकाल तक सुखशांति बनी रहने का संकेत है। अन्यैं क्रख्लुज्ञ` का भी शुभ फल मिलने की संभावना है।

**पतवार**

थामना या किसी और को देखना संकट से छुटकारा पाने का संकेत है।

**पताका**

फहराती पताकाएं देखना असफलता/पराजय की सूचक है। केवल पूजा स्थलों पर फहराती पताकाएं देखना शुभ है।

**पति/पत्नी**

अपने पति/पत्नी को स्वप्न में देखना श्रृंगार मिलन का संकेत है। दयनीय दशा में देखना उत्तम स्वास्थ्य का लक्षण है। प्रेम क्रीड़ाएं करते देखना वियोग का संकेत है। रुग्णावस्था में देखना संतान प्राप्ति का योग बनता है।

**पत्तल**

पत्तल में खाना शुभ लक्षण है। पंगत में बैठकर खाना और भी शुभ है, पर खाली पत्तल देखना सबसे शुभ है।

**पत्ता**

किसी भी पेड़ के पत्ते देखना अशुभ /सूखे पत्ते, विशेष रूप

से हवा में उड़ते देखना सबसे शुभ है।

**पत्थर**

पत्थर की ठोकर खाकर गिरना उन्नति का सूचक है। फेंका पत्थर आकर लगना शत्रु के प्रबल होने की सूचना है। काले पत्थर देखना और भी शुभ है। बड़े-बड़े पत्थरों के ढेर देखना देखिए 'पहाड़'।

**पत्र**

प्राप्त करना यात्रा का योग, पत्र छोड़ना अतिथि के आगमन की सूचना। पत्र फाड़ना घोर अशुभ लक्षण है।

**पद्मासन**

पद्मासन में स्वयं या किसी अन्य को बैठे देखना गृहस्थ जीवन के प्रति उदासीनता आने की पूर्व सूचना है।

**पनघट**

पनघट सूना देखना कहीं से निमंत्रण प्राप्त होने की सूचना है। पनघट पर महिला या पुरुषों को देखना पारिवारिक उत्सव का आयोजन होने की संभावना है।

**पनीर**

खाना देखना शुभ है।

**पन्ना/पन्नी**

देखना, छूना, पहिनना संकट आने की सूचना है।

**पपड़ी**

शरीर पर हुए किसी घाव/फोड़े के ठीक होने पर पपड़ी नोंचना खरोचना पुनः बीमार पड़ने की सूचना है।

**पपीता**

खाना, देखना उदर रोग होने की पूर्व सूचना है।

**पपीहा**

स्वर सुनना शुभ लक्षण है। यह प्रेम में सफलता/प्रगाढ़ता का सूचक है।

**पर**

किसी भी पक्षी के पर फड़फड़ाते देखना मान सम्मान मिलने की सूचना है। पर फड़फड़ाना पक्षी का उड़ जाना देखना, अतिथि आगमन का सूचक है।

**परकोटा/परछत्ती**

किसी भी रूप में देखना संकटों के एक साथ आने का संकेत है।

**परछाईं**

अपने में अपनी परछाईं देखना अत्यन्त अशुभ है।

**परत**

किसी वस्तु या कपड़े की परत (तहें) खोलना अपमान होने की सूचना है।

**परदा**

सफेद परदा देखना अशुभ। काला परदा देखना शुभ है।

**परवल**

खाना, देखना शुभ है।

**परवाना**

देखिए 'पतंगा'।

**पराग**

देखिए 'शहद'।

**परिणय**

देखिए 'विवाह'।

**परिधान**

देखिए 'पोशाक'।

**परी**

कोई फल नहीं।

**परीक्षा**

में बैठना, परीक्षा होती देखना काम बिगड़ने या असफलता प्राप्त होने का लक्षण है।

**पर्णकुटी**

देखना शुभ है। यह स्वयं के नये भवन निर्माण होने का सूचक है अथवा विरासत या बंटवारा होने पर भवन मिलने का सूचक है।

**पर्वत**

देखिए 'पहाड'।

**पर्यंक**

देखिए 'पलंग'।

**पर्व**

कोई पर्व, त्यौहार देखना शुभ है।

**पलंग**

लोहे का पलंग देखना, बैठना शुभ। निवाड़ वाला लकड़ी का पलंग देखना, बैठना, सोना अशुभ है।

**पलस्तर**

दीवारों से पलस्तर गिरना देखना कार्य/व्यापार में लाभ और उन्नति का प्रतीक है।

**पल्लू**

किसी स्त्री का पल्लू पकड़ना किसी महिला द्वारा अपमानित/कलंक/दोषारोपण लगने का संकेत है।

**पवन**

देखिए 'हवा'।

**पवित्री**

पहिनना, बनाना, देखना शुभ लक्षण है।

**पशु**

देखिए 'जानवर'।

**पहरेदार**

को देखना या पहरेदारी करना परिवार में चोरी या किसी बहुमूल्य वस्तु के गुम हो जाने का संकेत है।

**पहलवान**

रूप में स्वयं को देखना या किसी और को देखना शत्रु द्वारा मात खाने की संभावना का सूचक है।

**पहाड़**

काले ऊंचे पहाड़ देखना उन्नति का सूचक, पर चढ़ना अवनति का संकेत है। चारों ओर पहाड़ों से घिरा देखना निश्चित सफलता और उन्नति का योग है।

**पहेली**

करना, भरना अशुभ है। किसी गंभीर समस्या से जूझना पड़ सकता है।

**पांडु**

रोग देखना, पीड़ित होना उत्तम स्वास्थ्य बना रहने का संकेत है।

**पांव**

देखिए 'पैर'।

**पांसा**

खेलना, देखना काम बनने/सफलता प्राप्त करने की

सूचना है।

**पाखाना**

देखिए 'मल'।

**पागल**

रूप में होना या देखना बुद्धिमान के कारण सफलता मिलने का संकेत है।

**पाणिग्रहण**

देखिए 'विवाह'।

**पाताल**

लोक देखना, जाना अत्यन्त शुभ लक्षण है। यश, धन सब कुछ प्राप्त होने का संकेत है।

**पाद/पादना**

करना, देखना शुभ और शत्रु पराजय की सूचना है।

**पादुका**

लकड़ी की खड़ाऊं पहिनना, देखना शुभ है। धार्मिक आस्था बढ़ने का लक्षण है।

**पान/पानदान**

खाना, चबाना, देखना शुभ लक्षण है। इष्ट मित्रों द्वारा प्रशंसा मान सम्मान मिलने का सूचक है।

**पानी**

देखना, किसी प्रकार से उपयोग करना मान सम्मान मिलने का संयोग है।

**पापड़**

खाना, देखना कोई फल नहीं।

**पायजेब**

देखिए 'पायल'।

**पायल**

बजते पायल स्त्री सुख/शांत पायल स्त्री वियोग।

**पार**

नदी, तालाब पार करना सफलता प्राप्त करने का संकेत है।

**पारा**

देखना, छूना, उपयोग करना अशुभ है।

**पारितोषिक**

प्राप्त करना, प्राप्त होते किसी और को देखना हानि उठाने का लक्षण है।

**पार्सल**

लेना, देना, बांधना लाभ होने की सूचना है।

**पालकी**

देखना, बैठना अशुभ है, पर उतरना शुभ कहा गया है।

**पालना**

खाली पालना देखना संतान प्राप्ति का लक्षण। शिशु को पालने में झुलाना शिशु के अस्वस्थ हो जाने की सूचना है।

**पाला**

देखिए 'कुहरा'।

**पिंजरा**

खाली देखना शुभ। भरा देखना परिवार के किसी सदस्य से वैमनस्य हो जाने का लक्षण है।

**पिचकारी**

पकड़ना, देखना, चलाना आनंदोत्सव में भाग लेने का संकेत है।

**पिटना/पीटना**

दोनों कार्य करना, भोगना, देखना शत्रु से पराजित होने की पूर्व सूचना है।

**पिशाच**

देखिए 'राक्षस'।

**पीपल**

के पत्ते, पेड़ देखना अत्यन्त शुभ लक्षण है।

**पीला**

रंग देखना, पीली वस्तु देखना चिंताग्रस्त होने की सूचना है।

**पीप**

मवाद निकालना, देखना शुभ लक्षण है।

**पुजारी**

बनना, देखना कार्य में प्रगति उन्नति का संकेत है। साथ में मंदिर या मूर्ति भी दीखे, तो यह अत्यन्त शुभ लक्षण है।

**पुड़िया**

किसी चीज की पुड़िया बांधना देखना, शरीर पीड़ा का होना है।

**पुरस्कार**

देखिए 'पारितोषिक'

**पुरोहित**

देखिए 'पुजारी'।

**पुल/पुश्ता**

पुल पार करना, पुल देखना, किसी घनिष्ठ मित्र या संबंधी से समय पर सहायता प्राप्त होने का संयोग सूचक स्वप्न है। पुल टूटते देखना कष्ट/संकट से निवारण की सूचना।

**पुषप**

देखिए 'फूल'।

**पूंछ**

गाय की पूंछ पकड़ना/ देखना शुभ अन्य अशुभ। भैंस की पूंछ पकड़ना/ देखना सबसे अशुभ है।

**पूजा**

पाठ करना देखना दुर्लभ स्वप्न है, इसका फल अत्यन्त शुभ बतलाया गया है। सामूहिक रूप से पूजा पाठ में सम्मिलित होना, सामूहिक पूजा पाठ करना, देखना कम शुभ है।

**पूर्वज**

अपने किसी भी पूर्वज को स्वप्न में देखना शुभ फल है।

**पेट**

थपथपाना, पेट पर हाथ फेरना अगले दिन अत्यन्त व्यस्त रहने का लक्षण है। सारा समय व्यर्थ की भाग दौड़ में निकल जाने का संकेत है।

**पेटी**

खोलना, बंद करना हानि या चोरी का संकेत है। पेटी हाथ में लेकर यात्रा पर जाने का दृश्य देखना परिवार के किसी सदस्य को विदाई देने की पूर्व सूचना है।

**पेड़ा**

बनाना, खाना, देखना मुंह में किसी रोग होने की पूर्व सूचना है।

**पेशाब**

करना, करते देखना शुभ है . कार्य बनने/सफलता का संकेत है।

**पैंजनी**

देखिए 'पायल'

**पैकेट**

देखिए 'पार्सल'

**पैर**

खुजलाना, पैर में चोट लगना, पैर देखना, दिखाना, लंबी पदयात्रा पर जाने का संकेत है। चोट लगना, कटना, दूसरे का कटा/कटे पैर देखना शत्रु पर विजय का सूचक है।

**पैबंद**

किसी चीज पर पैबंद लगा देखना, लगाना दुःख/कष्ट की समाप्ति का सूचक है।

**पैसा**

देखना, दिखाना उछालना धनहानि का सूचक है।

**पोंछना**

घर द्वार में पोंछने का कार्य करना स्थान परिवर्तन या नये गृह में प्रवेश करने का सूचक है। अन्य वस्तुओं को पोंछना, साफ करने का फल वस्तु अनुसार इसी पुस्तक में देखें

**पोशाक**

नयी पोशाक पहिनना, देखना जानलेवा बीमारी भोगने का संकेत है।

**पोस्टर / पोस्टकार्ड**

चिपकाना, देखना, पढ़ना, कोई फल नहीं।

**प्याऊ**

बनवाना, देखना, पानी पीना शुभ है।

**प्याज**

देखना, खाना, खिलाना, पीसना, किसी अप्रिय हृदयविदारक घटना घटित होने की सूचना है।

**प्रतिध्वनि**

अपनी प्रतिध्वनि सुनना अशुभ है।

**प्रशंसा**

सुनना, करना अशुभ है।

**प्रसाद**

किसी भी देवी / देवता का प्रसाद बांटना, प्राप्त करना अत्यन्त शुभ लक्षण है।

**प्राचीर**

देखिए 'चहारदीवारी'।

**प्रेत**

देखिए 'भूत'।

## फ

**फंदा**

किसी भी प्रकार का फंदा लगाना / देखना मुसीबतों से छुटकारा पाने का लक्षण है।

**फफोला**

पड़ना, फूटना, संकट दूर होने की सूचना है।

**फांस**

पैर या हाथ में फांस लगना शत्रु द्वारा समर्पण की सूचना है।

**फांसी**

लगना, लगाना, देखना, फांसी घर जाना, देखना जीवन में नयी लाभदायक राह पाने का संकेत है।

**फाटक**

देखना, फाटक से गुजरना, वादविवाद में विजय की सूचना है।

**फावड़ा**

देखना, चलाना धन प्राप्ति का योग है।

**फुंसी**

फोड़ना, होना देखना शीघ्र स्वस्थ्य हो जाने का लक्षण है।

**फूंक**

मारकर आग जलाना शुभ है दीपक बुझाना अशुभ लक्षण है।

**फूस**

देखिए 'पर्णकुटी'।

## ब

**बन्दर**

किसी भी रूप में देखना शुभ है। शत्रुओं, विरोधियों पर विजय की सूचना है।

**बंदूक**

चलाना, चलती देखना, रखना, छूना किसी संकट में

पड़ने की संभावना है।

**बगला**

किसी भी रूप में देखना अपयश लगने की सूचना है।

**बबूला**

देखना, बबूले में फंसना, संकट से छुटकारा है।

**बछिया**

किसी भी रूप में देखना शुभ सौभाग्य का चिन्ह है।

**बटन**

लगाना, बंद करना, टांकना दुःख मुसीबत आने की सूचना है।

**बतासा**

बांटना शुभ, खाना/ देखना अशुभ।

**बरगद**

देखना, किसी भी रूप में कार्य में कहीं से सहायता मिलने का योग बनता है।

**बरसात**

देखना, भींगना शुभ लक्षण है। छाता लगाना देखना/ चलना संकट आने की सूचना है।

**बरात**

में शामिल होना, बरात देखना अशुभ समाचार प्राप्त होने की संभावना है।

**बर्फ**

किसी भी रूप में देखना किसी से अकारण वादविवाद हो जाने का परिचायक है।

**बलि**

मनुष्य बलि देखना अशुभ। देवी देवताओं के समक्ष

मुर्गा/मुर्गी / बकरा/बकरी भैंस की बलि चढ़ते देखना या करना शुभ लक्षण है।

**बवंडर**

देखिए 'बबूला'

**बांस**

किसी भी रूप में देखना उन्नति पाने का लक्षण है।

**बांह**

पकड़कर चलना, मरोड़ना अपने से बड़े की डांट-फटकार सुनने का लक्षण है। कटी/ रक्त रंजित बांह देखना भाई/बहिन/ माता/ पिता पर संकट आने का लक्षण है। शरीर से अलग हो गयी बांह देखना शत्रु पर विजय की सूचना है।

**बागीचा**

देखिए 'फूल'

**बाघ**

किसी भी रूप में बाघ देखना शत्रु पर विजय प्राप्त करने का संकेत है।

**बाज**

स्वप्न में बाज किसी भी रूप में देखना शारीरिक आघात पाने की संभावना का सूचक है।

**बाजीगर**

मदारी देखना, मदारी का खेल देखना, बाजीगरी देखना किसी तिकड़म या षडयंत्र का शिकार होने की सूचना है।

**बाजू**

देखिए 'बांह'

**वाटिका**

देखिए 'फूल'

**बाढ़**

बाढ़ देखना, बाढ़ में घिर जाना, सभी प्रकार के संकटों से मुक्ति की प्राप्ति है। शत्रुता, वादविवाद, गृह कलह, पारिवारिक वैमनस्य सब कुछ समाप्त होकर सौहार्दपूर्ण वातावरण बनने की अग्रिम सूचना है।

बाढ़ में बहते आदमियों को देखना या बचाना शत्रु प्रबलता, वादविवाद तीव्रता, गृहकलह और वैमनस्य वृद्धि का संकेत है।

बाढ़ में नाव पर बैठना, नाव चलाना या बाढ़ के पानी में तैरना कार्य /व्यापार में सफलता पाने की सूचना है।

बाढ़ में गिरते घरों को देखना, लोगों को डूबते, शोर करते देखना, सुनना लंबी यात्रा का योग बनने का सूचक है।

**बाण**

चलाना, चलते देखना, स्पर्श करना हानि /असफलता का सूचक है।

**बादल**

बरसते बादल देखना, भीगना पारिवारिक सुख की प्राप्ति। काले बादल देखना शुभ। बिजली बादल देखना अशुभ। सफेद, कपसीले बादल उड़ते देखना संकट का सूचक है। बादलों के बीच से आना, स्पर्श करना बादलों का, धनप्राप्ति का लक्षण है।

**बादशाह**

देखिए 'राजा'

**बादाम/बादामी**

किसी भी रूप में देखना अस्वस्थ्य होने की सूचना है। बादामी रंग को देखना भी अशुभ है।

**बावरची**

बावरची को देखना, बावरची से लेकर खाना खाना

आदि पारिवारिक सुख का सूचक है।

**बाबा**

देखिए 'साधु'

**बारजा**

देखना, खड़े होना सफलता प्राप्त करने का चिन्ह है। बारजा टूटकर गिरना या गिरते देखना और भी अधिक शुभ है।

**बारहदरी**

देखना, बैठना, भीड़ देखना अशुभ है।

**बारिश**

देखिए 'वर्षा'।

**बारहसिंगा**

किसी भी रूप में देखना लंबी यात्रा पर जाना या हानि उठाने का सूचक है।

**बारात**

देखना शामिल होना अशुभ है।

**बारूद**

देखिए 'तोप, बंदूक, पटाका'

**बाल**

पुरूष के बाल देखना, स्पर्श करना अशुभ, पर स्त्री के बाल देखना शुभ है।

**बालक/बालिका**

का दौड़ना, खेलना, देखना अशुभ, सोना, चोट लगना, बीमार देखना बहुत ही शुभ और सुखद है।

**बालिशत**

से किसी चीज को नापना अशुभ है।

**बाली**

बाली, बालियां, किसी भी रूप में देखना शुभ, सुखद और लाभ का प्रतीक हैं।

**बालू**

देखिए 'रेत'।

**बाल्टी**

भरी बाल्टी देखना शुभ/ खाली देखना अशुभ है।

**बावड़ी**

देखिए 'कूप'।

**बाहुपाश**

देखिए 'आलिंगन'।

**बिंदी**

माथे पर काली बिंदी देखना शुभ / अन्य रंग की देखना अशुभ/ खाली बिंदी देखना अत्यन्त अशुभ है।

**बिच्छू**

मटमैले / काले रंग के बिच्छू को देखना शुभ / धन लाभ का लक्षण है। सफेद बिच्छू देखना अशुभ है।

बिच्छू का पैर में डंक मारना यात्रा में रुकावट, हानि, अपयश का सूचक है। हाथ पर डंक मारना शत्रु पर विजय की सूचना / डंक मारने पर रोना तड़फना, छटपटाना कष्टों से मुक्ति का संकेत है।

बिच्छुओं को पंक्तिबद्ध देखना अनायास धन प्राप्ति और एक दूसरे पर बिलबिलाते देखना धन हानि का लक्षण है।

काले सफेद बिच्छू एक साथ देखना पारिवारिक कलह / विवाद का संकेत है।

**बिजली**

आकाश में बिजली का चमकना देखना शुभ समाचार

की प्राप्ति / गिरते देखना शुभ/सफलता की सूचना, ग ड़गड़ाहट सुनना धन लाभ का संकेत है।

**बिड़ाल**

देखिए 'बिल्ली'

**विधवा**

सफेद वस्त्रों में विधवा स्त्री देखना मानसम्मान पुरस्कार प्राप्ति की सूचना है। मुस्कुराती विधवा देखना अशुभ है। बालविधवा देखना श्रेष्ठ, युवा विधवा मध्यम और वृद्धा विधवा देखना नेष्ट फलदायक है।

**बिवाई**

पैरों में फटी बिवाई होना, देखना यात्रा स्थगित होने का संकेत है। यात्रा के दौरान ऐसा स्वप्न दीखे, तो घर वापस लौट आना उत्तम कहा गया है।

**बिलनी**

देखना या अपनी आंख पर महसूस करना किसी का अचानक प्यार मिलने के योग का संकेत है।

**बिल**

किसी भी जंतु का बिल देखना हानि का सूचक है।

**बिल्ला/बिल्ली**

काले रंग का शुभ/ सफेद अशुभ / रास्ता काटते देखना शुभ / कूदते -फांदते देखना शत्रु पर विजय /खाते पीते देखना पर्याप्त लाभ की आशा। चूहा मारते या चूहे के पीछे भागते देखना अत्यन्त शुभ फलदायक है।

**बिस्तर**

पर सोना, सोते देखना रोग से छुटकारा / बिस्तर बांधना कार्य में सफलता। बिस्तर खोलना अस्वस्थ्य होने का लक्षण

है।

फटे पुराने, चीथड़ हो गये बिस्तर को किसी भी रूप में देखने का फल, चल-अचल सम्पत्ति का प्राप्त होना बतलाया गया है।

**बीज**

किसी भी प्रकार का बीज देखना संतान प्राप्ति का योग बनना है।

**बीजक**

किसी भी प्रकार का बीजक पढ़ना, लिखना, देखना धनलाभ, मान सम्मान के प्रतीक का सूचक है।

**बीड़ी**

देखिए 'धुआं'

**बीन**

बीन की आवाज सुनना, देखना बीमार पड़ने का सूचक है। बीन सांप एक साथ देखना पारिवारिक कलह का सूचक है। स्वयं बीन बजाना और सांप का एक साथ देखना शुभ है।

**बीर बहूटी**

ल[illegible]न कीड़ा देखना शुभ है। अनायास धन लाभ का संकेत है।

**बुखार**

स्वयं को या किसी अन्य को बुखार से पीड़ित देखना परिवार में पूर्ण सुख शांति और सौहार्द का संकेत है। बुखार से पीड़ित होने पर दवा पीना / पिलाना अतिरिक्त आय या लाभ प्राप्ति का लक्षण है।

**बुड्ढा/बुढ़िया**

लड़खड़ाता बूढ़ा आदमी देखना शुभ है। लाठी लेकर चलते देखना और भी शुभ है।

**बुत**

देखिए 'मूर्ति'।

**बुनकर**

देखना नवीन सम्मत्ति या सम्पत्ति में बढ़ोत्तरी का संकेत है।

**बुर्ज**

अपने को या किसी और को बुर्ज पर बैठे देखना अपयश लगने, मान-सम्मान की हानि है।

**बुलबुल**

देखना, आवाज सुनना, किसी मेहमान के आने का संकेत है।

**बुलबुला**

देखना, फूटना, धन हानि का अन्य किसी प्रकार के नुकसान का सूचक है। परिवार के किसी सदस्य के अचानक लापता होने का संकेत है।

**बूंदाबांदी**

हलकी वर्षा देखना, इस बारिश में भींगना, अपने से बड़े से वादविवाद, मनमुटाव होने का सूचक है।

**बूट**

देखिए 'जूता'

**बेड़ी**

हाथ पैरों में बेडियां देखना, संकटों से छुटकारा पाना है। केवल पैरों में बेड़ियां देखना परिवार में सुख शान्ति बनी रहने का सूचक है।

**बेर**

खाना, देखना हर प्रकार से शुभ है।

**बेल**

देखिए 'बेर'।

**बेलना**

उपयोग करना, किसी भी रूप से देखना अशुभ है।

**बेला**

की गंध महसूस करना, देखना शुभ लक्षण है।

**बेलपत्र**

किसी भी रूप में बेलपत्र देखना अत्यन्त शुभ फलदायक है।

**बेवा**

देखिए 'विधवा'।

**बेसन**

किसी भी रूप में बेसन को देखना, उपयोग करना परिवार में किसी सुखद आयोजन का सूचक है।

**बैंगन**

देखिए 'बेसन'।

**बैण्ड**

बाजा बजाना, बजते देखना, किसी संकट के आने की सूचना है।

**बैंगनी**

रंग का कुछ देखना अशुभ है।

**बैरिस्टर**

देखिए 'वकील'।

**बैल**

बैलों/बैल का देखना कोई फल नहीं है।

**बोझ**

सिर पर भारी बोझ उठाना उठाये देखना चिंताओं से छुटकारा पाने का लक्षण है।

**बोतल**

किसी भी प्रकार की बोतल देखना, उपयोग करने का कोई फल उपलब्ध नहीं है।

**बोरा/बोरी**

फटे चिथड़े रूप में देखना धनधान्य की प्राप्ति का सूचक है। बोरा / बोरी पहिनना या किसी को पहिने देखना और भी शुभ फलदायक है।

**ब्याह**

देखिए 'विवाह'।

**ब्रुश**

से जूते साफ करना मान सम्मान की प्राप्ति और कपड़े कांटे आदि साफ करना धनहानि का सूचक है। बालों को साफ करना अशुभ है।

## भ

**भंगी/भंगिन**

देखना शुभ लक्षण है। गंदगी उठाते देखने पर निश्चित धन लाभ की सूचना है।

**भंडारा**

करना, देखना शुभ लक्षण है।

**भंवर**

देखना संकट से उद्धार, भंवर में फंसकर डूबना या यही

दृश्य देखना कार्य / व्यापार में सफलता का लक्षण है।

**भंवरा**

फूल पर बैठे देखना दाम्पत्य सुख की प्राप्ति और मात्र उड़ते देखना संकट से छुटकारा पाने का सूचक है।

**भक्ति**

करना, करते देखना दुर्लभ स्वप्न है। वैसे इस स्वप्न को देखने का फल सर्वोत्तम बतलाया गया है।

**भग**

रोमरहित किसी भी रूप में देखना अशुभ। रोममय देखना स्त्री सुख की पूर्ण प्राप्ति

**भग्न**

देखिए 'तोड़फोड़'।

**भजन**

देखिए 'भक्ति'।

**भट्ठा**

देखना नये निर्माण कार्य का सूचक है।

**भड़भूजा**

देखिए 'भाड़'

**भनभनाहट**

किसी भी प्रकार की भनभनाहट या परस्पर ध्वनियां सुनना शत्रु की विजय की सूचना है।

**भभूत**

रमाना, रमाए देखना गृहस्थ जीवन में सौमनस्य बने रहने की सूचना है।

**भवन**

बड़े बड़े भवन देखना अचल संपत्ति में कमी आने का

संकेत है। वादविवाद बढ़ जाना या बिक जाने का योग बनता है।

**भस्म**

देखिए 'भभूत'।

**भांग**

बनाना, पीना, नशे में देखना, होना मानसिक चिंताओं का बढ़ना और परेशानी उठाने का लक्षण है। इस नशे में धुत हो लड़खड़ाना, खिलखिलाकर हंसना या कीचड़ में गिरना परिवार में अपने में बड़ों के द्वारा अपमानित होने या बंटवारा हो जाने का सूचक है।

**भाई**

को किसी भी रूप में सपने में देखना भाई पर संकट आने का पूर्व संकेत है।

**भाड़**

खाली भाड़ देखना अशुभ है। भड़भूजे को कार्य करते देखना या करना शुभ है। यह संपत्ति और बढ़ने का संकेत है।

**भात**

भात खाने का कोई फल नहीं है, पर खाते खाते गिर बिखर जाये या मुंह पर लगा रहे तो शुभ है। किसी महत्वपूर्ण कार्य में अपने से बड़ों का भरपूर सहयोग मिलने का संकेत है।

**भानु**

देखिए 'सूर्य'।

**भाप**

मुंह से भाप निकलना, देखना अनावश्यक खर्च पड़ने / होने का योग है।

**भार्या**

देखिए 'पत्नी'।

**भाला**

लेकर चलना, देखना शत्रु पर विजय की सूचना है। किसी पर भाला चलाना / मारना अपमानित होने का संकेत है। भाले से मार खाना शुभ है। धनसम्पदा प्राप्त करने का लक्षण है। भाले के खेल का प्रदर्शन करना या देखना किसी संकट की सूचना है।

**भालू**

सफेद भालू देखना अशुभ और काला देखना शुभ है। भालू पर बैठना भयंकर रूप से बीमार पड़ना है। भालू का नाच देखना परिवार में गृहकलह का सूचक है।

**भाषण**

देना, सुनना किसी से वादविवाद होने का सूचक है।

**भास्कर**

देखिए 'सूर्य'।

**भिंडी**

खाना, देखना, आलस्य थकावट से पीड़ित होने का लक्षण है।

**भिक्षा**

देखिए 'भिखारी'।

**भिक्षुक**

देखिए 'भिखारी'।

**भिश्ती**

देखना सुख शान्ति का सूचक है।

**भीख**

मांगना, भीख मांगते देखना पारिवारिक सम्पत्ति की वृद्धि का सूचक है।

**भीड़**

भीड़ देखना, भीड़ में चलना कार्य अधूरा रह जाने का संकेत है। उपद्रव करती भीड़ देखना या उसमें शामिल होना काम पूरा होना और सफलता की सूचना है।

**भील**

देखना, होना किसी पर्यटन स्थल पर जाने की संभावना का संकेत है।

**भुजंग**

देखिए 'सांप, सर्प'।

**भुजा**

देखिए 'बांह'।

**भजिया**

खाना, देना, देखना मिष्ठान्न प्राप्त होने का लक्षण है।

**भुजाली**

देखिए 'भाला'।

**भुजेना**

देखिए 'भुजिया'।

**भुट्टा**

देखिए 'भुजिया'।

**भुनगा**

भुनगों का समूह देखना परिवार में किसी को चेचक होने का संकेत है।

**भूंकना**

कुत्तों का भूंकना, सुनना, देखना शुभ है।

**भूकम्प**

देखना, सुनना, भोगना कोई उच्च पद या मान-सम्मान

प्राप्त करना है।

**भूत**

देखना, राज्य सम्मान प्राप्त होने की संभावना का लक्षण है।

**भूसा/भूसी**

देखना, उस पर बैठना धनधान्य वृद्धि का संकेत है।

**भेड़**

झुंड देखना शुभ है। अकेली देखना अशुभ।

**भेड़िया**

देखना संतान को सुख मिलने का लक्षण है।

**भैंस**

देखना अशुभ है।

**भोज**

देखिए 'पत्तल'।

**भोर**

देखिए 'सुबह'।

**भौंरा**

देखिए 'भंवरा'।

**भ्रमर**

देखिए 'भंवरा'

**भ्रूण**

देखना शुभ है।

# म

**मंच**

देखिए 'नाटक'।

**मंदिर**

देखना उन्नति और यश का सूचक है।

**मकड़ा/मकड़ी**

देखना संकट आने का सूचक है।

**मकबरा**

कोई भी मकबरा देखना शुभ है।

**मक्खन**

खाना, देखना लंबी यात्रा पर जाने का सूचक है।

**मक्खी**

मक्खियां देखना, भिनभिनाना काफी समय तक स्वस्थ बने रहने का सूचक है।

**मखमल**

संकट, दु:ख आने की सूचना है।

**मगर**

देखना शुभ है। तालाब, नदी, पानी में मगर देखना और भी शुभ है।

**मचान**

देखना बैठना अपमानित होने की सूचना है।

**मच्छर**

देखना, काटना शुभ है।

**मछली**

देखना शुभ है।

**मजमा**

देखिए 'भीड़'।

**मजार**

देखिए 'मकबरा'।

**मटर**

देखना अशुभ है।

**मठ**

देखना शुभ है। मठ में रहना सोना संपत्ति में बढ़ोत्तरी और यश वृद्धि का संकेत है। उजाड़ या टूटे फूटे मठ में ऐसा होना और भी शुभ कहा जाता है।

**मणि**

स्वप्न में सर्प का मणि देखना दुर्लभ स्वप्न है। अत्यन्त भाग्यशाली और राजपद प्राप्त व्यक्ति के लिए ही ऐसा स्वप्न संभव है।

**मतंग**

देखिए 'हाथी'।

**मत्स्य**

देखिए 'मछली'। मत्स्य कन्या देखना रूपवती स्त्री प्राप्त करने की संभावना माना गया है।

**मदिरा**

देखिए 'शराब'।

**मद्य**

देखिए 'शराब'।

**मधु**

देखिए 'शहद'।

**मयूर**

मोर का नाच देखना शुभ है। जंगल में देखना अति शुभ है। बिना नृत्य के मौन मोर देखना अशुभ है।

**मरघट**

देखिए 'श्मशान'।

**मरण**

देखिए 'शव' 'मृत्यु'।

**मरियल**

कोई भी मरियल मरणासन्न जीव जंतु देखना उन्नति/कार्य /रूका व्यापार/ परिवार/ समाज में एक नया सम्मानित स्थान, लाभ पाने का संकेत है। मरियल कुत्ता देखने पर फल सर्वश्रेष्ठ है।

**मरुस्थल**

देखिए 'रेगिस्थान'।

**मल**

मानव मल देखना / गाय का गोबर देखना सर्वोत्तम। अन्य प्रकार के मल देखने का फल इस प्रकार कहा गया है –

बिल्ली – अशुभ।
गधा – बुद्धि के बल पर कार्य में सफलता।
घोड़ा – दूर स्थान की यात्रा।
बैल – अशुभ।
सांड़ – किसी से झगड़ा वादविवाद की नौबत।
बकरा/बकरी – अशुभ।
कुत्ता – अशुभ।

ऊंट - परिवार में कलह।
मुर्गा/मुर्गी - स्वादिष्ट खानपान का योग।

कुछ पक्षियों की बीट का फल इस प्रकार है, अनेक ग्रंथों में वर्णित है।

कबूतर - शुभ पीठ पर गिरना अत्यन्त शुभ।
चिड़िया - सामान्य शुभ।
कौआ - महाअशुभ।
चूहा - घर में चोरी की संभावना।
तोता - किसी मित्र द्वारा विश्वासघात की संभावना।

**मलाई**

खाना, देखना, किसी बड़े दुःख या चक्कर में पड़ जाने का सूचक है।

**मवाद**

देखिए 'पीव'।

**मशाल**

अपने हाथ में मशाल देखना, थामना उन्नति का सूचक है। दूसरे के हाथ में मशाल देखना और अथवा ऐसी मशाल के प्रकाश में चलना किसी मित्र द्वारा भरपूर सहायता पाने का योग है।

**मस्जिद**

देखना अत्यन्त शुभ और सुखद समय का सूचक है। टूटी और वीरान पड़ी मसजिद देखना तो और भी शुभ है। मस्जिद में अकेले नमाज पढ़ना भी इसी फल का सूचक है। सामूहिक रूप से नमाज पढ़ना या पढ़ते देखना सामान्य शुभ माना गया है। (अन्य धर्मों के उपासना स्थलों का पूजन को हिन्दूसंस्कृति के ही अन्तर्गत आये पूजनीय स्थानों के फल के अनुसार विवेचन किया गया है।

इस स्वप्न फल को इसी आधार पर लिखा गया है )।

**मसहरी**

मच्छरदानी/मसहरी में अपने को सोये पाना शुभ लक्षण है। उन्नति का संकेत है। जाग्रतावस्था में अपने को इसमें स्वप्न में देखने का कोई फल नहीं है।

**मसि**

देखिए 'स्याही'।

**महन्त**

देखिए 'पुजारी'।

**महल**

देखिए 'भवन'।

**महात्मा**

देखिए 'साधु'।

**महापात्र**

देखना अत्यन्त शुभ है। यश, मानसम्मान, धन सम्पदा प्राप्ति का लक्षण है।

**महावर**

स्त्री स्वप्न में महावर किसी भी रूप में देखे तो पति सुख प्राप्ति का संकेत है। पुरूष स्वप्न में महावर किसी भी रूप में देखे तो पत्नी से विलगाव का लक्षण है।

**महुआ**

टपकते देखना, बीनना, तलना, पकाना, बुद्धि थोड़े समय के लिए खराब होने का संकेत है।

**मांस**

किसी भी जीव जंतु का कच्चा मांस देखना शुभ है। कहीं से भोजन का निमंत्रण आने का संकेत है। मनुष्य का मांस देखना

अत्यन्त अशुभ है।

मांसाहार करना, देखना शरीर अस्वस्थ होने की पूर्व सूचना है।

**मार**

खाना शुभ फलदायक है। किसी को मारना या मारते देखना शत्रु द्वारा पीड़ित होने का लक्षण है।

**माला**

किसी भी रूप में माला को देखना शुभ समय की सूचना है। फूलों की माला किसी को पहिनाना शुभ। स्वयं पहिनना या किसी के द्वारा पहनाया जाना शत्रु पर विजय का लक्षण है।

**माली**

खाली हाथ माली को देखना शुभ। मालाओं, फूलों के साथ देखना अशुभ।

**मिर्गी**

से पीड़ित होना, देखना बुद्धि और तीव्र तथा फलदायी होना है। बुद्धि कौशल में धनधान्य सुख की प्राप्ति का संकेत है।

**मिसरी**

देखिए 'मीठा'।

**मिस्सी**

लगाना या दांतों पर लगी देखना अशुभ है।

**मीठा**

किसी भी प्रकार का मीठा देखना, खाना, खिलाना, कलह, वादविवाद, लड़ाई का संकेत है।

**मीन**

देखिए 'मछली'।

**मील**

मील के पत्थर देखना यात्रा स्थगित होने या रुकावट पड़ने का संकेत है।

**मुंडन**

करना, कराना, देखना गृहस्थ जीवन में सुखमय समय आने का लक्षण है।

**मुहांसा**

चेहरे पर मुंहासे देखना या किसी के देखना शुभ है।

**मुनि**

देखिए 'साधु'।

**मुर्दा**

देखिए 'शव'।

**मुरब्बा**

डालना, खाना, देखना, उत्तम स्वास्थ्य कुछ समय तक बने रहने की पूरी संभावना है।

**मुरली**

देखिए 'बंशी'।

**मुल्ला**

देखिए 'पुजारी'।

**मुहर्रम**

किसी भी रूप में देखना शुभ है।

**मूंग**

कोई फल नहीं।

**मूंगफली**

कोई फल नहीं।

**मूंगा**

देखना, पहिनना शुभ कारोबार में उन्नति / कार्य सफलता का संकेत है।

**मूंछ**

मूंछ टेना, हाथ फेरना शुत्रु से पराजय, मूंछे बनाना शुभ है।

**मूर्ति**

देवी देवताओं के अलावा अन्य मूर्तियों देखने का कोई फल वर्णित नहीं है।

**मृग**

देखिए 'हिरन'।

**मृतक**

देखिए 'शव'।

**मृदंग**

देखिए 'वाजा'।

**मृत्यु**

देखिए 'शव'।

**मेह / मेघ**

देखिये 'बादल'।

**मेला**

देखिए 'भीड़'

**मेंहदी**

स्त्री द्वारा देखना, शुभ पति के लिए हितकारी / पुरुष द्वारा देखना अशुभ।

**मैदान**

खाली मैदान देखना, निकलना हर कार्य में फतह /

खेलकूद भीड़भाड़ देखना अशुभ।

**मैल**

शरीर पर मैल छुड़ाना नये कार्य का शुभारंभ / मैले कप या वस्तुएं साफ करना स्थान परिवर्तन का संकेत है।

**मोच**

लगना संकट परेशानी समाप्त होने की सूचना है।

**मोची**

देखना शुभ है। लाभदायक यात्रा का योग बनने की संभावना का सूचक है।

**मोती**

को किसी भी रूप में देखना दुर्भाग्य सूचक है।

**मोम**

किसी भी रूप में देखना, वादविवाद में समझौते / मेलमिलाप का लक्षण है।

**मोर**

देखिए 'मयूर'।

**मोरी**

देखिए 'नाली, नाला'।

**मोहर**

लगाना या देखना हाथ से संपत्ति निकल जाने का सूचक है।

**म्यान**

म्यान से कोई भी शस्त्र बाहर निकालना शत्रु से पराजित होने का संकेत है।

# य

**यंत्र**

स्वप्न में यंत्र बनाना, देखना उसका प्रयोग करना असफलता का चिन्ह है।

**यज्ञ**

करना, करवाना, देखना, यज्ञ में आहूति देना शुभ लक्षण है। ऐसा स्वप्न देखना पद, घर परिवार के सारे दुख दारिद्रय का नष्ट हो जाते हैं तथा पर्याप्त यश, धन, मानसम्मान मिलता है। सामूहिक रूप से भी यही दृश्य देखने पर ऐसा ही फल होता है।

**यज्ञोपवीत**

पहिनना, देखना शुभ है। तोड़ना या पुराना फेंकना और भी शुभ है। नवीन यज्ञोपवीत धारण करना या यज्ञोपवीत समारोह देखना भी अत्यन्त शुभ फलदायक है।

**यम / यमराज**

को किसी भी रूप में स्वप्न में देखना आयु वृद्धि का सूचक है।

**यमलोक**

फल उपरोक्त ही है।

**यव**

देखना, खाना, किसी भी रूप में होना शुभ लक्षण और कार्य बनने का संकेत है।

**यवनिका**

रंगमंच/नाटक का परदा उठते गिरते देखना

उलझन, परेशानी का चिन्ह है।

**याचना**

देखिए 'भीख / भिखारी'।

**युद्ध**

के दृश्य देखना प्रत्येक कार्य में सफलता का संकेत है।

**योगासन**

का कोई आसन करना, करते देखना शुभ है। शवासन करना या देखना सर्वश्रेष्ठ फलदायक है।

**योगी**

देखिए 'साधु'।

**योनि**

देखिए 'भग'

**यौन**

में किसी से भी यौन संबंध का स्वप्न देखना या औरों का देखना दुर्बलता शारीरिक आघात होने का चिन्ह है।

## र

**रंग**

केवल काला रंग देखना शुभ है।

**रंगना**

किसी वस्तु को रंगना, रंगते देखना उस वस्तु को हानि, आघात लगने की पूर्व सूचना है।

**रंगमंच**

देखिए 'नाटक'।

**रंडी**

देखिए 'वेश्या'।

**रंडुआ**

देखिए 'विधुर'।

**रक्षा**

स्वप्न में किसी की रक्षा करना सब प्रकार से सुख पाने का संकेत है। किसी महिला की रक्षा करने का दृश्य देखना तो और भी शुभ है।

**रक्षाबंधन**

किसी भी रूप में देखना परिवार के सहयोग से कार्य व्यापार योजना आदि में चारों तरफ से सफलता प्राप्त करने की सूचना है। वैसे यह स्वप्न भी स्वप्न शास्त्र में अत्यन्त दुर्लभ माना गया है।

**रखैल**

देखना गृहकलह, संतान कष्ट का सूचक है।

**रजत**

चांदी की वस्तु देखना कफ की बीमारी होने, खांसी/दमा हृदयरोग का सूचक है।

**रजाई**

ओढ़ना शुभ, ओढ़े देखना शुभ। रजाई लपेटना रोग व्याधि से मुक्ति / नयी बनवाना स्थान परिवर्तन का संकेत / बंधी पीठ पर सिर पर डालकर ले जाना लंबी यात्रा का संयोग। फटी पुरानी रजाई देखना प्रयोग करना उधेड़ना शुभ कार्य के लिए कहीं से निमंत्रण मिलने की संभावना का सूचक है।

**रज्जू**

देखिए 'रस्सी'।

**रटना**

किसी भी पाठ / पुस्तक को बार बार रटना रटते देखना कोई बड़ी गलती कर बैठने की पूर्व सूचना है।

**रति**

देखिए 'यौन संबंध, आलिंगन'।

**रत्न**

विभिन्न ग्रंथों के आधार पर रत्नों को देखने का फल इस प्रकार बतलाया गया है –

हीरा देखना शुभ है।
मोती देखना व्यापार में लाभ का सूचक है।
नीलम देखना उन्नति का संकेत है।
पुखराज देखना बीमार पड़ने का लक्षण है।
गोमेद देखना वृद्धि कौशल में सफलता / कार्य बनने की सूचना है
अन्य रत्न/बहुमूल्य पत्थरों का कोई फल किसी भी ग्रन्थ में उपलब्ध नहीं है।

**रथ**

देखना, बैठना, मृत्युयोग या भयानक दुर्घटना का सूचक है। शास्त्रों में कहा गया है। इस प्रकार के स्वप्न का फल नाश करने के लिए 'श्री महामृत्युंजय जप' / यज्ञ अवश्य करायें।

**रद्दी**

देखना फेंकना संपत्ति वृद्धि का सूचक है।

**रफू**

करना, कराना, देखना, नवीन वस्त्र प्राप्ति का योग है।

**रमण**

देखिए 'आलिंगन, रति क्रिया'।

**रवि**

देखिए 'सूर्य'।

**रसोई**

घर में बैठकर खाना खाना शुभ, गंदा रसोईघर देखना शुभ / स्वच्छ चमकदार रसोई देखना किसी कारणवश अगले दिन भोजन भी प्राप्त न होने का लक्षण है।

**रस्सा / रस्सी**

बनाना, बनते देखना संकट सूचक, किसी प्रकार से उपयोग में लाना सकंट निवारक , झूलना, लटकना, कूदना प्रगति / लाभ का सूचक / रस्सी के सहारे ऊपर चढ़ना असफलता / हानि का संकेत है।

**रहट**

किसी भी रूप में चलते देखना अच्छी फसल / खेती में आमदनी अथवा भूमि संबंधी कार्यों से पर्याप्त लाभ।

**रांगा**

देखना शुभ है।

**राई**

नमक राई से नजर उतारना, देखना घर का संकट दारिद्रय, चिंता/परेशानी से मुक्ति का संकेत है। मसाले में राई पीसना या अन्य किसी प्रकार से उपयोग करना, देखना कार्य में बाधा, असफलता/ उधार लेने की स्थिति का सूचक है।

**राक्षस**

किसी भी रूप में कोई भी राक्षस देखना संकट/बाधाओं, सभी प्रकार के कष्टों से छुटकारा पाना है।

**राख**

देखना कार्य की निश्चित सफलता का सूचक है।

**राखी**

देखिए 'रक्षाबंधन'।

**रातरानी**

देखना गंध महसूस करना अशुभ है।

**रामनामी**

किसी भी रूप में देखना गृहस्थ जीवन का भरपूर आनंद प्राप्त होने की सूचना है।

**रामलीला**

देखना, उनमें भाग लेना सुख और भाग्य में वृद्धि की सूचना है।

**रिवाल्वर**

देखना, चलाना, चलती देखना शत्रु में मेलमिलाप का संकेत है।

**रीछ**

देखिए 'भालू'।

**रूई**

देखिए 'रजाई'।

**रूपवान/रूपवती**

स्त्री पुरुष देखना अशुभ है।

**रूमाल**

देखना परिवार में अतिथि का आगमन/ चेहरा पोंछना, चिंता परेशानियों का अंत/ जेब में रखना गृह कलह, किसी से वाद-विवाद, सिर पर रखना, सिर ढांकना चोट लगने की संभावना।

**रूह**

देखिए 'भूत'।

**रेंकना**

गधे का रेंकना, देखना अत्यन्त शुभ फलदायक है। यह प्रत्येक कार्य में विजय / सफलता का सूचक है।

**रेडियो**

किसी भी रूप में रेडियो देखना किसी पत्र/सूचना आने का संकेत है।

**रेत**

गरम रेत स्पर्श करना, चलना शुभ, रेगिस्तान देखना धनसम्पदा में वृद्धि। उड़ती रेत देखना संकट/चिंता से छुटकारा, रेत का आँल में पड़ना सबसे शुभ फलदायक स्वप्न है।

**रेल**

गाड़ी में यात्रा करना, यात्रा में बाधा, रुकावट या स्थगन/ रुकी रेल प्लेटफार्म पर देखना अतिथि आगमन का सूचक / रेल दुर्घटना देखना पदोन्नति/ कार्यसफलता और व्यापार लाभ का सूचक है। समय पर न पहुंचने के कारण रेल छूट जाना परीक्षा/ प्रतियोगिता / इंटरव्यू में निश्चित सफलता का संकेत / रेल में किसी को विदाई देना / विदाई देते देखना किसी घनिष्ठ मित्र या किसी पारिवारिक सदस्य से गहरे वैमनस्य का संकेत।

**रोकड़**

उलटना पुलटना देखना आर्थिक हानि की संभावना।

**रोग**

रोग होना, देखना, रोगी के पास बैठना सुखद पारिवारिक वातावरण का संकेत है। किसी भी रोग से संबंधित स्वप्न देखने का यही फल है।

**रोजगार**

की तलाश में भटकते देखना या भटकना पारिवारिक

कलह बढ़ने का संकेत है।

**रोटी**

खाना खाते देखना बीमार पड़ने का योग / पकाना, कार्य सिद्धि, बांटना धनहानि फेंकना, धनलाभ / सूखी सड़े गले टुकड़ों में बंटी रोटियां देखना अनायास धन लाभ की सूचना है।

**रोना**

स्वयं रोना संकट / कष्ट / चिंता से निवारण / दूसरों को रोते देखना शत्रु विजय की सूचना / समूह में रोना परिवार में नये सदस्य का आगमन।

**रोपनी**

करना भूमि व्यापार व भूमि से लाभ का संकेत है।

**रोम**

सहलाना शुभ / काटना अशुभ / उखाड़ना और अशुभ।

**रोयां**

देखिए 'रोम'।

**रोशनदान**

देखना, गुप्त शत्रु का प्रबल हो हानि पहुंचाना।

**रोहु**

मछली किसी भी रूप में देखना अत्यन्त शुभ है।

## ल

**लंकलाट**

ओढ़ना, बिछाना, पहिनना, शुभ लक्षण हैं। स्वागत, सम्मान प्राप्ति का योग बनता है।

**लंगड़ा/वंगड़ा**

देखना सफलता प्राप्त करने का लक्षण है।

**लंगर**

गुरूद्वारे में लंगर खाना, देखना, लेना धनसम्पदा में अनायास वृद्धि का सूचक है।

**लंगूर**

देखना शुभ है।

**लंगोट**

पहिनना, पहिने देखना शत्रु से मात खाने का चिन्ह है।

**लकड़बग्घा**

देखना संतान को कष्ट होने का सूचक है।

**लकड़ी**

उठाना, रखना, देखना किसी से भी अकारण वाद-विवाद हो जाने की संभावना का सूचक है।

**लकीर**

किसी भी प्रकार की, किसी भी चीज में लकीर खींचना बाधाओं के आने की सूचना है।

**लट**

बनाना, हाथ फेरना, सहलाना चिंताग्रस्त हो जाने का लक्षण है।

**लटकना**

किसी भी चीज को पकड़कर लटकना, किसी और को लटके देखना आधा अधूरा काम बन जाने की सूचना है। विचारधीन कार्य बन जाने का लक्षण है।

**लट्ठ**

देखिए 'लकड़ी, लाठी'।

**लता**

किसी भी चीज की लता किसी भी रूप में देखना कार्य सिद्धि वृद्धि का संकेत है।

**लवंग**

देखिए 'लौंग'।

**लहंगा**

दाम्पत्य सुख की प्राप्ति का संकेत है।

**लात**

देखिए 'पैर'।

**लालटेन**

जलाना कार्य बाधा/ असफलता/ बुझाना कार्य सिद्धि सफलता जलती देखना परेशानी चिंता से ग्रसित होना।

**लिफाफा**

किसी भी रूप में देखना किसी गुप्त बात का सब पर प्रकट हो जाना है।

**लुंगी**

देखिए 'लहंगा'।

**लुहार**

किसी भी रूप में देखना नये कार्य का श्रीगणेश होने का लक्षण है।

**लेई / लेप**

किसी भी रूप में देखना या प्रयोग करना किसी भी प्रकार से जोड़तोड़ कर काम बन जाने का सूचक है।

**लोमड़ी**

किसी भी रूप में देखना किसी के द्वारा विश्वासघात किये जाने का संकेत है।

**लोहा**

लोहे की कोई भी काली वस्तु देखना कार्य बनने, भाग्य प्रबल होने का संकेत है।

**लौ/लपट**

आग की लौ/लपट देखना पारिवारिक विवाद की शांति का संकेत है। दीपक की लौ देखना मित्रों का सहयोग / समर्थन करने की सूचना और दीपक की लौ का बुझना देखना या बुझाया जाना( पारिवार में नये शिशु के आगमन का संकेत है।

आग की लौ / लपट में झुलसना कष्टों, चिंता, समस्याओं से मुक्ति का संकेत है।

## व

**वंदनवार**

देखना, लगाना, स्पर्श करना परिवार में सामूहिक आयोजन करने / होने का सूचक है।

केवल आम के पत्तों की वंदनवार देखना परिवार में किसी शुभ कार्य के आयोजन का संकेत है।

**वंशज**

स्वप्न में अपने किसी भी वंशज को देखना शुभ लक्षण है।

# व

**वंदनवार**

देखना, लगाना, स्पर्श करना परिवार में सामूहिक आयोजन करने / होने का सूचक है।

केवल आम के पत्तों की वंदनवार देखना परिवार में किसी शुभ कार्य के आयोजन का संकेत है।

**वंशज**

स्वप्न में अपने किसी भी वंशज को देखना शुभ लक्षण है।

**वंशी**

बजाना, सुनना, देखना दुःखंद समय आने का सूचक है।

**वक**

ध्यानमग्न वक (बगुला) देखना भीषण विश्वासघात किये जाने का लक्षण है।

**वजीफा**

पाना, मिलने की सूचना आदि अपनी वृत्ति में हानि का संयोग है।

**वट**

देखना, छाया में रुकना, बैठना, अनायास हर प्रकार की सहायता / सहयोग मिलने का लक्षण है।

**बधाई**

का संदेश पाना, सुनना किसी के द्वारा घोर अपमान होने का संकेत है।

**वधू**

देखिए 'दूल्हा-दुलहिन'।

**वन**

देखिए 'जंगल'।

**वर**

देखिए 'दूल्हा दुल्हिन'।

**वरमाला**

डालना, देखना पति पत्नि में घोर कलह का सूचक है।

**वराह**

देखिए 'सुअर'।

**वर्ण**

देखिए 'रंग'।

**वर्षगांठ**

किसी की वर्षगांठ मनाना, देखना उसकी आयु क्षीणता का सूचक है।

**वर्षा**

देखिए 'बरसात'।

**वल्फल**

देखना, पहिनना, पहिने देखना उत्तम गृहस्थ जीवन की सूचना है।

**बसन्त**

बसन्तऋतु, बसंतोत्सव देखना पति पत्नी में गहरे विवाद का सूचक है।

**वसीयतनामा**

लिखना, पढ़ना, देखना अचल सम्पत्ति की

हानि की पूर्व सूचना है। ऐसा स्वप्न देखने वाले अपनी अचल सम्पत्ति के प्रति सावधान रहे। शकुन स्वप्न शास्त्रों में यही सलाह दी गयी है।

**वस्त्र**

जीर्णक्षीर्ण वस्त्र और काले वस्त्र देखना शुभ है। शेष का कोई फल नहीं कहा गया है।

**वाटिका**

देखिए 'बागीचा'।

**वातपित्त**

से पीड़ित होना, किसी को देखना अच्छे स्वास्थ्य का लक्षण है।

इस रूप में होना, देखना दीर्घकाल तक दाम्पत्य सुख प्राप्त करने का लक्षण है।

**वानर**

देखिए 'बंदर'।

**वामन**

रूप में होना या देखना उन्नति प्राप्त करने की पूर्व सूचना है। कोई भी आकृति बौने रूप में देखना शुभ लक्षण माना गया है।

**वारिद**

देखिए 'बादल'।

**वाहवाह !**

करना, सुनना अपमानित होने की संभावना है।

**विक्षिप्त**

स्वयं होना या किसी और को देखना शुभ लक्षण है।

**विजय**

किसी भी रूप में देखना अशुभ है।

**विजया**

देखिए 'भांग'

**विज्ञापन**

पढ़ना, देखना, सुनना, देना अपमान/वादविवाद /गृहकलह / मित्र वैमनस्यता का प्रतीक है।

**विड़ाल**

देखिए 'बिल्ली'।

**विदाई**

किसी भी प्रकार का विदाई समारोह देखना धनसम्पत्ति में वृद्धि की सूचना है।

**विदूषक**

होना, देखना दु:खद स्थितियां आने की पूर्व सूचना है।

**विदेशयात्रा**

देखना, विदेश में होना पारिवारिक विवाद का उग्र रूप होने का लक्षण है।

**विद्युत**

देखिए 'बिजली'।

**विधवा**

देखना शुभ है।

**विधुर**

देखना अशुभ है, पर स्वयं विधुर रूप में पाना दीर्घकाल तक पत्नी सुख की प्राप्ति है।

**विप्र**

देखिए 'साधु'।

**विमान/वायुयान**

देखना, वायुयान में यात्रा करना यात्रा में बाधा, रुकावट का संकेत है।

**वाद/विवाद**

किसी से भी वाद-विवाद होना, होते देखना गहरी मैत्री का प्रतीक है।

**विष**

देखना, पान करना, पान करते देखना या विष पीड़ित होना, देखना, विष से मरना, मरा देखना सुखद सम्पन्न जीवन का संकेत है।

**विस्फोट**

किसी भी वस्तु का विस्फोट होते देखना, सुनना, करना, अनायास उन्नति प्राप्त करना है।

**वीणा**

वादन करना, स्पर्श करना, देखना, सुनना, दुःखी होने के समय का संकेत है।

**वीर्य**

किसी भी रूप में वीर्य देखना, महसूस करना समाज में अपयश फैलने का संकेत है।

**वृद्ध**

देखिए 'बड्ढा, बुड़िया'।

**वृवादश्चिक**

देखिए 'बिच्छू'।

**वृषण**

देखिए 'सांड'

**वैरागी**

देखिए 'साधु'।

**व्याघ्र**

देखिए 'शेर'।

## श

**शंख**

फूंकना, बजाना, शंखध्वनि सुनना अत्यन्त शुभ है। शंख स्पर्श करना देखना और भी शुभ सुखद है।

**शत्रु**

स्वप्न में शत्रु को देखना उसकी पराजय होने का सूचक है।

**शैय्या**

देखिए 'बिस्तर'।

**शर**

देखिए 'बाण'।

**शराब**

पीना, पिलाना देखना, पीकर गिरना लड़खड़ाना, देखना पड़ोसी या घनिष्ठ मित्र से शीघ्र वाद-विवाद का सूचक है।

**शव**

शव, शवयात्रा देखना, उसमें भाग लेना, शुभ संकेत है। स्वयं को शव रूप में पाना, शवासन करना या देखना और भी शुभ है।

**शश**

खरगोश देखना संतान सुख का सूचक है।

**शहद**

शहद खाना, देखना, मधुमक्खियों का छत्ता देखना, तोड़ना, आग लगाना परिवार में किसी वरिष्ठ सदस्य से घौर वैमनस्य बढ़ने का लक्षण है।

**शहनाई**

बजाना, सुनना दुःख आने की सूचक है।

सपने में कोई भी शहर का विहंगप रूप में दिखलायी पड़ना यात्रा में अवरोध का सूचक है।

**शाल**

ओढ़ना, ओढ़ाना, देखना अपयश मिलने की संभावना की सूचना है।

**शिकार**

किसी भी प्रकार का शिकार करना परिवार में कष्ट हानि का लक्षण है।

**शिखा/शिखर**

देखिए 'चोटी'।

**शिला**

देखिए 'पत्थर, पहाड़'।

**शिशु**

हंसता खेलता किलकारी मारता शिशु देखना सुखद दाम्पत्य जीवन का परिचायक है।

**शूकर**

देखिए 'सुअर'।

**शूद्र**

देखना अत्यन्त शुभ है।

**श्रृंगार**

किसी स्त्री को श्रृंगार करते देखना अविवाहित के लिए विवाहित होने का संकेत, विवाहित के लिए दाम्पत्य सुख की प्राप्ति और स्त्री द्वारा ऐसा स्वप्न देखने पर पति से कलह होने का संकेत।

**श्रृंगारदान**

का टूटना देखना विवाहित स्त्री के लिए उसके पति की दीर्घायु की सूचना है। पुरुष का यह स्वप्न देखना स्त्री का अभूतपूर्व प्रेम प्राप्त होने का संकेत है।

**शेखी**

बघारना, बघारते देखना शत्रु प्रबल होने का संकेत है।

**शेर**

देखना, दहाड़ सुनना शत्रु द्वारा आत्मसमर्पण की सूचना है।

**शोक**

शोकमग्न होना, शोक में डूबा आदमी या समूह को देखना शीघ्र आनंदोत्सव होने का संकेत है।

**श्मशान**

घाट देखना, जाना, समूह में जाना शुभ लक्षण है। श्मशान में शवदाह होते देखना और भी शुभ है। अकेले श्मशान में खड़े देखना दीर्घायु होने का लक्षण है।

**श्राद्ध**

करना, देखना, भाग लेना सुखद जीवन प्राप्त होने की पूर्व सूचना है।

**श्रीफल**

देखिए 'नारियल' और 'बेल'।

**श्वान**

देखिए 'कुत्ता'

**श्वेत**

देखिए 'सफेद'।

## स

**संगीत**

सुनना, देखना, किसी कष्ट के आगमन का सूचक है।

**संडास**

देखना, जाना, धनधान्य प्राप्ति का सूचक है। संडास की गंध महसूस करना और भी शुभ है।

**संदूक**

देखिए 'तिजोरी' 'बक्सा'।

**सन्यास/सन्यासी**

देखिए 'साधु, यज्ञोपवीत, वैरागी'।

**सपेरा**

देखिए 'सांप'।

**सरोपा**

किसी गुरूद्वारे में सरोपा लेना या ऐसा समारोह देखना सुखद भविष्य का सूचक है।

**सगाई**

करना, देखना, समारोह में शामिल होना किसी से

पारिवारिक रिश्ता टूटने का लक्षण है।

**सजा**

भुगतना, सजा सुनना देखना संकटों से छुटकारा है।

**सट्टा**

खेलना, देखना लगाना किसी के द्वारा विश्वाघात किये जाने की पूर्व सूचना है।

**सड़ी/गली**

कोई भी वस्तु देखना शुभ समय का लक्षण है।

**सती**

सती होना, सती का दृश्य देखना शुभ लक्षण है। यह स्वप्न दुर्लभ बतलाया गया है।

**संन्यास/संन्यासी**

देखिये वैराग्य, यज्ञोपवीत, ब्राह्मण आदि।

**सफर**

देखिए 'यात्रा'।

**सफेद**

देखिए 'रंग, वर्ण'।

**सभा**

देखिए 'भीड़'।

**समाधि**

देखिए 'कब्र'।

**समारोह/समुदाय**

देखिए 'भीड़'।

**समुद्र**

ठाठें मारता समुद्र देखना, समुद्र किनारे घूमना, भीड़ देखना या समुद्र तटीय समारोह में भाग लेना उन्नति के नये द्वार

खुलने का सूचक है।

**सम्मेलन**

देखिए 'भीड़, समारोह' आदि।

**सरसों**

का तेल लगाना या तेल लगाकर स्नान करना, देखना अशुभ है। किसी दुःखद समाचार मिलने का संकेत है।

**सरौता**

देखना, सुपारी काटना किसी अतिथि के आगमन का सूचक है।

**सर्प**

देखिए 'सांप, नाग'

**सलवार**

देखिए 'वस्त्र'।

**सलामी**

किसी भी रूप में सलामी लेना, देना, देखना अशुभ और मानहानि का सूचक है।

**ससुराल**

जाना देखना दाम्पत्य जीवन में दरार पड़ने का लक्षण है।

**सांड**

देखिए 'बैल'।

**सांप**

देखिए 'नाग'।

**सागर**

देखिए 'समुद्र'।

**साड़ी**

देखिए 'वस्त्र'।

**साधना**

देखिए 'तपस्या'।

**सारंगी**

देखिए 'शहनाई'।

**सिंदूर**

देवी देवताओं से अलग सिंदूर देखना, छूना, भरना दाम्पत्य जीवन में कलह का सूचक है।

**सिंह**

देखिए 'शेर'।

**सिंहासन**

देखना राजदंड मिलने का सूचक है। किसी अपराध में पड़ जाने की संभावना का संकेत है।

**सिकता**

देखिए 'रेत'।

**सियार**

देखना, बोली सुनना अशुभ है।

**सिलना/सिलाई**

करना, कराना, करते देखना काम बन जाने का संकेत है।

**सिसकियां**

सिसकियां भरना, भरते देखना, सिसकियां सुनना संकट से उद्धार की सूचना या शुभ समय आने का संकेत है।

**सींग**

गाय का सींग मारना शुभ है।

सांड / बैल का सींग मारना अशुभ है।
भैंस/भैंसा का सींग मारना लंबी यात्रा पर जाने का योग है।
बकरा/बकरी का सींग मारना बीमार पड़ने का लक्षण है।

**सींचना/सिंचाई**

बगीचे को सींचना/खेतों में सिंचाई करना नयी संतान के आगमन की सूचना है।

**सीटी**

देखिए 'बंशी'।

**सीढी**

पर चढ़ना, अवनति, उतरना उन्नति, चढ़ना उतरना एक साथ देखना कोई फल नहीं / सीढ़ी उठाना, रखना, खड़ी करना, अशुभ लिटाना शुभ है।

**सुगंध**

सूंघना, महसूस करना अशुभ है।

**सुआ/सुगना**

देखिए 'तोता'।

**सुनार**

को देखना, सुनार का काम करना, कराना अशुभ है। परिवार पर संकट की सूचना है।

**सुपारी**

देखिए 'सरौता'।

**सुरंग**

देखना, सुरंग में प्रवेश करना, नयी राह नया कार्य शुरू होने का संकेत है।

**सुरमा**

देखिए 'मिस्सी'।

**सुरा**

देखिए 'शराब'।

**सुवर्ण**

देखिए 'सुनार'।

**सुवास**

देखिए 'सुगंध'।

**सुई**

देखिए 'सिलाई, सिलना'।

**सूत**

देखिए 'धागा'।

**सूतक**

में होना, किसी अन्य को देखना शुभ लक्षण है।

**सूत्र**

देखिए 'सूत'।

**सूनापन/सुनसान**

एकदम सूनापन/सुनसान स्थान देखना, सन्नाटे का अनुभव करना शुभ है। यह अपने बल पर प्रगति करने, उन्नति का मार्ग बनाने का संकेत है और साथ ही सफलता का सूचक है।

**सूप**

खाली सूप देखना, स्पर्श करना, प्रयोग करना शुभ / भरा सूप किसी भी रूप में देखना अशुभ है।

**सूर**

होना, देखना चर्चा करना शुभ है।

**सूरज**

सपने में सूरज की ओर देखना दुर्लभ स्वप्न है।

**सूरजमुखी**

का फूल देखना अशुभ है और किसी विपत्ति के आने की सूचना है।

**सूर्य**

देखिए 'सूरज'।

**सूली**

देखिए 'फांसी'।

**सेज**

देखिए 'शैय्या, बिछौना'।

**सेतु**

देखिए 'पुल'।

**सेवा**

अपने से बड़ों की सेवा करते देखना सुखी जीवन व्यतीत करने का लक्षण है। अपने से बड़े से सेवा करवाना अशुभ है।

**सेहरा**

विवाह का सेहर देखना गृहकलह, दाम्पत्य विग्रह का संकेत है।

**सोंटा**

देखिए 'लाठी, डंडा'।

**सोना**

देखिए 'निद्रा'।

**सोलह / श्रृंगार**

किसी स्त्री के शरीर में उबटन का लगाना, लगना देखना उसके बीमार पड़ने का संकेत है। स्नान करते देखना यात्रा पर जाने का योग है। सुंदर वस्त्र पहिने देखना गंभीर रूप से बीमार पड़ना। बाल संवारना, दुखद का समय आने का संकेत।

काजल लगाना शुभ। सिंदूर भरना गृहकलह का सूचक। महावर देखिए। माथे पर तिलक लगाना, बदनामी का सामना करने की स्थिति, चिबक पर तिल बनाना पति से कलह द्वेष, देखिए मेंहदी, सुगंध, माला, मिस्सी पान खाना वमन से पीड़ित होना, होंठ लाल करना वादविवाद झगड़े की नौबत।

**सौत**

को देखना पति का भरपूर प्यार मिलने का संकेत है।

**स्टूल**

देखना, चढ़ना, बिठाना असफलता का संकेत है।

**स्टेशन**

देखिए 'रेल'।

**स्तंभ**

किसी भी रूप में देखना यश फैलने का संकेत है।

**स्तन**

ढंके छिपे स्तन देखना अशुभ। नग्न स्तन देखना काय सुख की प्राप्ति, स्तन पान करना कार्य में सफलता।

**स्नान**

देखिए 'सोलह सिंगार, श्रृंगार'।

**स्मारक**

प्राचीन इमारत, स्मारक देखना शुभ फलदायक है।

**स्याही**

सपने में स्याही देखना वृद्धि कुशाग्र होने का संकेत है। स्याही का गिरना देखना और शुभ है।

**सुवर्ण**

देखिए 'सुनार'।

**स्वागत**

स्वयं का अथवा अन्य किसी का स्वागत समारोह देखना अशुभ है। किसी प्रकार के कलह और झगड़े का सूचक है।

**स्वेद**

पसीने से लथपथ होना या देखना सुखद समय आने का संकेत है।

## ह

**हंगामा**

देखिए 'भीड़'।

**हंटर**

देखिए 'लाठी'।

**हंस**

अकेला हंस देखना अशुभ/ जोड़ा देखना शुभ।

**हंसी/हंसना**

देखना दुःख भोगने की सूचना है।

**हुंकार**

मारना या सुनना शत्रु के प्रबल होकर उससे पराजित होने का संकेत है। शत्रु द्वारा हानि की संभावना।

**हगना**

अनायास धन प्राप्ति का लक्षण है।

**हजामत**

बनाना, बनते देखना छलकपट का शिकार बन जाने का पूर्व लक्षण है।

**हडकम्प**

देखिए 'हंगामा'।

**हड्डी**

किसी भी जीव जंतु की हड्डियां, अस्थि पंजर देखना डूबा धन मिलने की संभावना का सूचक है।

**हत्या**

करना, करवाना, देखना अनायास किसी झमेले में पड़कर परेशान होने की सूचना है।

**हथिनी/हाथी**

देखना शुभ / सवारी करना अशुभ फलदायक है।

**हनन**

देखिए 'हत्या'।

**हब्शी**

देखना अत्यन्त शुभ तथा कार्य बनने/ सफलता/ धनलाभ का सूचक है ? हब्शी को मुस्कुराते देखना अशुभ है।

**हय**

देखिए 'घोड़ा'।

**हरिण**

देखिए 'मृग'।

**हरिद्रा**

का उबटन लगाना शुभ। पीसना अशुभ।

**हल**

बिना बैलों का देखना शुभ है ? धनधान्य वृद्धि का सूचव है।

देखिए 'वायुयान' ।

**हवन**

देखिए 'यज्ञ' ।

**हवालात**

में स्वयं को या किसी अन्य को देखना मान सम्मान यश मिलने का सूचक है।

**हिंडोला**

देखिए 'झूला' ।

**हिंजड़ा**

देखना सब प्रकार से शुभ है।

**हिम**

बर्फ गिरती देखना शुभ, धनप्राप्ति और स्पर्श करना खाना अशुभ।

**हिरासत**

देखिए 'हवालात' ।

**हीरा**

देखिए 'जवाहरात' ।

**हुक्का**

पीना पड़ोस में मेलचोल बढ़ने का संकेत है।

**हुल्लड़**

देखिए 'हंगामा, हड़कम्प' ।

**होम**

देखिए 'यज्ञ' ।

# शरीर चिन्ह

स्वप्नों के समान ही शरीर चिन्ह के भी अपने फल होते हैं और यह चिन्ह मनुष्य विशेष के भविष्य और उसकी जीवन शैली के परिचायक होते हैं। इनका शुभाशुभ फल पूर्ण वयस्क हो जाने पर ही मिलता है। उस समय तक यह सभी चिन्ह परिपक्व और स्थायी हो जाते हैं। अतएव पूर्व वयस्का, वालों के लिये ही इनका फल बतलाया गया है। यह संकलन विभिन्न शास्त्रीय ग्रंथों के आधार पर प्रस्तुत किया जा रहा है। शिख से नख तक का फल इस प्रकार संकलित है –

**बाल**

साधारण न ज्यादा मोटे न पतले बाल, गहरे चमकीले रंग के व्यक्ति के सीधे सादे होने का प्रमाण हैं। ऐसा व्यक्ति अत्यन्त भावुक, हृदय का नरम और सुशील होता है।

मोटे और कठोर बालों वाला व्यक्ति स्वार्थी, बातूनी और अत्यन्त चालाक होता है। अपना काम निकालने में अत्यन्त चतुर तथा उपकार करने वाले का भी शत्रु बन जाता है।

घुंघराले बालों वाला व्यक्ति रहस्यमय जटिल होता है। उसे समझ पाना सरल नहीं होता है। कुछ कुछ रहस्य वह सबसे छिपाये रखता है। बाहर से भोला पर वास्तव में अत्यन्त शरीर होता है।

इधर की उधर लगाने में अत्यन्त कुशल रहता है। 'आग लगाकर जमालो दूर खड़ी !' वाली कहावत उस पर पूर्ण रूप से घटित होती है। स्वभाव से अत्यन्त शौकीन, रंगीन मिजाज होता है।

साधारण न ज्यादा मोटे न पतले पर केवल कंधों या उससे थोड़े

बड़े बाल वाली महिला सरल स्वभाव की, आसानी से बहक जाने वाली, नरम भावुक, वफादार होती है। उसका व्यवहार सुशील होता है। ऐसे ही बाल पर खूब लंबे कमर तक आने वाली महिला में यह सब गुण होते ही हैं, पर वह ज्यादा चुस्त, चालाक न बहकने वाली, सोच समझकर कोई कार्य करने वाली होती है।

घुंघराले बालों वाली महिला अत्यन्त बातूनी, चटोरी तथा हमेशा बनाव श्रृंगार करने में पटु, घर में कम रहने वाली होती है। व्यर्थ का अनावश्यक खर्च करना उसका स्वभाव होता है।

**भवें**

गहरी काली धनुषाकार भवें अच्छे भाग्य का लक्षण है। अगर भवें नासिका सिर पर आकर एक दूसरे का स्पर्श करती हैं, तो पुरुष / स्त्री का स्वभाव कठोर तथा झगड़ालू प्रकृति का होता है। पतली बारीक लंबी भवों वाली स्त्री अत्यन्त सुशील और शान्त स्वभाव की होती हैं।

**मस्तक**

मस्तक सिकोड़ने पर रेखाएं पड़ती हैं। सीधी रेखाओं का फल इस प्रकार बतलाया गया है।

दो रेखाएं – भाग्यवान, सुखी जीवन।

तीन रेखाएं – भाग्यवान पर अल्प सुख।

चार रेखाएं – दरिद्र, सदा संकट ग्रस्त।

टूटीफूटी रेखाएं होने पर, जीवन की गाड़ी किसी प्रकार खींचकर चलाने का संकेत मात्र है। मस्तक सिकोड़ने पर यदि दरवाजे की चौखट सी बनती हैं, तो व्यक्ति अपने बल पर अपने जीवन का निर्माण करता है। यश, समृद्धि प्राप्त करता है। उसका प्रारंभिक जीवन अत्यन्त संघर्षपूर्ण होता है और अंतिम समय सुखपूर्वक बीतता है।

मस्तक सिकोड़ने पर चौखट के साथ साथ या बिना चौखट के शंख या तिलक जैसा आकार बन जाता तो यह अत्यन्त भाग्यशाली, यशस्वी होने का चिन्ह है।

**कान**

बड़े कान वाला व्यक्ति भाग्यशाली माना गया है। वह प्रतिष्ठत नेता / महात्मा / सन्यासी / प्रचारक / वक्ता बनता है। जन्म में कोई एक कान कटा होना व्यक्ति को जीवन भर संघर्ष करने के लिए संकेत करता है। कान का ऊपरी भाग कटा होना अधिक अशुभ है।

**नाक**

लंबी सीधी तिलम के समान नाक वाला व्यक्ति हठी, जिद्दी और कठोर स्वभाव का होता है। अपनी जिद्द के लिये वह किसी भी सीमा तक जा सकता है।

छोटी नाक वाला सरल स्वभाव पर अत्यधिक सहनशील और कठोर परिश्रम करने वाला होता है।

चपटी छोटी नाक वाला निर्भय, परम्परा अनुशासन का पालन करने वाला होता है। बड़ों का आदर करना और सबसे मिलजुलकर रहना उसका जन्मजात स्वभाव होता है।

**आंखें**

कंजी (बिल्ली) के समान आंखें धूर्तता, चालाकी की सूचक हैं। ऐसा व्यक्ति कभी भी कोई भी झटकादे सकता है। वह कंजूस और गहरा षडयंत्र करने में निपुण होता है।

नीली आंखें सरल शान्त स्वभाव, विनम्र और अपनी सीमा में रहने का संकेत है। ऐसी स्त्री दाम्पत्य जीवन को अत्यन्त सुखमय करती है। ऐसा व्यक्ति अपनी पत्नी के प्रतिपूर्ण रूप से वफादार होता है।

हरी आंखें अत्यन्त निर्मम हृदय की सूचक हैं। ऐसी आंखों वाले को अपराध / बुराकर्म किए बिना चैन नहीं मिलता है।

सफेद पनीली आंखें अत्यन्त मिलनसार, निष्कपट, भोले व्यक्ति की होती हैं। इन्हें बहुत आसानी से ठगा जा सकता है या चक्कर में फंसाया जा सकता है .

**होंठ**

पतले गुलाबी होंठों वाली स्त्री अत्यन्त सुशील होती है। यही लक्षण पुरुष का भी है।

मोटे भद्दे होंठ कठोर, फूहड़ और दुष्ट स्वभाव के सूचक हैं।

जन्म से ऊपर का बीचों बीच कटा होंठ होने पर जीवन भर दुःख पाने का सूचक है। शारीरिक क्लेश न सही, पर मानसिक क्लेश से जीवन पर्यन्त ग्रसित रहते हैं।

**मस्सा**

ऊपर के होंठ पर मस्सा हो तो व्यक्ति बड़ी कठिनाई से जीवन यापन कर पाता है। निचले होंठ पर मस्से का दाना हो तो किसी के सहयोग से ही वह सुख आनंद प्राप्त कर सकता है, पर जीवन का आखिरी समय अत्यन्त कष्ट से व्यतीत होता है।

नासिका के अग्रभाग पर मस्से का होना व्यक्ति को चिड़चिड़ा और अभिमानी बनाता है। कान के सामने वाले भाग के मस्से (दाहिने कान का) व्यक्ति को कुशल व्यापारी बनाता है और (बायें कान का) अच्छा सम्माननीय उच्चपद पर आसीन कराता है। कान के पीछे (दाएं) वाला मस्सा अपराधी/खुराफाती बनाता है। बाएं कान के पीछे वाला व्यक्ति को विदेश यात्राएं कराता है।

माथे पर निकला मस्सा व्यक्ति को कड़े संघर्ष और परिश्रम के उपरान्त सुखी बनाता है।

एक ही स्थान पर एक से अधिक मस्से का कोई फल नहीं होता

वाला मस्सा ही उपरोक्त श्रेणी में आता है। सिर पर होने वाले मस्सों कर कुछ भी फल नहीं बतलाया गया है।

**तिल**

स्त्री के बायें गाल पर तिल होना उसे पति प्रिया बनाता है और वह पूर्ण रूप से खुशी जीवन व्यतीत करती है। दायें गाल का तिल मध्यम पति का प्यार और सुख देता है।

तिल का रंग हल्का नीला होता है। गोरी त्वचा पर ऐसा ही दीखता है। श्यामवर्ण पर नीला और कृष्ण वर्ण पर गाढ़ा काला दीखता है।

पुरुष के गालों पर उपरोक्त दोनों तिल विपरीत फल देते हैं।

ठोढ़ी पर स्त्री का तिल शुभ होता है, पर पुरुष के लिए उसे अस्थायी, चंचल, मनोवृत्ति का बना देता है।

होठों पर का तिल व्यक्ति को मधुरवाणी पर भीतर से बहुत चालाक (मुंह में राम बगल में छूरी) बना देता है।

नासिका के तिल का कोई फल नहीं बतलाया गया है।

आंखों की कोरों, पलकों, भवों का तिल व्यक्ति की आँखों को गिद्ध की आंखों के समान तेज बनाती हैं।

कान के तिल कोई फल नहीं देते हैं।

ग्रीवा (गर्दन) के सम्मुख का तिल व्यक्ति को शक्की बनाता है और पृष्ठ भाग का उसे दृढ़ी और संयमी बनाता है मस्तक का तिल व्यक्ति को समाज में सम्मानित स्थान प्रदान कराता है।

**ग्रीवा**

जिस महिला की गर्दन गोल लंबी सुराहीनुमा हो वह किसी भी वर्ण (रंग) की क्यों न हो, अत्यन्त मिलनसार स्वभाव की तथा चरित्रवान होती है। घर के सभी कार्यों में कुशल तथा स्वभाव

से संतोषी होती है।

स्थूल गर्दन वाली महिला का स्वर कर्कश (कठोर) होता है। स्वभाव से चिड़चिड़ी और झगड़ालू होती है।

साधारण ग्रीवा वाली महिलाओं का व्यवहार और जीवन भी साधारण होता है। ग्रीवा के यह लक्षण पुरुषों पर भी लागू होते हैं।

ग्रीवा में सामने त्रिभुजाकार रूप में निकली हड्डी वाले स्त्री पुरुष उच्च स्वर में बोलने वाले कर्कश और झगड़ालू होते हैं ?

ग्रीवा में सामने का तिल शुभ होता है पर पृष्ठ भाग का अशुभ बताया गया है।

**हाथ**

लंबे पतले हाथ शुभ माने गये हैं। घुटनों को छूने वाले हाथों का स्वामी समाज में सम्मानित स्थान पाता है। हाथों पर अधिक रोम वाली महिला दोहरे स्वभाव की होती है। पल में माशा, पल में तोला वाली होती हैं। स्वार्थ उसके लिए सर्वोपरि होता है। बिना रोम वाली महिला सरल स्वभाव और निर्मल हृदय की होती है। पुरुषों को बाल होना शुभ माना गया है।

सम्मानान्तर कंधे वाला सीधे स्वभाव का होता है।

लंबी छरहरी अंगुलियां महिलाओं की शुभ मानी गयी हैं। पुरुष की ऐसी अंगुलियां उसे भीरू बनाया करती हैं। चमसाकार या चपटी अंगुलियां पुरुष के कठोर होने की सूचक हैं। नौकदार अंगुलियों वाले स्त्री पुरुष स्थिर स्वभाव के माने गये हैं। बाएं कंधे का स्त्री का तिल शुभ जबकि पुरुष का अशुभ होता है। दाहिने कंधे में तिल का भी यही फल वर्णित है। बायें का तिल भी इसी प्रकार यह फलदायक बतालाया गया है। हथेली पर सामने का तिल भाग्यरेखा पर बहुत ही शुभ कहा गया है। पृष्ठ भाग का तिल व्यक्ति को कम खर्चीला बनाता है।

A.H.W. SADHNA SERIES

स्वप्न सुप्त अन्तर्मन की अनिवार्य क्रियाएं हैं। प्रायः यह आगम-सूचक होती है। इसी कारण ज्योतिषशास्त्र में इनका भी महत्व है।

फ्रायड, युंग जैसे मनः शास्त्रियों ने भी सपनों की महता स्वीकार की है।

इस पुस्तक में सभी स्वप्नों का विश्लेषण और उनका फल वर्णित है।

सैकड़ों ज्योतिष ग्रंथों के आधार पर सपनों का विश्लेषण करने वाला एक सम्पूर्ण कोश।

पंडित राकेश शास्त्री

साधना पॉकेट बुक्स